तपागच्छ का इतिहास

भाग १ खण्ड १

लेखक
डॉ० शिवप्रसाद

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी
प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर
२०००

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक-परिचय

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समुदाय में तपागच्छ का स्थान सर्वोपरि है। वि0सं0 1285 में आचार्य जगच्चन्द्रसूरि को आघाटपुर के शासक जैत्रसिंह से 'तपा' विरुद् प्राप्त हुआ। इस आधार पर उनकी शिष्य संतति तपागच्छीय कहलायी। जगच्चन्द्रसूरि से लेकर आज तक इस गच्छ की अविच्छिन्न परम्परा चली आ रही है। इस गच्छ में सुप्रसिद्ध विद्वान् सोमसुन्दरसूरि, अकबर प्रतिबोधक आचार्य हीर-विजयसूरि, महान् विद्वान् उपाध्याय यशोविजय जी आदि हो चुके हैं। आज भी इस परम्परा में बड़ी संख्या में प्रभावक आचार्य एवं विद्वान् मुनिजन विद्यमान हैं। अन्यान्य गच्छों की भांति इस गच्छ से भी समय-समय पर विभिन्न शाखायें अस्तित्व में आयीं। इन सभी का शोधपूर्ण विवरण प्रस्तुत पुस्तक में संग्रहीत है।

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला : १३४
प्राकृत भारती पुष्प : १३८

प्रधान सम्पादक
प्रो० सागरमल जैन
प्रो० भागचन्द्र जैन भास्कर

तपागच्छ का इतिहास

भाग १ खण्ड १

लेखक
डॉ० शिवप्रसाद

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी
प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर
२०००

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला-ग्रन्थांक - १३४
प्राकृत भारती पुष्प-१३८

लेखक	:	डॉ० शिव प्रसाद
पुस्तक	:	तपागच्छ का इतिहास, भाग-१, खण्ड-१.
प्रकाशक	:	पार्श्वनाथ विद्यापीठ, आई०टी०आई० रोड, करौंदी, वाराणसी-२२१००५ प्राकृत भारती अकादमी, १३-ए, मेन मालवीय नगर, जयपुर-३०२०१७
दूरभाष संख्या	:	३१६५२१, ३१८०४६
फैक्स	:	०५४२-३१८०४६
प्रथम संस्करण	:	२००० ई०
मूल्य	:	रू० ५००.००
अक्षर-सज्जा	:	वीज बिजनेस सेन्टर, लहूराबीर, वाराणसी (फोन नं० ३१२३७५)
मुद्रक	:	वर्द्धमान मुद्रणालय, भेलूपुर, वाराणसी
ISBN	:	81-86715-60-6
©	:	पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी

Pārśwanātha Vidyāpītha Series No. 134
Prakrit Bharti Pushpa-138

Title	:	Tapāgaccha Kā Itihās, Vol.-1, Part-1.
Publisher	:	Pārśwanātha Vidyāpītha I.T.I., Road, Karaundi, Varanasi-221005 Prakrit Bharti Academy, 13-A, Main Malviya Nagar, Jaipur-302017
Telephone No.	:	316521, 318046
Fax	:	0542-318046
First Edition	:	2000
Price	:	Rs. 500.00
Type Setting	:	Vee's Business Centre, Lahurabir, Varanasi. Phone-312375
Printed at	:	Vardhaman Mudranalaya, Bhelupur, Varanasi

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समुदाय पूर्व मध्यकाल से ही विभिन्न गच्छों में विभाजित होता रहा। इसमें समय के साथ-साथ विभिन्न नये-नये गच्छ अस्तित्व में आये और नामशेष भी हो गये किन्तु कुछ गच्छ अपने जन्म से लेकर आज भी अविच्छिन्न रूप से चले आ रहे हैं। ऐसे गच्छों में तपागच्छ का स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण है। आचार्य जगच्चन्द्रसूरि को वि०सं० १२८५ में आघाटपुर के शासक जैत्रसिंह से 'तपा' विरुद् प्राप्त हुआ जिसके आधार पर उनकी शिष्यसंतति तपागच्छीय कहलायी। इस गच्छ में देवेन्द्रसूरि, सोमसुन्दरसूरि, मुनिचन्द्रसूरि, अकबर प्रतिबोधक आचार्य हीरविजयसूरि, उनके शिष्य विजयसेनसूरि, प्रशिष्य विजयदेवसूरि, महान् वादी उपा० यशोविजय जी आदि अनेक प्रभावक और विद्वान् आचार्य एवं मुनिजन हो चुके हैं और आज भी बड़ी संख्या में ऐसे मुनिजन विद्यमान हैं। अन्य गच्छों की भांति इस गच्छ से भी समय-समय पर विभिन्न शाखायें निकलीं, जिनमें संविग्नपक्षीय शाखायें आज भी विद्यमान है। ये संविग्नपक्षीय शाखायें भी आज विभिन्न समुदायों में विभक्त हैं और यही तपागच्छ का वर्तमान स्वरूप है।

गच्छों के इतिहास पर अभी तक कोई भी शोध कार्य नहीं हुआ था। संस्थान के प्रवक्ता डॉ० शिवप्रसाद ने इस कमी को पूर्ण करते हुए अनेक वर्षों के सतत् अध्यवसाय के बाद प्रामाणिक ढंग से तपागच्छ सहित विभिन्न गच्छों का इतिहास लिखा है। प्रस्तुत पुस्तक तपागच्छ के इतिहास के प्रथम भाग का प्रथम खंड है। इसके अन्तर्गत लेखक ने तपागच्छ का प्रारम्भ से लेकर २०वीं शताब्दी तक के इतिहास को व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया है। इसके प्रकाशन सम्बन्धी कार्यों की जिम्मेदारी विद्यापीठ के ही प्रवक्ता डॉ० विजय कुमार जैन ने वहन की है अतः हम उनके भी आभारी हैं।

अन्त में हम सुन्दर अक्षर सज्जा के लिये बीज बिजनेस सेन्टर, महामण्डल नगर, लहुराबीर, वाराणसी और मुद्रण के लिये वर्धमान मुद्रणालय, भेलूपुर, वाराणसी के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं।

देवेन्द्र राज मेहता
मंत्री
प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

भूपेन्द्र नाथ जैन
मंत्री
पार्श्वनाथ विद्यापीठ,
वाराणसी

दिनाङ्क : २३.१२.२०००

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपनी बात

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय का इतिहास वस्तुतः समय-समय पर उद्भूत विभिन्न गच्छों का ही इतिहास है। ई० सन् की ११वीं शताब्दी से गच्छों का अभ्युदय माना जाता है। बृहद्गच्छ प्राचीनतम गच्छों में एक है। इस गच्छ से समय-समय पर विभिन्न गच्छों का उदय हुआ, वे विकसित हुए और समय के साथ-साथ नामशेष भी हो गये। बृहद्गच्छ का समकालीन चैत्रगच्छ भी है। यह चैत्रपुर (चित्तौड़?) नामक स्थान में अस्तित्व में आया प्रतीत होता है। बृहद्गच्छीय आचार्य जगच्चन्द्रसूरि ने अपने गच्छ में व्याप्त शिथिलाचार को देखकर चैत्रगच्छीय आचार्य भुवनचन्द्रसूरि के शिष्य देवभद्रगणि से उपसम्पदा ग्रहण कर ली और उग्र तपश्चर्या में संलग्न हो गये जिससे प्रभावित होकर आघाटपुर के शासक जैत्रसिंह ने वि०सं० १२८५ में उन्हें **'तपा'** विरुद प्रदान किया। जगच्चन्द्रसूरि की शिष्य-संतति उक्त आधार पर तपागच्छीय कहलायी। इस गच्छ में समय-समय पर न केवल अनेक प्रभावक और विद्वान् गच्छपति, आचार्य एवं मुनिजन हुए, बल्कि यह कहते हुए गौरव का अनुभव होता है कि आज भी इसमें बड़ी संख्या में शासनप्रभावक और विद्वान् आचार्य एवं मुनिजन विद्यमान हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह गच्छ न केवल जीवन्त रूप में आज दिखाई देता है बल्कि इसके प्रभाव में उत्तरोत्तर वृद्धि होती जा रही है। इसी गौरवशाली तपागच्छ का सम्यक्, प्रामाणिक एवं सुव्यवस्थित विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में सन्निहित है।

तपागच्छ के इतिहास के प्रथम भाग के प्रथम खण्ड में प्रारम्भ से लेकर २०वीं शताब्दी तक तपागच्छीय आचार्य परम्परा और उसकी विभिन्न शाखाओं का इतिहास दिया गया है। इसके दूसरे खण्ड - तपागच्छीय मुनिजनों की साहित्य सेवा-के अन्तर्गत इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों द्वारा प्रणीत रचनाओं को रचनाकारों के अकारादिक्रम से प्रस्तुत किया गया है। यह खण्ड भी अतिशीघ्र विद्वानों के सम्मुख प्रस्तुत होगा।

इस अवसर पर संक्षेप में इस ग्रन्थ के प्रारूप और इसमें विवेचित सामग्री पर प्रकाश डालना उपयुक्त होगा। किसी भी गच्छ के इतिहास के अध्ययन के मूल स्रोत के रूप में उससे सम्बद्ध रचनाकारों के कृतियों में दी गयी प्रशस्तियाँ, उनकी प्रेरणा से या स्वयं उनके द्वारा प्रतिलिपि किये गये ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ, विवेच्य गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित की गयी जिनप्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों और सम्बद्ध गच्छ की पट्टावलियों का उपयोग अपरिहार्य है। तपागच्छ के इतिहास के अध्ययन के सम्बन्ध में भी ठीक यही बात कही जा सकती है। हमारे पास इस गच्छ के उक्त तीनों प्रकार के साक्ष्य अत्यधिक संख्या में उपलब्ध हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में उन सब का सम्यक् उपयोग किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ का वर्तमान इतिहास वस्तुतः तपागच्छीय संविग्न परम्परा का ही इतिहास है। इस गच्छ में ये तीन संविग्न परम्परायें अस्तित्व में आयीं - १. विजयसंविग्न परम्परा, २. सागरसंविग्न परम्परा और ३. विमलसंविग्न परम्परा। उक्त तीनों संविग्न परम्परायें प्रारम्भ में मूल तपागच्छीय परम्परा की अनुगामी थी। धीरे-धीरे जब मूल परम्परा में क्रियाशील मुनिजनों की संख्या घटने लगी तब संविग्न परम्पराके मुनिजनों ने उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया और उनकी स्वतंत्र आचार्य परम्परा चलने लगी। तपागच्छीय संविग्न परम्परा आज निम्नलिखित समुदायों में विभक्त है:

१. पंन्यास श्री धर्मविजयजी महाराज - (डहेलावाला) का समुदाय
२. शासनसम्राट् श्री विजयनेमिसूरि का समुदाय
३. बुद्धिसागरसूरि का समुदाय
४. आनन्दसागरसूरि का समुदाय
५. विजयसिद्धिसूरि (बापजी महाराज) का समुदाय
६. विजयनीतिसूरि का समुदाय
७. विजयमोहनसूरि का समुदाय
८. विजयलब्धिसूरि का समुदाय
९. विजयवल्लभसूरि का समुदाय
१०. विजयकेशरसूरि का समुदाय
११. विजयकनकसूरि (बागड़) का समुदाय
१२. विजयप्रेमसूरि का समुदाय
१३. विजयभक्तिसूरि का समुदाय
१४. विजयशांतिचन्द्रसूरि का समुदाय
१५. हालारदेशोद्धारक विजयअमृतसूरि का समुदाय
१६. मोहनलालजी महाराज का समुदाय
१७. श्रीसौधर्मबृहद्तपागच्छ अपरनाम त्रिस्तुतिक समुदाय

त्रिस्तुतिक समुदाय को छोड़कर उक्त सभी समुदाय का नामकरण समुदायप्रवर्तक आचार्यों के नाम पर ही हुआ है। इन सभी समुदायों में हो चुके पट्टधरों एवं सभी आचार्यों के जन्म , दीक्षा, आचार्यपद प्राप्ति, स्वर्गारोहण, स्वदीक्षित शिष्य, साहित्यनिर्माण, साहित्य सेवा एवं जीवन की विशिष्ट कार्यकलापों आदि की पूर्ण जानकारी जब तक प्राप्त नहीं हो पाती तब तक इन सभी के विषय में प्रामाणिक रूप से कुछ भी लिख पाना कठिन है। अभी हाल के वर्षों में श्री नन्दलाल देवलुक द्वारा सम्पादित **शासनप्रभावक श्रमण भगवंतो** नामक पुस्तक दो भागों में प्रकाशित हुई है। इसके द्वितीय भाग में उपरोक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुदायों के कुछ प्रमुख आचार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने का प्रयास किया गया है, परन्तु इससे वे सभी बातें ज्ञात नहीं हो पाती जिनकी प्रामाणिक इतिहास लेखन के सम्बन्ध में आवश्यकता होती है। एक पट्टधर आचार्य के कितने शिष्य हुए, उन्होंने कितने आचार्य बनाये और कहाँ-कहाँ प्रतिष्ठा आदि करवायी, उनके द्वारा की गयी साहित्य सेवा आदि उपयोगी सूचनाओं का उसमें अत्यन्त संक्षिप्त और अपूर्ण विवरण है। ऐसी स्थिति में उसे आधार बना कर लिखा गया इतिहास भी अपूर्ण ही होगा।

संविग्न परम्परा के इतिहास के अध्ययन के सम्बन्ध में यह भी अनुभव हुआ कि देश के विभिन्न भागों में चातुर्मास या उसके पश्चात् मुनिजनों से वहाँ जाकर सम्पर्क कर पाना कठिन, समयसाध्य एवं व्ययसाध्य होने से अव्यावहारिक है, साथ ही उनसे आवश्यक सामग्री का प्रामाणिक एवं परिपूर्ण रूप में मिल पाना भी सरल नहीं है।

संविग्न परम्परा के इतिहास के अध्ययन का एक ही सुगम उपाय हो सकता है और वह यह कि प्रत्येक समुदाय के गच्छाधिपति आचार्य अपने-अपने अधीनस्थ किन्हीं विद्वान् मुनिजनों को अपने-अपने समुदाय की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान समय तक के प्रत्येक पट्टधर आचार्यों के परिचय एवं उपलब्धियाँ, उनके शिष्य परिवार आदि का विवरण इतिहास के रूप में प्रस्तुत करने का कार्य सौंपें। यह कार्य उनके लिये उसी प्रकार सरल होगा जिस प्रकार किसी शिक्षित व्यक्ति द्वारा अपने परिवार की कतिपय पीढ़ियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना।

प्रस्तुत शोध योजना के अन्तर्गत तपागच्छ के संविग्न-परम्परा के इतिहास लेखन में मैंने आवश्यक सामग्री के संकलन हेतु विभिन्न समुदायों के आचार्यों से सम्पर्क करने का प्रयास किया, किन्तु दो-तीन समुदायों को छोड़कर अन्य समुदायों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध नहीं हो पायी। ऐसी स्थिति में संविग्न परम्परा के मात्र कुछ समुदायों के पट्टधरों का संक्षिप्त विवरण देना उचित नहीं लगा। सुप्रसिद्ध विद्वान् प्रो० एम०ए०ढांकी और महोपाध्याय विनयसागरजी भी हमारे इस विचार से सहमत दिखे।

संविग्न परम्परा की प्रत्येक शाखाओं में विगत १००-१५० वर्षों में अनेक विद्वान् और प्रभावशाली आचार्य एवं मुनिजन हो चुके हैं और आज भी हैं। इन सभी के द्वारा की गयी साहित्यसेवा, ग्रन्थलेखन आदि का कीर्तिमान स्थापित हो चुका है। आचार्य आत्माराम जी अपरनाम विजयानन्दसूरिजी महाराज, शासनसम्राट विजयनेमिसूरि, विजयधर्मसूरि, विजयराजेन्द्रसूरि, बुद्धिसागरसूरि, सागरानन्दसूरि, विजयसिद्धिसूरि, विजयलब्धिसूरि, विजययतीन्द्रसूरि, विजयवल्लभसूरि, मुनि विद्याविजयजी, विजयेन्द्रसूरि, मुनि पुण्यविजयजी आदि अनेक विद्वान् मुनिजन इस काल में हो चुके हैं और आज भी विभिन्न विद्वान् आचार्य एवं मुनिजन विद्यमान हैं जिनकी साहित्यिक एवं अन्य उपलब्धियों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तथा उनकी शिष्य-संतति आदि का विस्तृत विवरण इतिहास की दृष्टि से समाज के समक्ष रखा जाना अपरिहार्य है।

प्रो० एम०ए०ढ़ांकी, शोध निदेशक, अमेरिकन इस्ट्रिट्यूट ऑफ इन्डियन स्टडीज, वाराणसी (वर्तमान में गुड़गांव-हरियाणा) की प्रेरणा एवं सहयोग तथा प्रो० सागरमल जैन के निर्देशन में पार्श्वनाथ विद्यापीठ की सेवा में रहते हुए मैंने श्वेताम्बर गच्छों के इतिहास लेखन का कार्य प्रारम्भ किया और निर्बाध रूप से पिछले १० वर्षों में इस कार्य को एक सीमा तक पूर्ण करने का प्रयास किया, जिसका एक बड़ा भाग देश की प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं - *निर्ग्रन्थ* (अहमदाबाद), *सामीप्य* (अहमदाबाद), *तुलसीप्रज्ञा* (लाडनूं), *तित्थयर* (कलकत्ता), *शोधादर्श* (लखनऊ), *संस्कृतिसंधान* (वाराणसी), *श्रमण* (वाराणसी) के अलावा विभिन्न अभिनन्दन ग्रन्थों एवं स्मारिकाओं आदि में प्रकाशित हो चुका है तथापि अभी आधे से भी अधिक सामग्री अप्रकाशित ही पड़ी हुई है।

पूर्व में गच्छों के इतिहास का प्रकाशन प्रो०एम०ए०ढ़ांकी और प्रो० सागरमल जैन के निर्देशन में पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी और शारदाबेन चिमनभाई एज्युकेशनल रिसर्च सेन्टर, अहमदाबाद के संयुक्त तत्त्वावधान में होना निश्चित् हुआ था, परन्तु अब यह इतिहास अलग-अलग खण्डों में पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी और प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर द्वारा संयुक्त रूप में प्रकाशित होने जा रहा है। इस क्रम में सर्वप्रथम तपागच्छ का इतिहास, भाग-१, खण्ड-१ विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है।

तपागच्छ के इतिहास के लेखन एवं संशोधन में मुझे प्रो० एम०ए०ढ़ांकी, प्रो० सागरमल जैन, साहित्य महारथी श्री भंवरलालजी नाहटा, महोपाध्याय विनयसागर जी आदि से जो सहयोग मिला उसके लिये आभार व्यक्त करने के लिये मेरे पास शब्द नहीं हैं। विनयसागर जी ने इस पुस्तक की पाण्डुलिपि के एक-एक शब्द को पढ़ा और उसमें यथावश्यक संशोधन किये, एतदर्थ हम उनके विशेष कृतज्ञ है।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन का पूर्ण श्रेय प०पू० आचार्य राजयशसूरीश्वर जी म०सा०; प्रो० भागचन्द्र जैन, निदेशक, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी और महो० विनयसागर जी, जयपुर को है, अतः मैं इन सभी का हृदय से आभारी हूँ।

शिवप्रसाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ का इतिहास

भाग १ : खंड १

विषय-सूची

प्रकाशकीय			
अपनी बात			I-IV
अध्याय १	-	गच्छों के मूल स्रोत	१
अध्याय २	-	तपागच्छ का इतिहास : जगच्चन्द्रसूरि से मुनिसुन्दरसूरि तक	६
अध्याय ३	-	रत्नशेखरसूरि से २०वीं शती तक	४६
अध्याय ४	-	तपागच्छ की शाखायें--	
	(१)	बृहद्पौशालिकशाखा	२१९
	(२)	कमलकलशशाखा	२५९
	(३)	कुतुबपुराशाखा	२६६
	(४)	लघुपौशालिकशाखा	२७०
	(५)	सागरशाखा	२७९
	(६)	विजयाणंदसूरिशाखा	२८९
	(७)	राजविजयसूरिशाखा अपरनाम रत्नशाखा	३०२
	(८)	विमलशाखा	३१६
		सहायक ग्रन्थ सूची	३२२

आवरण चित्र – आचार्य हीरविजयसूरि और सम्राट अकबर
जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास से साभार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - १

गच्छों के इतिहास के मूलस्त्रोत

किसी भी धर्म अथवा सम्प्रदाय के इतिहास के अध्ययन के स्त्रोत के रूप में साहित्यिक और पुरातात्विक साक्ष्यों का अध्ययन अपरिहार्य है। प्राक् मध्य युग में निग्रन्थ दर्शन के श्वेताम्बर आम्नाय में समय-समय पर उद्भूत विभिन्न गच्छों और उनसे निःसृत (उत्पन्न) शाखाओं-उपशाखाओं के इतिहास के अध्ययन के सम्बन्ध में भी ठीक यही बात कही जा सकती है।

गच्छों के इतिहास से सम्बद्ध साहित्यिक साक्ष्यों को मुख्य रूप से दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, प्रथम ग्रन्थ या पुस्तक प्रशस्तियाँ और द्वितीय विभिन्न गच्छों के मुनिजनों द्वारा रची गयी अपने-अपने गच्छों की पट्टावलियाँ।

प्रशस्तियाँ

पुस्तकों के साथ सम्बन्ध रखने वाली प्रशस्तियाँ दो प्रकार की होती हैं। इनमें से एक तो वे हैं जो ग्रन्थों के अन्त में उनके रचयिताओं द्वारा बनायी गयी होती हैं। इनमें मुख्य रूप से रचनाकार द्वारा गण-गच्छ तथा अपने गुरु-प्रगुरु आदि का उल्लेख होता है। किन्हीं प्रशस्तियों में रचनाकाल और रचनास्थान का भी निर्देश होता है। किसी-किसी प्रशस्ति में तत्कालीन शासक या किसी बड़े राज्याधिकारी का नाम और अन्यान्य ऐतिहासिक सूचनायें भी मिल जाती हैं। कुछ प्रशस्तियाँ छोटी दो-चार पंक्तियों की और कुछ बड़ी होती हैं। इन प्रशस्तियों द्वारा भिन्न-भिन्न गण-गच्छों के जैनाचार्यों की गुरु-परम्परा , उनका समय, उनका कार्य क्षेत्र और उनके द्वारा की गयी समाजोत्थान एवं साहित्य सेवा का संकलन कर उनकी परम्पराओं का अत्यन्त प्रामाणिक इतिहास तैयार किया जा सकता है।

दूसरे प्रकार की प्रशस्तियाँ वे हैं जो प्रतिलिपि किये गये ग्रन्थों के अन्त में लिखी होती हैं। ये भी दो प्रकार की होती हैं। प्रथम वे जो किन्हीं मुनिजनों या श्रावक द्वारा स्वयं के अध्ययनार्थ लिखी गयी होती हैं और दूसरी वे जो श्रावकों द्वारा स्वयं के अध्ययनार्थ या किन्हीं मुनिजनों के भेंट देने हेतु दूसरों से (लोहिया से) द्रव्य देकर लिखवाई जाती हैं।

गच्छों के इतिहास की सामग्री की दृष्टि से ये प्रशस्तियाँ राजाओं के दान पत्रों और मन्दिरों के शिलालेखों के समान ही महत्त्वपूर्ण हैं। तथ्य की दृष्टि से इनमें कोई अन्तर नहीं होता; अन्तर यही है कि केवल एक पाषाण या ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण होता है तो दूसरा ताड़पत्र या कागजों पर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुजरात के पाटण, खम्भात, अहमदाबाद, बड़ौदा और लिम्बडी; राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, कोटा आदि तथा भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टिट्यूट, पूणे के ग्रन्थ भण्डारों में जैन ग्रन्थों का विशाल संग्रह विद्यमान है। पीटरसन, मुनि जिनविजय जी, मुनि पुण्यविजय जी, श्री चिमनलाल डाह्याभाई दलाल, पण्डित लालचन्द भगवानदास गांधी, प्रो० हीरालाल रसिकलाल कापड़िया, पण्डित अम्बालाल प्रेमचन्द्र शाह, डॉ० विधात्री वोरा, श्री जौहरीमल पारेख आदि विद्वानों के अथक परिश्रम से उक्त भण्डारों के विस्तृत सूची पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इनका विवरण इस प्रकार है:

1. P.Peterson, *Operation in Search of Sanskrit Mss in the Bombay Circle,* Vol.I-VI, Bombay 1882-1898 A.D.

2. C.D. Dalal, *A Descriptivie Catalogue of Manuscripts in the Jain Bhandaras at Pattan,* Vol. I, G.O.S. No. LXXVI, Baroda, 1937.

3. H.R.Kapadia, *Descriptive Catalogue of the Government Collections of Manuscripts deposited at the Bhandarkar Oriental Research Institute,* Vol. XVII-XIX, Poona 1935-1977.

4. Muni Punya Vijaya, *Catalogue of Palm Leaf Mss. in the Shanti Natha Jaina Bhandar, Cambay,* Vol. I, II, G.O.S., No. 139, 149, Baroda 1961-1966 A.D.

5. A.P.Shah, *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss. Muni Shree Punya Vijayajis collection,* Vol, I, II, III, L.D. Series No. 2, 6, 15, Ahmedabad, 1962, 1965, 1968 A.D.

6. A.P. Shah, *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss. Ac. Vijayadevasuris and Ac. Ksantisuris collection,* Part IV., L.D. Series, No. 20, Ahmedabad, 1968 A.D.

7. Muni Punya Vijaya, *New Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss: Lesalmer collection,* L.D. Series no.36, Ahmedabad, 1972 A.D.

8. Vidhatri Vora, *Catalogue of Gujarati Mss in the Muniraj Shree Punya Vijayaji's collection,* L.D. Series No. 71, Ahmedabad, 1978 A.D.

९. अमृतलाल मगनलाल शाह, सम्पा०-**श्रीप्रशस्तिसंग्रह,** श्री जैन साहित्य प्रदर्शन, श्रीदेशविरति धर्माराजक समाज, अहमदाबाद वि०सं० १९९३.

१०. मुनि जिनविजय, सम्पा०-**जैनपुस्तकप्रशस्तिसंग्रह,** सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक १८, भारतीय विद्याभवन, मुम्बई १९४३ ई०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पट्टावलियाँ

इतिहास लेखन में अन्यान्य साधनों की भाँति पट्टावलियों का महत्वपूर्ण स्थान है। श्वेताम्बर जैन मुनिजनों ने इनके माध्यम से इतिहास की महत्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की है। शिलालेख, प्रतिमा लेख और प्रशास्तियों से केवल हम इतना ही ज्ञात कर पाते हैं कि किस काल में किस मुनि ने क्या कार्य किया। अधिक से अधिक उस समय के शासक एवं मुनि के गुरु-परम्परा का ही परिचय मिल जाता है। किन्तु पट्टावली में अपनी परम्परा से सम्बन्धित पट्ट परम्परा का पूर्ण परिचय होता है। इनमें किसी घटना विशेष के सम्बन्ध में अथवा किसी आचार विशेष के सम्बन्ध में प्रायः अतिशयोक्तिपूर्ण विवरण ही मिलते हैं। अतः ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से इनकी उपयोगिता पर पूर्णरूपेण विश्वास नहीं किया जा सकता। चूंकि इनके संकलन या रचना में किम्वदन्तियों एवं अनुश्रुतियों के साथ-साथ कदाचित् तत्कालीन रास-गीत-सज्झाय आदि का भी उपयोग किया जाता है इसीलिए इनके विवरणों पर पूर्णतः अविश्वास भी नहीं किया जा सकता है और इनके उपयोग में अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है।

पट्टावलियाँ मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं। प्रथम शार्खीय पट्टावली और दूसरी विशिष्ट पट्टावली। प्रथम प्रकार में सुधर्मा स्वामी से लेकर देवर्धिगणि क्षमा श्रवण तक का विवरण मिलता है। **कल्पसूत्र** और **नन्दीसूत्र** की पट्टावलियाँ इसी कोटि में आती हैं। गच्छ भेद के बाद विविध पट्टावलियाँ विशिष्ट पट्टावली की कोटि में रखी जा सकती हैं। इनकी अपनी-अपनी विशिष्टताएँ होती है।

पट्टावलियों में मुख्य रूप से पट्टधर आचार्यों का ही विवरण मिलता है। अन्य आचार्यों का नहीं। कहीं-कहीं प्रसंगवश उनके गुरुभ्राताओं का भी नामोल्लेख मिल जाता है। इनके द्वारा ही आचार्य परम्परा अथवा गच्छ का क्रमबद्ध पूर्ण विवरण प्राप्त होता है, जो इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। श्वेताम्बर परम्परा में विभिन्न गच्छों की जो पट्टपरम्परा मिलती है, उसका श्रेय पट्टावलियों को ही है।

अन्यान्य गच्छों की भाँति तपागच्छ के इतिहास के अध्ययन हेतु इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों द्वारा समय-समय पर रचित विभिन्न पट्टावलियाँ मिलती हैं। मुनि दर्शनविजय ने इस गच्छ की कुछ पट्टावलियों को **पट्टावलीसमुच्चय** में प्रकाशित किया है।

इसी प्रकार श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई द्वारा प्रणीत **जैनगूर्जरकविओं** और मुनि जिनविजय द्वारा सम्पादित **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह** तथा मुनि कल्याणविजय द्वारा सम्पादित **पट्टावलीपरागसंग्रह** में इस इस गच्छ की पट्टावलियां दी गयी हैं। प्रस्तुत पुस्तक में इन सभी का यथास्थान उपयोग किया गया है।

अभिलेखीयसाक्ष्य

श्वेताम्बर सम्प्रदाय के विभिन्न गच्छों से सम्बद्ध अभिलेखिय साक्ष्य मुख्य रूप से दो प्रकार के हैं-१. प्रतिमालेख, २. शिलालेख।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धातु या पाषाण की अनेक जिनप्रतिमाओं के पृष्ठ भाग या आसनों पर लेख उत्किर्ण होते हैं। इसी प्रकार विभिन्न तीर्थ स्थलों पर निर्मित जिनालयों से अनेक शिलालेख भी प्राप्त हुए हैं। इन लेखों में प्रतिमा प्रतिष्ठापक या प्रतिमा के प्रतिष्ठा हेतु प्रेरणा देने वाले मुनि का नाम होता है तो किन्हीं-किन्हीं लेखों में उनके पूर्ववर्ती दो-चार मुनिजनों के भी नाम मिल जाते हैं। किन्हीं-किन्हीं लेखों में तत्कालीन शासक का भी नाम मिल जाता है। इतिहास लेखन में उक्त साक्ष्यों का बड़ा महत्व है।

शिलालेखों में सामान्य रूप से जिनालयों के निर्माण, पुर्ननिर्माण, जीर्णोद्धार आदि कराने वाले श्रावक का नाम, उसके कुटुम्ब एवं जाति आदि का परिचय, प्रेरणा देने वाले मुनिराज का नाम, उनके गच्छ का नाम, उनकी गुरु-परम्परा में हुए पूर्ववर्ती दो-चार मुनिजनों का नाम, शासक का नाम, तिथि आदि का सविस्तार परिचय दिया हुआ होता है।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय से सम्बद्ध अभिलेखों के विभिन्न संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इनका विवरण इस प्रकार है-

जैनलेखसंग्रह, भाग १-३; सम्पा०-पूरनचंद नाहर, कलकत्ता १९१८, १९२७, १९२९ ई०।

प्राचीनजैनलेखसंग्रह, भाग १-२; सम्पा०-मुनि जिनविजय, जैन आत्मानन्द सभा, भाव नगर १९२१ ई०।

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग १-२, सम्पा०-आचार्य बुद्धिसागरसूरि, श्री अध्यात्म ज्ञानप्रसारक मण्डल, पादरा १९२४ ई०।

प्राचीनलेखसंग्रह, संग्रा०-आचार्य विजयधर्मसूरि, सम्पा०-मुनि विद्याविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९२९ ई०।

अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह, (आबू, भाग २) सम्पा०-मुनि जयन्तविजय, विजयधर्मसूरी ज्ञानमन्दिर, उज्जैन वि०सं० १९९४।

अर्बुदचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह, (आबू, भाग ५), सम्पा०-मुनि जयन्तविजय, यशोविजय जैनग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं०२००५।

जैनधातुप्रतिमालेख, सम्पा०-मुनिकांतिसागर, श्रीजिनदत्तसूरी ज्ञानभण्डार, सूरत १९५० ई०।

प्रतिष्ठालेखसंग्रह, सम्पा०-महोपाध्याय विनयसागर, सुमतिसदन, कोटा १९५३ ई०।

बीकानेरजैनलेखसंग्रह, सम्पा-अगरचंद नाहटा एवं श्री भंवरलाल नाहटा, नाहटा ब्रदर्स, ४ जगमोहन मल्लिक लेन, कलकत्ता १९५५ई०।

श्रीप्रतिमालेखसंग्रह, सम्पा०-श्रीदौलतसिंह लोढा "अरविन्द" धामणिया, मेवाड़ १९५५ ई०।

राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह, सम्पा०-मुनि विशालविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९६० ई०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शत्रुंजयगिरिराजदर्शन, सम्पा०-मुनि कंचनसागर, कपडवज १९८३ ई०।

शत्रुंजयवैभव, सम्पा०-मुनि कान्तिसागर, कुशलसंस्थान, पुष्प ४, जयपुर १९९० ई०।

नाकोड़पार्श्वनाथतीर्थ-सम्पा० विनय सागर जी।

बाड़मेरजिलेकेप्राचीनजैनशिलालेख, संग्रा०-सम्पा०-चम्पालाल सालेचा, प्रकाशक-जैन श्वे०नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ, पो०मेवानगर, जिला-बाड़मेर, राजस्थान।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - २

तपागच्छ का इतिहास

भाग-१, खंड -१

(आचार्य जगच्चन्द्रसूरि से आचार्य मुनिसुन्दरसूरि तक)

निर्ग्रन्थ परम्परा के श्वेताम्बर आम्नाय के गच्छों में तपागच्छ का स्थान आज तो सर्वोपरि जैसा है। इस गच्छ की परम्परानुसार बृहद्गच्छीय आचार्य मणिरत्नसूरि के शिष्य जगच्चन्द्रसूरि हुए, जिन्होंने अपने गच्छ में व्याप्त शिथिलाचार के कारण चैत्रगच्छीय आचार्य धनेश्वरसूरि के प्रशिष्य और भुवनचन्द्रसूरि के शिष्य देवभद्रगणि के पास उपसम्पदा ग्रहण की एवं १२ वर्षों तक निरंतर आयंबिल तप किया जिससे प्रभावित होकर आघाटपुर के शासक जैत्रसिंह ने उन्हें वि०सं० १२८५/ई०स० १२२९ में 'तपा' विरुद् प्रदान किया। आगे चलकर उनकी शिष्य संतति तपागच्छीय कहलायी।[1]

तपागच्छ में आचार्य देवेन्द्रसूरि, विजयचन्द्रसूरि, धर्मघोषसूरि, सोमप्रभसूरि, सोमतिलकसूरि, देवसुन्दरसूरि, सोमसुन्दरसूरि, मुनिसुन्दरसूरि, हेमविमलसूरि, आनन्दविमलसूरि, विजयदानसूरि, हीरविजयसूरि, विजयसेनसूरि, विजयदेवसूरि, उपा० यशोविजय जी तथा वर्तमानयुग में आचार्य विजयानन्दसूरि, आचार्य विजयधर्मसूरि, शासनसम्राट आचार्य विजयनेमिसूरि, आचार्य नेमिसूरि, आचार्य सागरानन्दसूरि, आचार्य बुद्धिसागरसूरि, आचार्य विजयसिद्धिसूरि, आचार्य लब्धिसूरि, आचार्य विजयवल्लभसूरि आदि अनेक विद्वान् और प्रभावक मुनिजन हो चुके हैं तथा आज भी अनेक प्रभावशाली और साहित्यरसिक मुनिजन विद्यमान हैं। इन्होंने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं, ज्ञानभंडारों की स्थापना, तीर्थयात्रा, तीर्थक्षेत्रों के जीर्णोद्धार एवं जिनप्रतिमाओं की प्रतिष्ठा आदि कार्यों द्वारा पश्चिमीभारत विशेषकर महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं दिल्ली और पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज को जीवन्त एवं समुन्नत बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है जो आज भी जारी है।

अन्य गच्छों की भाँति तपागच्छ से भी समय-समय पर विभिन्न उपशाखाओं का प्रादुर्भाव हुआ, जिनमें बृहद्पौशालिकशाखा, कमलकलशशाखा, कुतुबपुराशाखा, लघुपौशालिक अपरनाम सोमशाखा, राजविजयसूरिशाखा अपरनाम रत्नशाखा, सागरशाखा, विमलशाखा, विजयशाखा आदि प्रमुख हैं।

तपागच्छ के इतिहास के अध्ययन में स्रोत के रूप में इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा रचित ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ, उनकी प्रेरणा से या स्वयं उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तकों की प्रतिलिपि या दाता प्रशस्तियाँ तथा बड़ी संख्या में पट्टावलियां मिलती हैं[2]। इसी प्रकार इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित बहुत बड़ी संख्या में सलेख जिनप्रतिमायें भी प्राप्त हुई हैं, जो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १४४७ से लेकर वर्तमान युग तक की है। प्रस्तुत पुस्तक में इनमें से महत्त्वपूर्ण और आवश्यक साक्ष्यों का उपयोग करते हुए इस गच्छ के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

तपागच्छ का उल्लेख करने वाले प्रारम्भिक साक्ष्यों में इस गच्छ के आदिपुरुष जगच्चन्द्रसूरि के (शिष्य एवं) पट्टधर देवेन्द्रसूरि द्वारा रचित कृतियों की प्रशस्तियां द्रष्टव्य हैं। **नव्यपंचकर्मग्रन्थसटीक**[1] की प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है जो इस प्रकार है:

जगच्चन्द्रसूरि (**तपा** विरुद्धारक)
|
देवेन्द्रसूरि (**नव्यपंचकर्मग्रन्थसटीक** के कर्ता)

सुदर्शनाचरित की प्रशस्ति[2] में उनके द्वारा दी गयी गुरु-परम्परा निम्नानुसार है:

चैत्रगच्छीय भुवनचन्द्रसूरि
|
देवभद्र (गणि) सूरि
|
जगच्चन्द्रसूरि
|
देवेन्द्रसूरि (**सुदर्शनाचरित** के रचनाकार) — विजयचन्द्रसूरि

देवेन्द्रसूरि के गुरुभ्राता विजयचन्द्रसूरि के शिष्य क्षेमकीर्ति द्वारा रचित बृहत्कल्पवृत्ति की प्रशस्ति में रचनाकार ने जगच्चन्द्रसूरि को देवेन्द्रसूरि और विजयचन्द्रसूरि के गुरुभाई के रूप में उल्लिखित करते हुए इन्हें देवभद्रसूरि का शिष्य कहा है:

धनेश्वरसूरि
|
भुवनचन्द्रसूरि
|
देवभद्रसूरि
|
जगच्चन्द्रसूरि — देवेन्द्रसूरि — विजयचन्द्रसूरि
|
वज्रसेन — पद्मचन्द्र — क्षेमकीर्ति (वि०सं० १३३२ में **बृहत्कल्पसूत्रवृत्ति** के रचनाकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छीय आचार्य देवसुन्दरसूरि के एक शिष्य गुणरतसूरि द्वारा रचित विभिन्न कृतियां मिलती हैं। वि०सं० १४६६ में रचित **गुरुपर्वक्रमविवरण**[३४] में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार बतलायी है:



गुरुपर्वक्रमविवरण के अनुसार जगच्चन्द्रसूरि ने शिथिलाचार को देखते हुए चैत्रगच्छीय देवभद्रगणि से उपसम्पदा ग्रहण कर ली। देवभद्रसूरि के गुरु कौन थे? इस बारे में गुणरत्नसूरि ने कोई चर्चा नहीं की है, किन्तु जैसा कि ऊपर देवेन्द्रसूरि कृत **सुदर्शनाचरित** और क्षेमकीर्तिकृत **बृहदकल्पवृत्ति** की प्रशस्तियो में हम देख चुके हैं देवभद्रसूरि के प्रगुरु और गुरु का नाम भी उन्होंने दिया है।

शान्तिनाथ जैनभंडार, खंभात में संरक्षित **पाक्षिकप्रतिक्रमणसूत्र** की चूर्णि और वृत्ति की वि०सं०१२९६ में लिखी गयी प्रति की प्रशस्ति के अनुसार देवेन्द्रसूरि और विजयचन्द्रसूरि ने उपा० देवभद्रगणि के व्याख्यान के प्रभाव से उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि करायी।[३५]

उक्त प्रशस्ति से क्षेमकीर्ति का यह मत पुष्ट होता दिखाई देता है कि देवेन्द्रसूरि और विजयचन्द्रसूरि देवभद्रगणि के शिष्य थे न कि जगच्चन्द्रसूरि के। इस प्रकार जगच्चन्द्रसूरि, देवेन्द्रसूरि और विजयचन्द्रसूरि को परस्पर गुरु भ्राता और इन्हें देवभद्रगणि का शिष्य मानने में कोई बाधा नहीं दिखाई देती। कनिष्ठ गुरुभ्राता भी अपने ज्येष्ठ गुरुभ्राता का पट्टधर हो सकता है, यह बात **गुरुपर्वक्रम** से भलीभाँति स्पष्ट हो जाती है।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि जगच्चन्द्रसूरि मूलत: बृहद्गच्छीय थे। बाद में अपने गच्छ में व्याप्त शिथिलाचार से क्षुब्ध होकर उन्होंने चैत्रगच्छीय देवभद्रगणि से उपसम्पदा ग्रहण की और साधना में लीन हो गये। बाद में उन्हें जब **तपा** विरुद् मिला, तो उनके पट्टधरों की परम्परा **तपागच्छ** के नाम से विख्यात् हुई, अन्यथा ये चैत्रगच्छ के होते और स्वाभाविक रूप से चैत्रगच्छीय ही कहे जाते। देवभद्रसूरि के अन्य शिष्यों से चैत्रगच्छ की परम्परा आगे बढ़ी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जगच्चन्द्रसूरि :

जैसा कि प्रारम्भ में हम देख चुके हैं, आचार्य जगच्चन्द्रसूरि इस गच्छ के आदि पुरुष माने जाते हैं। इनके द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है। जगच्चन्द्रसूरि के दो प्रमुख शिष्य थे-देवेन्द्रसूरि और विजयचन्द्रसूरि। गुरु के निधनोपरान्त देवेन्द्रसूरि उनके पट्टधर बने। ये अपने समय के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। इन्होंने अपनी कृतियों में अपनी गुरु-परम्परा तथा कुछ में अपने साहित्यिक सहयोगी के रूप में अपने कनिष्ठ गुरुभ्राता विजयचन्द्रसूरि[४] का उल्लेख किया है।

देवेन्द्रसूरि ने विशेष रूप से गुजरात और मालवा में विहार किया। वि०सं० १३०२ में उज्जैन में इन्होंने वीरधवल नामक एक श्रेष्ठीपुत्र को दीक्षित कर उसका नाम विद्यानन्द रखा। कुछ समय पश्चात् वीरधवल का लघुभ्राता भी देवेन्द्रसूरि के पास दीक्षित हुआ और उसका नाम धर्मकीर्ति रखा गया[५]। २२ वर्ष तक मालवा में विहार करने के पश्चात् आचार्य देवेन्द्रसूरि स्तम्भतीर्थ (खंभात) पधारे। उनके कनिष्ठ गुरुभ्राता विजयसिंहसूरि ने इस अवधि में स्तम्भतीर्थ की उसी पौषधशाला में निवास किया जहाँ ठहरना आचार्य जगच्चन्द्रसूरि ने निषिद्ध कर दिया था। इस दरम्यान उन्होंने मुनिआचार के कठोर नियमों को भी शिथिल कर दिया। देवेन्द्रसूरि को ये सभी बातें ज्ञात हुईं और वे वहां न जाकर दूसरी पौषधशाला, जो अपेक्षाकृत कुछ छोटी थी, में ठहरे। इस प्रकार जगच्चन्द्रसूरि के दो शिष्य एक ही नगर में एक ही समय दो अलग-अलग स्थानों पर रहे। बड़ी पौषधशाला में ठहरने के कारण विजयचन्द्रसूरि का शिष्य समुदाय **बृहद्पौशालिक** तथा देवेन्द्रसूरि का शिष्यपरिवार **लघुपौशालिक** कहलाया।[६]

गुर्जरदेश में विहार करने के पश्चात् देवेन्द्रसूरि पुनः मालवा पधारे। वि०सं० १३२७/ ई०स० १२६१ में वहीं उनका देहान्त हो गया।[७] उन्होंने विद्यानन्दसूरि को अपना पट्टधर घोषित किया था किन्तु उनके निधन के मात्र १३ दिन पश्चात् विद्यानन्दसूरि का भी निधन हो गया। इन घटनाओं के ५ माह पश्चात् विद्यानन्द के छोटे भाई धर्मकीर्ति को धर्मघोषसूरि के नाम से देवेन्द्रसूरि का पट्टधर बनाया गया।[८]

देवेन्द्रसूरि द्वारा रचित विभिन्न कृतियाँ मिलती[९] हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं :

१. **श्राद्धदिनकृत्यवृत्ति** २. **नव्यपंचकर्मग्रन्थ सटीक**
३. **सिद्धपंचाशिका सटीक** ४. **धर्मरत्नप्रकरण बृहद्वृत्ति**
५. **सुदर्शनाचरित्र** ६. **चैत्यवन्दनादि ३ भाष्य**
७. **वन्दारुवृत्ति** अपरनाम **श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति**
८. **दानादि चार कुलक**, जिसपर वि०सं० की १७वीं शती में विजयदानसूरि के प्रशिष्य एवं राजविजयसूरि के शिष्य देवविजय ने **धर्मरत्नमंजूषा** के नाम से वृत्ति की रचना की। इसके अलावा उनके द्वारा रचित कुछ स्तुति-स्तोत्र भी मिलते हैं।

देवेन्द्रसूरि के पट्टधर धर्मघोषसूरि द्वारा रचित कृतियाँ इस प्रकार हैं[१०] :

१. **संघाचार भाष्य** २. **कायस्थितिस्तवन**
३. **भवस्थितिस्तव** ४. **स्तुतिचतुर्विंशति**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५.	**देहस्थितिप्रकरण**	६.	**चतुर्विंशतिजिनस्तवसंग्रह**
७.	**दुषमाकालसंघस्तवन**	८.	**युगप्रधानस्तोत्र**
९.	**ऋषिमंडलस्तोत्र**	१०.	**परिग्रहप्रमाणस्तवन**
११.	**चतुर्विंशतिजिनस्तुति**	१२.	**अष्टापदकल्प**
१३.	**गिरनारकल्प**	१४.	**श्राद्धजीतकल्प**

मुनि चतुरविजयजी ने इनके अनेक स्तवनों को **जैनस्तोत्रसंदोह**, प्रथम भाग में प्रकाशित किया है।[११]

धर्मघोषसूरि के पट्टधर सोमप्रभसूरि हुए। इनका जन्म वि०सं० १३१० में हुआ था। वि०सं० १३२१ में इन्होंने दीक्षा ग्रहण की। वि०सं० १३३२ में सूरि पद प्राप्त हुआ और वि०सं० १३५७ में गुरु के निधन के पश्चात् ये उनके पट्टधर बने। इन्होंने कोंकण आदि प्रदेशों में जल की अधिकता और मारवाड़ आदि में जल की दुर्लभता के कारण तपागच्छीय मुनिजनों का विहार निषिद्ध कर दिया। इनके द्वारा रचित कृतियों में **यतिजीतकल्पसूत्र**, **अट्ठाइस यमकस्तुतिओ**, **श्रीमच्छर्यस्तोत्र** आदि उल्लेखनीय हैं।[१२] इनके शिष्यों के रूप में विमलप्रभ, परमानंद, पद्मतिलक और सोमतिलक का नाम मिलता है। वि०सं० १३७३/ई०स० १३१७ में इनके निधन के पश्चात् सोमतिलकसूरि ने तपागच्छ का नायकत्त्व ग्रहण किया।

सोमतिलकसूरि का जन्म वि०सं० १३३५ में हुआ था, वि०सं० १३६९ में इन्होंने दीक्षा ग्रहण की और वि०सं० १४२४ में इनका देहान्त हुआ। इनके द्वारा रचित कृतियाँ[१३] इस प्रकार हैं :

१.	**बृहत्क्षेत्रसमास**		
२.	**सप्ततिशतस्थानप्रकरण** (रचनाकाल वि०सं० १३८७/ई०स० १३२१)		
३.	**सज्झक चतुर्विंशतिजिनस्तुतिवृत्ति**	४.	**चतुर्विंशति जिनस्तवनवृत्ति**
५.	**तीर्थराजस्तुति**	६.	**विचारसूत्र**
७.	**अट्ठाइस यमकस्तुतिओ पर वृत्ति**	८.	**वीरस्तव**
९.	**कमलबन्धस्तवन**	१०.	**साधारणजिनस्तुति**
११.	**शत्रुंजययात्रावर्णन**		

इनके शिष्यों में पद्मतिलक, चन्द्रशेखर, जयानन्दसूरि, देवसुन्दरसूरि आदि का नाम मिलता है। पद्मतिलक द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु चन्द्रशेखर और जयानन्द द्वारा रचित कृतियां प्राप्त होती हैं।

चन्द्रशेखर द्वारा रचित कृतियों में **उषितभोजनकथा**, **यवराजर्षिकथा**, **श्रीमद्स्तम्भनकहारबंधस्तवन** आदि का नाम मिलता है।[१४]

जयानन्दसूरि द्वारा रचित कृतियों में **स्थूलिभद्रचरित्र**[१५], **देवप्रभस्तोत्र**[१६], **साधारण जिनस्तोत्र**[१७] आदि उल्लेखनीय हैं। जयानन्दसूरि को वि०सं० १४२० में आचार्यपद प्राप्त हुआ और वि०सं० १४४१ में देहान्त हुआ।

सोमतिलकसूरि के वि०सं० १४२०/ई०स० १३६४ में निधन के पश्चात् देवसुन्दरसूरि उनके पट्टधर बने।[१८] वि०सं० १३९६ में इनका जन्म हुआ था, वि०सं० १४०४ में इन्होंने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीक्षा ग्रहण की और वि०सं० १४२० में सूरि पद प्राप्त किया।[1] इनके उपदेश से बड़ी संख्या में प्राचीन ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ करायी गयीं, जिनमें से अनेक आज भी उपलब्ध हैं।[2] इनके द्वारा प्रतिष्ठापित कुछ जिनप्रतिमायें भी प्राप्त हुई हैं, जो वि०सं० १४४७ से १४६८ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

क्रमांक	वि०सं०	तिथि	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१४४७	फाल्गुन सुदि ८ सोमवार	दादा पार्श्वनाथ देरासर नरसिंहजीकी पोल, बड़ोदरा	आचार्य बुद्धिसागर, संपा०, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १४६.
२.	१४५८	फाल्गुन सुदि २ बुधवार	अनुपूर्ति लेख, आबू	मुनि जयन्तविजय, संपा०, **अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ६०७.
३.	१४६१	श्रावण सुदि ११ गुरुवार	बड़ा मंदिर, नागौर	विनयसागर, संपा०, **प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, लेखांक १८४
४.	१४६५	ज्येष्ठ वदि ११	आदिनाथ जिनालय, मालपुरा	वही, लेखांक १९१.
५.	१४६६	श्रावण सुदि १०	आदिनाथ जिनालय, खेरालु	आचार्य बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७६१.
६.	१४६६	तिथिविहीन	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	अगरचंद भँवरलाल नाहटा, संपा० **बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक ६३२.
७.	१४६७	वैशाख सुदि ७	चिन्तामणिपार्श्वनाथ जिनालय, बीकानेर	वही, लेखांक ६३४.
८.	१४६८	तिथिविहीन	वही	वही, लेखांक ६३५.
९.	१४६९	फाल्गुन सुदि ३	जगवल्लभ पार्श्वनाथ देरासर, नीशापोल, अहमदाबाद	आचार्य बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १२०१.
१०.	१४६९	तिथिविहीन	दादापार्श्वनाथ देरासर, नरसिंह जी की पोल, बड़ोदरा	वही, भाग २, लेखांक १२०.
११.	१४६.?	तिथिविहीन	माधवलालबाबू का देरासर, पालीताना	विजयधर्मसूरि, संपा०, **प्राचीनलेखसंग्रह**, लेखांक १०८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवसुन्दरसूरि के शिष्यों में ज्ञानसागरसूरि, कुलमण्डनसूरि, गुणरत्न, साधुरत्न, सोमसुन्दरसूरि, साधुराजगणि, क्षेमंकरसूरि आदि का नाम मिलता है।

ज्ञानसागरसूरि द्वारा रचित कई कृतियाँ मिलती[२१] है, जो इस प्रकार हैं :

१. **उत्तराध्ययनअवचूरि** वि०सं०१४४१ २. **आवश्यकसूत्र** पर **अवचूरि** वि०सं० १४४०
३. **ओघनिर्युक्ति** पर **अवचूरि** ४. **मुनिसुव्रतस्तवन**
५. **धनौधनवखंडपार्श्वनाथस्तवन** ६. **शास्वतचैत्यवन्दन** आदि

कुलमंडनसूरि द्वारा रचित कृतियाँ[२२] इस प्रकार हैं :

१. **विचारामृतसंग्रह** वि०सं० १४४३
२. **प्रवचनपाक्षिक रूप** अधिकार वाला **सिद्धान्तालापकोद्धार**
३. **प्रज्ञापना अवचूरि** ४. **प्रतिक्रमणसूत्रअवचूरि**
५. **कल्पसूत्रअवचूरि** ६. **कायस्थितिस्तोत्र** पर **अवचूरि**
७. **अष्टादशचक्रबन्धस्तवन** ८. **हारबंधस्तवन**
९. **काकबंधचौपाई** आदि

देवसुन्दरसूरि के तीसरे शिष्य गुणरत्न भी अपने समय के प्रसिद्ध रचनाकार थे। उनके द्वारा रचित कृतियाँ[२३अ] निम्नानुसार हैं :

१. **कल्पान्तर्वाच्य** वि०सं० १४५७
२. **सप्ततिका** पर देवेन्द्रसूरि की **टीका** के आधार पर **अवचूर्णि** वि०सं० १४५९
३. देवेन्द्रसूरिकृत **कर्मग्रन्थों** पर **अवचूरि**
४. **प्रकीर्णकों** पर **अवचूरि**
५. सोमतिलकसूरिविरचित **क्षेत्रसमास** पर **अवचूरि**
६. **नवतत्त्वअवचूरि**
७. **अंचलमतनिराकरण**
८. **ओघनिर्युक्तिउद्धार**
९. **क्रियारत्नसमुच्चय**
१०. **षट्दर्शनसमुच्चय** पर **तत्त्वरहस्यदीपिका** नामक टीका
११. **कल्याणमंदिरस्तोत्रटीका**
१२. **सप्ततिका अवचूरि** वि०सं० १४५९ के लगभग
१३. **आतुरप्रत्याख्यान अवचूरि**
१४. **चतुःशरणअवचूरि**
१५. **संस्तारक अवचूरि**
१६. **भक्तपरिज्ञा अवचूरि**
१७. **गुरुपर्वक्रमवर्णनम्** वि०सं० १४६६

वि०सं० १४६९ के दो प्रतिमालेखों में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में भी इनका नाम मिलता है।[२३]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवसुन्दरसूरि के चौथे शिष्य साधुरत्न ने वि०सं० १४५६ में **यतिजीतकल्प** पर **वृत्ति** की रचना की।[१४] इसी काल के आस-पास इनके द्वारा रचित **नवतत्त्वअवचूरि**[१५] नामक कृति भी प्राप्त होती है।

उन्हीं के ही पांचवें शिष्य सोमसुन्दरसूरि अपने समय के सर्वश्रेष्ठ रचनाकार थे। इनके सम्बन्ध में आगे विस्तार से विवरण दिया गया है।

छठें शिष्य साधुराजगणि द्वारा वि०सं० १४७० के लगभग **साधारणजिनस्तुति** की वृत्ति[१६] के साथ रचना की गयी। प्रो० हरि दामोदर वेलणकर ने उक्त वृत्ति के रचनाकार का नाम श्रुतसागर बताया है[१७], जो भ्रांति है।[१८]

सातवें शिष्य क्षेमंकर गणि द्वारा रचित **सिंहासनबत्तीसी**[१९] (रचनाकाल वि०सं० १४५० के आसपास) नामक कृति मिलती है।

उक्त विवरणों को एक तालिका के रूप में निम्न प्रकार से रखा जा सकता है...

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International

For Private & Personal Use Only

www.jainelibrary.org

देवसुन्दरसूरि के शिष्य परिवार की तालिका



सोमसुन्दरसूरि - तपागच्छ के प्रमुख नायकों में सोमसुन्दरसूरि का विशिष्ट स्थान है। इनका जन्म वि०सं० १४३० में प्रल्हादनपुर (वर्तमान पालनपुर) में हुआ था। इनके पिता का नाम सज्जन और माता का नाम माल्हण देवी था। वि०सं० १४३७ में सात वर्ष की आयु में इन्होंने जयानन्दसूरि के पास दीक्षा ग्रहण की और सोमसुन्दर नाम प्राप्त किया। वि०सं० १४५० में पाटण में इन्हें वाचक पद प्राप्त हुआ और वि०सं० १४५३ में पाटण में ही देवसुन्दरसूरि द्वारा आचार्य पद प्राप्त हुआ। मुनिसुन्दरसूरि कृत गुर्वावली[१] (रचनाकाल वि०सं० १४६६), चारित्ररत्नगणिकृत **चित्रकूटमहावीरप्रासादप्रशस्ति**[२] (रचनाकाल वि०सं० १४९५), प्रतिष्ठासोमकृत **सोमसौभाग्यकाव्य**[३] (रचनाकाल वि०सं० १५२४), सोमचरित्रगणिकृत **गुरुगुणरत्नाकर**[४] (रचनाकाल वि०सं० १५४१) आदि ग्रन्थों से इनके जीवन के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

आचार्य सोमसुन्दरसूरि द्वारा रचित कृतियाँ[५] इस प्रकार हैं :

१. **आराधनारास**
२. **उपदेशमालाबालावबोध** (रचनाकाल वि०सं० १४८५)
३. **षष्ठिशतकबालावबोध** (रचनाकाल वि०सं० १४९६)
४. **योगशास्त्रबालावबोध**
५. **भक्तामरस्तोत्रबालावबोध**
६. **आराधनापताकाबालावबोध**
७. **षड़ावश्यकबालावबोध**
८. **नवतत्त्वबालावबोध** (रचनाकाल वि०सं० १५०२)
९. **अष्टादशस्तवी** (रचनाकाल वि०सं० १४९० के आसपास)
१०. **आतुरप्रत्याख्यानटीका**
११. **आवश्यकनियुक्तिअवचूरि**
१२. **इलादुर्गऋषभजिनस्तवन**
१३. **चैत्रवन्दनसूत्रभाष्यटीका**
१४. **जिनकल्याणकादिस्तवन**
१५. **जिनभवस्तोत्र**
१६. **पार्श्वस्तोत्र**
१७. **श्राद्धजीतकल्पवृत्ति**
१८. **षट्भाषामयस्तव**
१९. **सप्ततिकासूत्रचूर्णि**
२०. **साधुसामाचारीकुलक**

सोमसुन्दरसूरि द्वारा वि०सं० १४७० से वि०सं० १४९९ के मध्य तक प्रतिष्ठापित बड़ी संख्या में सलेख जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेख क्रमांक	सम्वत्	तिथि/मिति/वार	लेख का स्वरूप	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भ ग्रन्थ
१-	१४७०	वैशाख सुदि २ शुक्रवार	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैन देरासर, त्रापज, काठियावाड़	विद्याविजयजी, संपा० **प्राचीन लेखसंग्रह,** लेखांक १०९
२-	१४७०	ज्येष्ठ सुदि ५	मुनिसुव्रत की पाषाण की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, मालपुरा	विनयसागर, संपा०, **प्रतिष्ठालेखसंग्रह** लेखांक २०२
३-	१४७१	माघ सुदि ७	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्किर्ण लेख	सुमतिनाथ मुख्यबावन जिनालय, मातर	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह** भाग २, लेखांक ५००.
४-	१४७२	तिथिविहीन	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्किर्ण लेख	श्रेयांसनाथ जिनालय, फताशाह की पोल, अहमदाबाद	वही, भाग १, लेखांक १३६०.
५-	१४७३	वैशाख वदि ८	पार्श्वनाथ की पंचयतीर्थी प्रतिमा पर उत्किर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, सिरोही	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक २०९.
६-	१४७३	मार्गशीर्ष सुदि ६ शुक्रवार	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अनुपूर्ति लेख, आबू	**अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह,** लेखांक ६११.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७-	१४७४	ज्येष्ठ वदि ११ रविवार	विमलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	कुन्थुनाथ जिनालय, मांडवीपोल, खंभात	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ६४४
८-	१४७४	मार्गशीर्ष सुदि ८ सोमवार	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मंदिर बीकानेर संपा०,	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक ६७३.
९-	१४७४	फाल्गुन सुदि ८	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ६७४.
१०-	१४७४	फाल्गुन	सुपार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, वीसनगर	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १ लेखांक ५२१.
११-	१४७५	ज्येष्ठ वदि ११ रविवार	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	खरतगच्छीय बड़ा मंदिर, तूलपट्टी, कलकत्ता	मुनि कांतिसागर, संपा०, **जैनधातुप्रतिमालेख,** लेखांक ७३
१२-	१४७५	ज्येष्ठ वदि ११ रविवार	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जीवनदास जी का घर देरासर, हरीसन रोड, कलकत्ता	पूरनचन्द नाहर, संपा०, **जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक १३१
१३-	१४७६	वैशाख वदि १ शनिवार	चन्द्रप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक ६८०
१४.	१४७७	चैत्र सुदि ५ सोमवार	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक ६८६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५.	१४७७ मार्गशीर्ष वदि ३	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ६८८
१६.	१४७७ मार्गशीर्ष वदि ४	सुपार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अनुपूर्ति लेख, आबू	**अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह,** लेखांक ६१५
१७.	१४७८ माघ सुदि ९	सुपार्श्वनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ६१७
१८.	१४७९ माघ वदि ४	अभिनन्दनस्वामी की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	कुन्थुनाथ देरासर, वडनगर	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह** भाग १, लेखांक ७५२
१९.	१४७९ माघ सुदि ७ शुक्रवार	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	संभवनाथ देरासर, मीयागाम	वही, भाग २, लेखांक २८६
२०.	१४८० ज्येष्ठ सुदि ५	चन्द्रप्रभ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, मेहता जी की पोल, बड़ोदरा	वही, भाग २, लेखांक १७९
२१.	१४८० तिथि-वार विहीन	कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक ७०२
२२.	१४८० "	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ७०६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३.	१४८१	माघ सुदि १०	श्रेयांसनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, ईडर	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह** भाग १, लेखांक १४८२
२४.	१४८१	"	पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	गौडी पार्श्वनाथ जिनालय, अजमेर	**जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ५४६
२५.	१४८१	"	सुविधिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, वीरमगाम	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक १२५
२६.	१४८१	फाल्गुन सुदि ३	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैन देरासर, सौदागर पोल, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ७८९
२७.	१४८१	तिथि/मिति/वारविहीन	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अनुपूर्ति लेख, आबू	**अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेख-संदोह**, लेखांक ६१९
२८.	१४८२	फाल्गुन सुदि २	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, दादावाडी, लश्कर, ग्वालियर	**जैनलेखसंग्रह** भाग २, लेखांक १४२१
२९.	१४८२	फाल्गुन सुदि ३ शनिवार	महावीर की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, ग्वालियर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह** लेखांक ७२०
३०.	१४८२.	फाल्गुन सुदि १५	सुमतिनाथ की धातु की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	माणिक सागर जी का मन्दिर, कोटा	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह** लेखांक २३७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१.	१४८२	तिथि/मिति/वारविहीन	विमलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	श्रेयांसनाथ जिनालय, फताशाह की पोल, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक १३७६
३२.	१४८३	मार्गशीर्ष वदि ७	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पद्मप्रभ जिनालय, पन्नीबाई का उपाश्रय, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १८७२
३३.	१४८३	माघ सुदि १० बुधवार	चन्द्रप्रभ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चौमुख जी देरासर, ईडर	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक १४२६
३४.	१४८३	तिथि/ मिति/वारविहीन	वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, देशनोक	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक २२३५
३५.	१४८४	वैशाख सुदि ३	पद्मप्रभ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, शांतिनाथ पोल, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक १२९८
३६.	१४८४	”	विमलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चौमुखजी देरासर, वडनगर	वही, भाग १, लेखांक ५६४
३७.	१४८४	”	धर्मनाथ की धातु की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	कल्याण पार्श्वनाथ देरासर, वीसनगर	वही, भाग १, लेखांक ५३३
३८.	१४८४	मितिविहीन	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वीरचैत्य के अन्तर्गत आदिनाथ चैत्य, थराद	दौलतसिंह लोढ़ा, संपा०, **श्रीजैनप्रतिमालेखसंग्रह,** लेखांक १६९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९.	१४८४	”	शिलालेख	बावन जिनालय, उदयपुर	**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १९८०
४०.	१४८५	वैशाख सुदि ३ बुधवार	सुविधिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, नाडोल	वही, भाग १, लेखांक ८३६
४१.	१४८५	”	भूगर्भगृह में संरक्षित नंदीश्वर पट्ट पर उत्कीर्ण लेख	बावन जिनालय, उदयपुर	वही, भाग २, लेखांक १९७२ एवं **प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक ५३३
४२.	१४८५	वैशाख सुदि ३ बुधवार	सुविधिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पद्मप्रभ जिनालय, नाडोल	मुनि जिनविजय, संपा०, **प्राचीनजैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ३६८
४३.	१४८५	ज्येष्ठ सुदि १३	मुनिसुव्रत की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, सांडेसर	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ४७७
४४.	१४८५	”	”	पार्श्वनाथ जिनालय, करेडा	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक १३४
४५.	१४८५	माघ सुदि १० शनिवार	”	विमलनाथ जिनालय, संघवीपाडा, खंभात	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ७८६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६.	१४८५	तिथिविहीन	सुपार्श्वनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, दिलवाडा	**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक २०१७
४७.	१४८५	"	शीतलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वीर जिनालय, रीजरोड, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ९८२
४८.	१४८५	"	सुपार्श्वनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू	**अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह,** लेखांक १६
४९.	१४८५	तिथिविहीन	विमलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	कुंथुनाथ जिनालय, रांगडीचौक, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १६९६
५०.	१४८६	वैशाख सुदि १०	कुंथुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिंतामणि जी का मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक ७३०
५१.	१४८६	" बुधवार	विमलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, छाणी, बड़ोदरा	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक २६३
५२.	१४८६	"	मुनिसुव्रत की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चन्द्रप्रभ जिनालय, सुल्तानपुरा, बड़ोदरा	वही, भाग २, लेखांक १९२
५३.	१४८६	माघ सुदि ४ शनिवार	वर्धमान स्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैन मंदिर, ऊंझा	वही, भाग १, लेखांक २०२
५४.	१४८६	तिथिविहीन	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, भाग १, लेखांक १५०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

५५.	१४८६	"	संभवनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, चौकसी पोल, खंभात	वही, भाग २, लेखांक ८४८
५६.	१४८७	मार्गशीर्ष सुदि ५	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वीर जिनालय, झवेरीवाड़, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ८४८
५७.	१४८७	मार्गशीर्ष सुदि ...?	सुपार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मनमोहन पार्श्वनाथ जिनालय, पटोलिआ पोल, बडोदरा	वही, भाग २, लेखांक ८८
५८.	१४८७	पौष सुदि ५	अजीतनाथ की पाषाण की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, मालपुरा	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक २६८
५९.	१४८७	माघ सुदि ७	सुपार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चौमुखजी का देरासर, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक १४४
६०.	१४८७	माघ .....?	श्रेयांसनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैनमंदिर, साहूकार पेठ, मद्रास	**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक २०७५
६१.	१४८८	वैशाख सुदि ६	सुमतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, कनासानो पाडो, पाटण	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ३१३
६२.	१४८८	वैशाख सुदि ७ शनिवार	मल्लिनाथ की प्रतिमा पंचतीर्थी पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, गागरडू	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक २७०

६३.	१४८८	वैशाख ....?	मल्लिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मनमोहन पार्श्वनाथ जिनालय, पटोलिया पोल, बडोदरा	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ८६
६४.	१४८८	ज्येष्ठ वदि ४ शनिवार	सुमतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, माणेकचौक, खंभात	वही, भाग २, लेखांक ९९३
६५.	१४८८	ज्येष्ठ सुदि ५ रविवार	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	संभवनाथ जिनालय, मीयागाम	वही, भाग २, लेखांक २८५
६६.	१४८८	"	शीतलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, भरुच	वही, भाग २, लेखांक ३२८
६७.	१४८८	कार्तिक सुदि २ सोमवार	अजितनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	महावीर जिनालय, रीजरोड, अहमदाबाद	वही, भाग १, लेखांक ९५२
६८.	१४८८	मार्गशीर्ष वदि २	सुविधिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, वासा	मुनि जयन्त विजय जी, संपा० **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेख-संदोह**, लेखांक ५२१
६९.	१४८८	मार्गशीर्ष वदि ५ गुरुवार	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैन मंदिर, भीलड़िया तीर्थ	**श्रीप्रतिमालेखसंग्रह,** लेखांक ३७३
७०.	१४८८	फाल्गुन सुदी ८	जिनालय के द्वार पर उत्कीर्ण लेख	बावन जिनालय, उदयपुर	**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १९८३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७१.	१४८८	"	शांतिनाथ की धातु की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, माणेक चौक, खंभात	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १०२०
७२.	१४८८	तिथि/मिति/वारविहीन	पार्श्वनाथ की पाषाण की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, मालपुरा	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक २७३
७३.	१४८९	ज्येष्ठ वदि १० शुक्रवार	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अजितनाथ देरासर, सुतार की खड़की, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक १३३७
७४.	१४८९	ज्येष्ठ वदि ११	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शीतलनाथ जिनालय, उदयपुर	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक १४७ एवं **जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १०२९
७५.	१४८९	आषाढ़ वदि १०	अजितनाथ की धातु की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, हद्राणा	**अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेख-संदोह**, लेखांक १९१
७६.	१४८९	आषाढ़ सुदि ५	शांतिनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अजितनाथ जिनालय, तारंगा	**जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १७३१
७७.	१४८९	आषाढ़ सुदि ८	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अजितनाथ जिनालय, वेजलपुरा, भरुच	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ३६१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७८.	१४८९	तिथिविहीन	कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शीतलनाथ जिनालय, उदयपुर	**जैनलेखसंग्रह**, भाग २. लेखांक १०६७. एवं **प्राचीनलेखसंग्रह**, लेखांक १४८
७९.	१४८९	”	महावीर की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	दादा पार्श्वनाथ देरासर, नरसिंहजी की पोल, बड़ोदरा	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १३५.
८०.	१४९०	वैशाख वदि ७	विमलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	सुविधिनाथ जिनालय, शेरडीवाला की पोल, खंभात	वही, भाग २, लेखांक ६५३.
८१.	१४९०	वैशाख सुदि ३	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, राधनपुर	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक १४९
८२.	१४९०	मार्गशीर्ष वदि ५ सोमवार	चन्द्रप्रभ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	संभवनाथ देरासर, पादरा	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १२.
८३.	१४९०	फाल्गुन सुदि ११	वर्धमानस्वामी की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ देरासर, देवसानो पाडो, अहमदाबाद	वही, भाग १. लेखांक १०५५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१- **रूपरत्नमाला**
२- **शत्रुंजयोद्धारस्तवन**
३- **नवसिद्धिस्तवन**
४- **सीमंधरवीनतीस्तवन**
५- **शत्रुंजयउद्धार** (वि०सं० १६३८/ई०स० १५७२)
६- **स्थूलिभद्रएकबीसो**
७- **जुहारमित्रसज्झाय**
८- **गिरनारतीर्थोद्धाररास**
९- **यशोधरनृपचौपाई** (वि०सं० १६१८/ई०स० १५५२)
१०- **रूपचन्द्रकंवररास** (वि०सं० १६३७/ई०स० १५७१)
११- **गिरनारतीर्थोद्धारप्रबन्ध**
१२- **प्रभावती (उदयन) रास** (वि०सं० १६४०/ई०स० १५७४)
१३- **सुरसुन्दरीरास** (वि०सं० १६४६/ई०स० १५९०)
१४- **नलदमयन्तीचरित्र** (वि०सं० १६६५/ई०स० १६०९)
१५- **शीलशिक्षारास** (वि०सं० १६६९/ई०स० १६१३)
१६- **शंखेश्वरपार्श्वस्तवन**
१७- **पार्श्वनाथस्तवन**
१८- **आत्मबोधकुलक**
१९- **सारस्वतव्याकरणवृत्ति**
२०- **बृहद्पोशालिकपट्टावली**

नयसुन्दर की शिष्या साध्वी हेमश्री द्वारा रचित **कनकावतीआख्यान** (रचनाकाल वि०सं० १६४४/ई०स० १५८८) और **मौनएकादशीस्तुतिथोयसंग्रह** नामक कृतियां मिलती हैं।[१२]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मविवरणरास के रचनाकार लावण्यदेव[१] भी तपागच्छ की इसी शाखा से सम्बद्ध थे। अपनी कृति के अन्त में उन्होंने प्रशस्ति के अन्तर्गत गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है:

धनरत्नसूरि
।
उदयधर्म
।
जयदेव
।
लावण्यदेव (**कर्मविवरणरास** के कर्ता)

धनरत्नसूरि के एक शिष्य भानुमंदिर हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु वि०सं० १६१२/ई०स० १५५६ में रचित **देवकुमारचरित्र** के कर्ता ने स्वयं को भानुमंदिरशिष्य[१] के रूप में सूचित किया है :

धनरत्नसूरि
।
भानुमंदिर
।
भानुमंदिरशिष्य (वि०सं० १६१२/ई०स० १५५६ में **देवकुमारचरित्र** के कर्ता)

मुनि कांतिसागर[१] के अनुसार गलियाकोट स्थित संभवनाथजिनालय में ही प्रतिष्ठापित एक जिनप्रतिमा पर वि०सं० १७८१ का एक लेख उत्कीर्ण है, जिसमें देवसुन्दरसूरि की शिष्य परम्परा की एक पट्टावली दी गयी है, जो इस प्रकार है :

धनरत्नसूरि
।
अमररत्नसूरि
।
तेजरत्नसूरि
।
देवसुन्दरसूरि
।
विजयसुन्दरसूरि
।
लब्धिचन्द्रसूरि
।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विनयचन्द्रसूरि
|
धरचन्द्रसूरि
|
उदयचन्द्रसूरि
|
जयचन्द्रसूरि

इस प्रकार विक्रम सम्वत् की १८वीं शताब्दी के अंतिम चरण तक तपागच्छ की बृहद्पौशालिक शाखा का अस्तित्त्व सिद्ध होता है।

उक्त सभी साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर तपागच्छ की इस प्राचीन शाखा के मुनिजनों का वंशवृक्ष प्रस्तुत है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित तपागच्छबृहद्पौशालिकशाखा के मुनिजनों की तालिका





Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. "बृहद्पौशालिकपट्टावली" मुनि जिनविजय, संपा०- **विविधगच्छीय पट्टावलीसंग्रह,** सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ५३, मुम्बई १९६१ ई० पृष्ठ २४.

२. "बृहद्पौशालिकपट्टावली", वही, पृष्ठ १३-३६.
मुनि कल्याणविजय, संपा०-**पट्टावलीपरागसंग्रह**, पृष्ठ १७४-१८१.
मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ** भाग ९, द्वितीयसंशोधित संस्करण, संपा०-डा० जयन्तकोठारी, मुम्बई १९९७ ई०, पृष्ठ ७४-८५.

३. तत्पादाम्बुजरोलम्बावपुष्यति ..... ।
अभूवन् भूरिभाग्याढ्याः श्रीजगच्चद्रसूरयः ॥८॥
देवेन्द्रसूरिसंज्ञस्तेषामाद्यो बभूव शिष्यवरः ।
श्रीविजयचन्द्रसूरिस्तया द्वितीयो गुणैस्त्वाद्यः ॥९॥
चक्रे भव्यावबोधाय संप्रदायातथागमात् ।
सच्छ्राद्धदिनकृत्यस्य वृत्तिर्देवेन्द्रसूरिभिः ॥१०॥
श्रीविजयचन्द्रसूरिप्रमुखैर्विद्वद्गुणैर्गुणगारिष्ठैः ।
स्वपरोपकारानिरतैस्तदैव संशोधिता चेयम् ॥११॥

देवेन्द्रसूरिकृत **श्राद्धदिनकृत्य** की प्रशस्ति
उद्धृत-मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, पृष्ठ २३-२४.

४. C. D. Dalal. *A Descriptive Catalogue of Palm Leaf Mss in the Jaina Bhandars at Pattan*. G.O.S.. No. 76. Baroda 1937 A.D., Pp-354-56.

५. द्रष्टव्य संदर्भ क्रमांक २.

६. स्वान्ययोरुपकाराय श्रीमद्देवेन्द्रसूरिणा ।
धर्मरत्नास्य टीकेयं सुखबोधा विनिर्ममे ॥८॥
श्रीहेमकलशवाचकपण्डितवर धर्मकीर्त्तिमुख्यबुधैः ।
स्वयरसमयैकुशलैस्तदैव संशोधिता चेयम् ॥९॥
देवेन्द्रसूरिकृत **धर्मरत्नप्रकरणवृत्ति** की प्रशस्ति
उद्धृत - मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, पृष्ठ ३.

७. जीवनचंद साकरचंद झवेरी, संग्राहक और संशोधक-**आनन्दकाव्यमहोदधि**, भाग ६, श्री देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धारे, ग्रन्थांक ४३, मुम्बई १९१८ ई०स०, प्रस्तावना लेखक-श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई, पृष्ठ १०.

८. हीरालाल रसिकलाल कापड़िया, **जैनसंस्कृतसाहित्यनोइतिहास,** भाग २, खंड १, श्री मुक्तिकमल जैनमोहनमाला, ग्रन्थांक ६४, बड़ोदरा १९६८ ई०स०, पृष्ठ ३५६-५७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. रत्नाकरसूरि के उपदेश से वि०सं० १३७०/ई०स० १३१४ में स्तम्भतीर्थ में हेमचन्द्रकृत **शब्दानुशासन** की प्रतिलिपि की गयी।
P.Peterson, *A Fifth Report of Operation in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle*, April 1892 - March 1895, P-110.

१०. Vidhatri Vora, Ed - *Catalogue of Gujrati Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, L.D. Series No. 71, Ahmedabad, 1978, A.D. P-166.

११. P.Peterson, *A Fifth Report of Operation in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle*, No 51.

१२. Ibid. No. 396

१३. वृद्धतपागच्छ/रत्नाकरगच्छ की इस शाखा का विवरण स्वतंत्र रूप से यथा स्थान दिया गया है।

१४. जिनरत्नसूरि की शिष्य परम्परा का विवरण इसी आलेख के साथ दिया गया है।

१५. मोहनलाल दलीचंददेसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग १, द्वितीयसंशोधित संस्करण, संपा०-डा० जयन्त कोठारी, मुम्बई १९८६ ई०स०, पृष्ठ ८५ और आगे.

१६. A.P.Shah, Ed. *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, Part I, L.D.Series No.2, Ahmedabad, 1963 A.D., No - 991, P -81.

१७. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास**, कंडिका ७४९.

१८. **जैनगूर्जरकविओ**, पूर्वोक्त, भाग १, पृष्ठ ९८-१०१.

१९. अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, **जैनतीर्थसर्वसंग्रह**, भाग १, खंड १, अहमदाबाद १९५३ ई०, पृष्ठ ११६-११८.

२०. विजयधर्मसूरि, संपा०- **प्राचीनतीर्थमालासंग्रह**, भाग १, भावनगर वि०सं० १९७८ ई०, पृष्ठ ५६-५७.

२१. James Burges, *Antiquities of Kathiawad and Kuchh*, Reprint Varanasi 1971 A.D. Pp. 159-61.

२२. **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास**, कंडिका ६८१, ६८६.

२३. **जैनगूर्जरकविओ**, पूर्वोक्त, भाग १, पृष्ठ ६२-६३.
मुनि कांतिसागर, **शत्रुंजयवैभव**, जयपुर १९९० ई०स०, पृष्ठ १८६.

२४. मुनि कांतिसागर, पूर्वोक्त, पृष्ठ १८७-८८.

२५. **जैनगूर्जरकविओ**, पूर्वोक्त, भाग १, पृष्ठ १२९-३०.

२६. त्रिपुटी महाराज, संपा० - **पट्टावलीसमुच्चय**, भाग २, श्रीचारित्र स्मारक ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ४४, अहमदाबाद १९५० ई०स०, पुरवणी, पृष्ठ २४०-४१.

२७. H.D. Velanker, *Jinratnakosha*, P - 358.

२८. Vidhatri Vora, *Catalogue of Gujrati Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, P - 850.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२९. **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास**, कंडिका ७५७, ७७५.
जैनगूर्जरकविओ, पूर्वोक्त, भाग १, पृष्ठ २१३.

३०. (१) १५६१ वैशाख सुदि १३ शुक्रवार, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ११८३.
(२) १५६५ ज्येष्ठ सुदि ६ शुक्रवार, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ९८५.
(३) १५६६ माघ सुदि ५ सोमवार, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ७६६.

३१. A.P. Shah, *Ed. Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, Part II, L. D. Series No 5, No.6085, P-390-1.

३२. **जैनगूर्जरकविओ**, भाग १, पृष्ठ २७४-७६.

३३. श्री विनयसागर जी के अनुसार यह प्रशस्ति संभवनाथ जिनालय, गलियाकोट के एक चैत्यालय पर उत्कीर्ण है। उन्होंने इसकी वाचना दी है, जो इस प्रकार है:
॥ॐ॥ संवत् १६३७ वर्षे माह सुदि ५ सोमे वागडदेशे राउल श्रीसहसमलजी विजयराज्ये श्रीकोटनगरवास्तव हुंबडज्ञातीय वृद्धशाखायां। गां० श्रीउदयसिंह सुत गां० नाभा सु० गां० दाखा सुत गां० आणंद भार्या दाडिमदे सुत गां० धीसकर भार्या कनकादे अमरी सुपराणदे रूपादे। सुपराणदे सुत गां० धीरू माऊ वीला भा० कनकादे सुत गां० थीसकरा भार्या कल्याणदे रूपा भार्या केसरदे गां० धीसकर वि। हेनीबाई रङ्गाबाई चगा। समस्त कुटुम्बश्रेयसे श्रीसंभवनाथचैत्यालये देवकुलिका कारिता। श्रीचन्द्रप्रभबिंबं स्थापितं श्रीवृद्धतपागच्छे भट्टारिक श्रीधनरत्नसूरिभिस्तत्पट्टे भट्टारिक श्रीतेजरत्नसूरिभिस्तत्पट्टे भट्टारिक श्री देवसुन्दरसूरिभिः प्रतिष्ठितं। श्रेयसे। शुभंभवतु। यात्रा शुभंभवतु। श्रीश्रीश्रीश्रीश्रीश्री पं० विनयचारित्र पं० विमलरत्न पं० जयसिंह पं० वीसल चेला आणंदरत्न लिखितम्॥
म०विनयसागर, संपा०-**प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, जिनमणिमाला : चतुर्थमणि, कोटा १९५३ ई०, लेखांक १०३४.

॥ॐ॥ संवत् १६३७ वर्षे माह सुदि ५ वागडदेशे राउल श्रीसहसमलजी विजयराज्ये श्रीकोटनगरवास्तव्य हुंबडज्ञातीय वृद्धशाखायां गांधी.....
श्रीपाल भ्रातृ गां० धीहर जयपाल भार्या सरूपदे सुत गांधी गांगा भार्या मेलादे ह०.....भार्या खीमदे सुत गांधी सांगा गांधी जेवंतया भार्या स०.....मदि सुत गांधी बल गांधी जेवंत भार्या भगादे सुत गांधी भारिमल्ल भार्या मिलापदे समस्तकुटुम्बयुतेन श्रेयसे श्रीसंभवनाथचैत्यालये देवकुलिका कारापिता श्रीवृद्धतपापक्षे भट्टारिक श्रीधनरत्नसूरिभिस्तत्पट्टे भ० श्रीतेजरत्नसूरिभिस्तत्पट्टे भ० श्रीदेवरत्नसूरिभिः प्रतिष्ठितं शुभंभवतु॥
वही, लेखांक, १०३३.

॥सम्वत् १६३७ वर्षे फागुण सुदि ५ बुधे बागडदेशे राउलश्री सहसमल श्रीविजयराज्ये श्री गिरपुरवास्तव्य हुंबडज्ञातीय वृद्धशाखीय मढासाआ जीवा भार्या

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवादे सुत गुढसीआ भार्या भाखणादे मू.....भार्या जूढिआ समस्तकुटुम्बयुतेन श्रीकोटनगरमध्ये श्रीसंभवनाथचैत्यालये देवकुलिकाकारी(रि)ता मध्ये श्रीसुविधिनाथबिंबं स्वस्य श्रेयसेः श्रीवृद्धतपागच्छे भट्टारिक श्रीधनरत्नसूरिभिस्तत्पट्टे भट्टारिक श्रीतेजरत्नसूरिभिस्तत्पट्टे भट्टारिक श्री ५ श्रीदेवसुन्दरसूरिभिः प्रतिष्ठित शुभंभवतु।। पं० विनयचारित्र पं० विमलरत्न पं०जयसिंह पं० ज्ञानरत्न पं० वीरत्न शि० आणंदरत्नेनलिखितं।। वही, लेखांक १०३२.

३४-३५. A.P.Shah, *Ed. Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, Part I, No.645, P - 51.

३६. **जैनगूर्जरकविओ**, द्वितीयसंशोधित संस्करण, भाग ३, पृष्ठ १०-१७, ३७३-७४.

३७. Vora. *Catalogue of Gujrati Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, P-1.

३८. **जैनगूर्जरकविओ**, द्वितीयसंशोधित संस्करण, भाग ४, पृष्ठ १६९.

३९. मुनि जिनविजय, संग्रा०संपा०-**जैनऐतिहासिकगूर्जरकाव्यसंचय**, प्रवर्तक श्रीकांतिविजयजी जैन ऐतिहासिक ग्रन्थमाला:पुष्प ७, भावनगर १९२६ ई०स० पृष्ठ १-१३. रास सार, पृष्ठ१-५.

४०. वही, पृष्ठ १३.

४१. **जैनगूर्जरकविओ**, द्वितीय संशोधित संस्करण, भाग ४, पृष्ठ १६३-६४.

४२. वही, भाग १, पृष्ठ ३७९-८०.

४३. वही, भाग २, पृष्ठ ९३-१११.

४४. वही, भाग २, पृष्ठ २३०.

४५. वही, भाग १, पृष्ठ ३४५-४६.

४६. वही, भाग २, पृष्ठ ५३.

४७. मुनि कांतिसागर, पूर्वोक्त, पृष्ठ १३३-३४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृद्धतपागच्छ - जयशेखरसूरिशाखा

बृहद् पौशालिक शाखा के अन्तर्गत जैसा कि हम देख चुके हैं यद्यपि जयतिलकसूरि के एक शिष्य जयशेखरसूरि की शिष्य सन्तति वृद्धतपागच्छ की एक स्वतंत्रशाखा के रूप में अस्तित्त्व में आयी, तथापि इसका कोई अन्य नाम नहीं मिलता। इस शाखा के मुनिजन स्वयं को वृद्धतपागच्छीय बतलाते हैं अध्ययन की सुविधा के लिये हम इसका नामकरण **वृद्धतपागच्छ-जयशेखरसूरिशाखा** कर रहे हैं।

जयशेखरसूरि द्वारा रचित कोई ग्रन्थ नहीं मिलता किन्तु इनके द्वारा वि० सं० १४८८ माघ वदि ४ शुक्रवार को प्रतिष्ठापित अजितनाथ की धातु की एक प्रतिमा प्राप्त हुई है जो आज महावीर जिनालय, पायधुनी मुम्बई में संरक्षित है। मुनि कान्तिसागर जी ने इसकी वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

सम्वत् १४८८ माघ वदि २ शुक्रे श्री वायडजा(ज्ञा)तीय लींबा भा० चांपलदे सुत सूराकेन भा० सूहवदेसहितेन माताश्रेयसे अजितनाथबिंबं कारितं प्रतिष्ठितं श्रीबृहत्तपापक्षे श्रीजयशेखरसूरिभिः।

जैनधातुप्रतिमालेख, लेखांक ७९

जयशेखरसूरि के शिष्य एवं पट्टधर जिनरत्नसूरि हुए जिनके द्वारा वि० सं० १५०३ से १५४४ के मध्य प्रतिष्ठापित कुछ जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं। इनका विवरण इस प्रकार है:

क्रमांक	संवत्	तिथि/मिति	लेख का स्वरूप	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५०३	आषाढ़ सुदि १०शुक्रवार	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ जिना०, देलवाड़ा, उदयपुर	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक २००
२.	१५०३	"	"	वल्लभविहार, पालीताना	**शत्रुंजयवैभव,** लेखांक ९९.
३.	१५१२	वैशाख सुदि ३	वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वालावसही, शत्रुंजय	वही, लेखांक १३४.
४.	१५१६	वैशाख सुदि १ सोमवार	चन्द्रप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ देरासर, लाडोल	**जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, भाग १, लेखांक ४६४.
५.	१५१७	वैशाखसुदि ३ सोमवार	वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वीरजिनालय, वैदों का चौक, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १२४५.
६.	१५१७	माघवदि ८ सोमवार	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिना०, राधनपुर	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक ३०७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७.	१५२०	वैशाखसुदि १२ बुधवार	अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वीर जिनालय, रीलगेट, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, भाग १, लेखांक १४८.
८.	१५२२	माघसुदि ९ शनिवार	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	भीलडियाजीर्थ	**जैनप्रतिमालेखसंग्रह**, लेखांक ३५७.
९.	१५२२	"	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	" बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक १२७७.
१०.	१५२२	"	"	जैनमंदिर, प्रांतीज	**प्राचीनलेखसंग्रह**, लेखांक ३६२.
११.	१५२२	"	विमलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, लींबड़ीपाड़ा, पाटण	**जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, भाग १, लेखांक २६७.
१२.	१५२२	"	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक १६०८.
१३.	१५२३	वैशाख वदि ४ शुक्रवार	कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैनदेरासर, सौदागरपोल, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, लेखांक ७८६.
१४.	१५२३	वैशाख सुदि ३	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	खरतरवसही, शत्रुंजय	**शत्रुंजयवैभव**, लेखांक १७७.
१५.	१५२७	पौष वदि १	नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	गौड़ीपार्श्वनाथ जिनालय, अजमेर	**जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ५३८.
१६.	१५३०	माघ सुदि १३ रविवार	कुन्थुनाथ की प्रतिमा उत्कीर्ण लेख	गौड़ीपार्श्वनाथ जिनालय, धीजापुर	**जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, भाग १, लेखांक ४५१.
१७.	१५३२	ज्येष्ठ वदि १३ बुधवार	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वासुपूज्य जिनालय, पेढ़ना	**जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ७५१.
१८.	१५३४	फाल्गुन सुदि ३ गुरुवार	चन्द्रप्रभ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैनमंदिर, सूरत	**प्राचीनलेखसंग्रह**, लेखांक ४५७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१९.	१५३५	माघ.....।	कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	धर्मनाथ जिना०, मडार	**अर्बुदाचलप्रदक्षिणा-जैनलेखसंदोह,** लेखांक ८९.
२०.	१५३६	आषाढ़ सुदि ६	"	सुविधिनाथ जिना०, घोघा	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक ४७१.
२१.	१५४१	वैशाख.....	संभवनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ जिना०, करेड़ा	**जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १९१४.
२२.	१५४४	वैशाख सुदि ३ सोमवार	सुमतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	महावीर जिनालय, झवेरीवाड़, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेख,** लेखांक ७९
२३.	१५५१	वैशाख वदि १० गुरुवार	संभवनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिना०, पायधुनी, मुम्बई	**जैनधातुप्रतिमालेख,** लेखांक २६०.

वि०सं० १५१८ में इनके द्वारा प्रतिलिपि की गयी **सूरिमन्त्र** नामक पुस्तक की एक प्रति मुनि पुण्यविजयजी के संग्रह में है।

सुमतिनाथमुख्य बावनजिनालय, मातर में संरक्षित और जिनरत्नसूरि द्वारा वि०सं० १५२५ में स्थापित श्रेयांसनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख में हेमसुन्दरगणि का नाम भी मिलता है, जो इनके शिष्य प्रतीत होते हैं।

जिनरत्नसूरि के एक शिष्य धनेश्वरसूरि हुए, जिनके द्वारा प्रतिष्ठापित तीन जिनप्रतिमायें मिली हैं। इनका विवरण निम्नानुसार है :

१.	१५१८	फाल्गुन वदि ६ गुरुवार	श्रेयांसनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, मालपुरा	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** लेखांक ५८८
२.	१५२३	वैशाख सुदि ३ गुरुवार	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	बालावसही, शत्रुंजय	**शत्रुंजयवैभव,** लेखांक १७७.
३.	१५३६	फाल्गुन	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १०९९

जिनरत्नसूरि के एक शिष्य जिनसाधु हुए, जिनके द्वारा रचित **मृगावतीस्वाध्याय** और **भरतबाहुबलिरास** (रचनाकाल वि०सं० १५५०/ई०स० १४९४) नामक कृतियाँ प्राप्त होती हैं।[२] इनके एक शिष्य (नाम अज्ञात) द्वारा वि०सं० १५४८/ई०सं० १४९२ में **श्राद्धप्रतिक्रमणस्तवक** की प्रतिलिपि की गयी। प्रशस्ति का पाठ निम्नानुसार है :[३]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सं० १५४८ वर्षे माघ वदि १३ शुक्रवारे सुषालयपुरे श्रीवृद्धतपापक्षे प्रभुभट्टारककलिकालश्रीगौतमावतारषट्त्रिंशतसूरि (? गुण) विराजमानगच्छाधीशश्रीपूज्य-श्री ५ जिनरत्नसूरिगुरु-तत्पट्टे श्रीजिनसाधुसूरि-तत्शिष्येणालेखि।

जिनरत्नसूरि

।

जिनसाधुसूरि (वि०सं० १५५०/ई०स० १४९४ में **भरतबाहुबलिरास** । तथा अन्य कृतियों के कर्ता)

जिनसाधुसूरिशिष्य (वि०सं० १५४८/ई०स० १४९२ में **श्राद्धप्रति-क्रमणस्तवक** के प्रतिलिपिकार)

जिनरत्नसूरि के एक अज्ञात नाम शिष्य द्वारा वि०सं० १५३२ में रचित **मंगलकलशरास**[४] नामक कृति प्राप्त होती है।

वि०सं० १५४८ में लिखी गयी **उत्तराध्ययनसूत्र**[५] की दाता प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि तपागच्छ के जिनरत्नसूरि के शिष्य पुण्यकीर्तिगणि के शिष्य साधुसुन्दरगणि के पठनार्थ एक श्रावक परिवार द्वारा उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि करायी गयी।

जिनरत्नसूरि

।

पुण्यकीर्तिगणि

।

साधुसुन्दरगणि (वि०सं० १५४८ में इनके पठनार्थ उत्तराध्ययनसूत्र की प्रतिलिपि की गयी)

चूंकि उक्त प्रशस्ति में जिनरत्नसूरि और उनके शिष्यों को तपागच्छ से सम्बद्ध बताया गया है किन्तु तपागच्छ की वृद्धशाखा को छोड़कर अन्य किसी शाखा में उक्त नामधारी मुनिजन उक्त काल में नहीं हुए हैं अतः इस में उल्लिखित जिनरत्नसूरि को वृद्धतपागच्छीय जिनरत्नसूरि से अभिन्न मानने में कोई बाधा नहीं है।

वृद्धतपागच्छीय सोमशीलगणि द्वारा वि०सं० १५९० में लिखी गयी **पर्यन्ताराधना** की एक प्रति मुनि पुण्यविजयजी के संग्रह में है।[६] इसकी प्रशस्ति के अन्तर्गत प्रतिलिपिकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

जयशेखरसूरि

।

जिनरत्नसूरि

।

पं० पुण्यकीर्तिगणि

।

पं० साधुसुन्दरगणि

।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पं० सोमधर्मगणि

पं० सोमशीलगणि (वि०सं० १५९०/ई०स० १५३४ में **पर्यन्ताराधना** के प्रतिलिपिकार)

पं० सोमशीलगणि के प्रगुरु पं० साधुसुन्दरगणि द्वारा वि०सं० १५४८ में लिखी गयी **उत्तराध्ययनसूत्र** की चर्चा ऊपर की जा चुकी है।

वि०सं० १५४८/ई० स० १४९२ में **सारशिखामणरास** के रचनाकार संवेगसुन्दर भी इसी शाखा से सम्बद्ध थे। श्रीमोहनलाल दलीलचंद देसाई ने इनकी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

जयशेखरसूरि

जिनसुन्दरसूरि

जिनरत्नसूरि

जयसुन्दर

संवेगसुन्दर (वि०सं० १५४८ में **सारशिखामणरास** के रचनाकार)

जैसा कि पूर्व में विभिन्न साक्ष्यों में हम देख चुके हैं जयशेखरसूरि के पट्टधर के रूप में जिनरत्नसूरि का नाम मिलता है न कि जिनसुन्दरसूरि का ; अतः सारशिखरमाणरास के प्रशस्तिगत विवरण को स्वीकार करते हुए जिनरत्नसूरि को जिनसुन्दरसूरि का गुरु मानना उचित प्रतीत होता है। इस प्रकार उक्त प्रशस्तिगत गुरु परम्परा की तालिका को इस प्रकर रखा जा सकता है : जयशेखासूरि - जिनरत्नसूरि - जिनसुन्दरसूरि - जयसुन्दर - संवेगसुन्दर।

वि०सं० १५२९ के एक प्रतिमालेख में भी संवेगसुन्दर का नाम मिलता है।[८]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. A.P.Shah Ed., *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Muni Shree Punya Vijayjis Collection*, Part II. L.D. Series No. , Ahmedabad 196 A.D., No. 4921.

२. Vidhatri Vora. Ed. *Catalogue of Gujrati Mss*, P 502.

३. A.P. Shah, Ibid, Part I. No. 854, P-73.

४. **जैनगूर्जरकविओं,** भाग १, पृष्ठ १५२-५३.

५. अमृतलाल मगनलाल शाह, संपा० **प्रशस्तिसंग्रह**, अहमदाबाद वि०सं० १९९३, भाग २, पृष्ठ ५०, प्रशस्तिक्रमांक १९७.

६. A.P. Shah, Ibid, part I. No. 557, P-46.

७. Vora, Ibid, P-678.
जैनगूर्जरकविओ, भाग १, पृष्ठ १९२-९४.

८. पूरनचन्द नाहर, संपा० **जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १७६६.

बृहद्पौशालिकशाखा की यह उपशाखा कब और किस कारण अस्तित्त्व में आयी, इस सम्बन्ध में हमें आज कोई जानकारी नहीं प्राप्त होती।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International

For Private & Personal Use Only

www.jainelibrary.org

जयशेखरसूरि और उनकी शिष्य-परम्परा की तालिका



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृद्धतपागच्छ/रत्नाकरगच्छ-
भृगुकच्छीयशाखा

जैसा कि पिछले पृष्ठों में कहा जा चुका है जयतिलकसूरि के एक शिष्य रत्नसागर से बृहद्तपागच्छ की भृगुकच्छीयशाखा अस्तित्त्व में आयी। शांतिनाथ जिनालय, पादरा में प्रतिष्ठापित वासुपूज्य की चौबीसी प्रतिमा पर वि०सं० १४७८ का एक लेख उत्कीर्ण है। बुद्धिसागरसूरि ने इसकी वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

सं० १४७८ वर्षे पौष सुदि १५ बुधे मोढज्ञातीय ठ० बहुरा भा० मनू पु०ठ० धर्मा भार्या राणी सु०ठ० वरसिंहेन भार्या वयडू भ्रातृ नरसिंह रयणायर सुत समधर धोघर सहसा हांसा नागराज समस्तकुटुम्बसहितेन निजश्रेयोऽर्थं श्रीवासुपूज्यादि चतुर्विंशतिजिनपट्टकः कारितः प्रतिष्ठितस्तपाश्रीरत्नसागरसूरिक्रमेण श्रीजिनतिलकसूरिपट्टे श्रीज्ञानकलशसूरिभिः शुभं भवतु।

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग २, लेखांक ९

जैसा कि उक्त लेख से स्पष्ट है, इसमें प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में ज्ञानकलशसूरि का नाम मिलता है, साथ ही उनके गुरु जिनतिलक और प्रगुरु रत्नसागर का भी उल्लेख है :

रत्नसागरसूरि

।

जिनतिलकसूरि

।

ज्ञानकलशसूरि (वि०सं० १४७८/ई०स० १४२२ में
वासुपूज्य की धातु की चौबीसी प्रतिमा के प्रतिष्ठापक)

ज्ञानकलशसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित वि०सं० १४८८-८९ की जिनप्रतिमायें भी प्राप्त हुई हैं। बुद्धिसागरसूरि ने इनकी वाचना दी है, जो निम्नानुसार है :

संवत् १४८८ वर्षे वैशाख सुदि १३ रवौ श्रीबुद्धगोत्रे श्रीहुंबडज्ञातीयव० नरसिंहभार्यावा० जाम् तया (श्रे० देवडभार्यादेवलदे?) पुत्रठ० हीराठ० वईराठ० पेथाकेन श्रीआदिनाथ (बिंबं) कारापितं स्वश्रेयसे प्रतिष्ठितं श्रीवृद्धतपापक्षे भट्टा० श्रीज्ञानकलस(श)सूरिभिः शुभं भवतु।।

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग २, लेखांक ७०३.

प्रतिष्ठास्थान - महावीर जिनालय, गोपटी, खंभात

संवत् १४८९ वर्षे वैशाख सुदि ३ बुधे श्रीहुंबडज्ञातीयमहं० सूरा भार्या वा० सोमलदेपुत्रमहं० वणसीपत्नीवा० शाणीपु० सं० वीरधवलभार्यावाईचापूयुतेन स्वकुटुंबश्रेयसे श्रीअजितनाथबिंबं कारापितं प्रतिष्ठितं श्रीज्ञानकलस(श)सूरिभिः शुभं भवतु।।

वही, भाग २, लेखांक ३२३.

प्रतिष्ठास्थान - मुनिसुव्रत जिनालय, भरुच

संवत १४८९ वर्षे वैशाख सुदि ३ बुधे श्रीहुंबडज्ञातीयठ० राजसीहभार्यावा० राजलदे तयोः पुत्रठ० माजाप्रियावा०नान्हीसुतठ० हेमराजभार्या तेजलदेयुतेन श्रीधर्मनाथबिंबं स्वश्रेयसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कारापितं प्रतिष्ठितं श्रीवृद्धतपापक्षे भट्टा० श्रीज्ञानकलससूरिभिः।।

वही, भाग २, लेखांक ११४६

प्रतिष्ठास्थान - श्रीसंभवनाथ जिनालय, बोलपीपलो, खंभात

महावीर जिनालय मेड़ता में प्रतिष्ठापित कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर वि०सं० १५१२ फाल्गुन सुदि ८ शनिवार का एक लेख उत्कीर्ण है। श्री पूरनचन्द नाहर ने इसका पाठ दिया है, जो इस प्रकार है :

संवत् १५१२ फाल्गुन सुदि ८ शनिवार श्री उसभ से० भार्या माणिकदे सुत रणाग्र भार्यायां ४० पिधा भार्या चां सुतयो याते जूरमाण श्री कुंथुनाथ विंबं (बिंबं) कारितं प्रतिष्ठित (तं) श्रीबृहद् तपापंकज श्री बि (वि) जयतिलक सूरि पट्टे श्री विजय धर्म्म सूरि श्रीभूयात्।।

जैनलेखसंग्रह, भाग १, लेखांक ७९७.

जैसा कि लेख से स्पष्ट है, इसमें विजयतिलकसूरि के पट्टधर विजयधर्मसूरि का प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख है।

विजयतिलकसूरि

।

विजयधर्मसूरि (वि०सं० १५१२ में कुन्थुनाथ की प्रतिमा के प्रतिष्ठापक)

विजयधर्मसूरि के पट्टधर विजयरत्नसूरि हुए। इनके द्वारा वि०सं० १५१३ से वि०सं० १५३७ के मध्य प्रतिष्ठापित कई जिन प्रतिमायें मिली हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

क्रमांक	वि०सं०	तिथि/मिति	लेख का स्वरूप	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५१३	वैशाख सुदि २ सोमवार	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पद्मप्रभ जिना०, खेड़ा	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह** भाग २, लेखांक ४३६.
२.	१५२९	आषाढ़वदि ३	सुपार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अनन्तनाथ जिना०, खारवाड़ो, खंभात	वही, भाग २, लेखांक १०४०.
३.	१५२९	आषाढ़वदि ३	वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नवपल्लव पार्श्वनाथ जिना०, बोलपीपलो, खंभात	वही, भाग २, लेखांक १०९४.
४.	१५३७	वैशाख सुदि १० सोमवार	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	मनमोहन पार्श्वनाथ जिनालय, मीयागाम	वही, भाग २, लेखांक २७३.
५.	१५३७	"	शीतलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	सुमतिनाथ जिना०, चोलापोल, खंभात	वही, भाग २, लेखांक ६९२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६.	१५३७	"	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिना०, खंभात	वही, भाग २, लेखांक ७३७.
७.	१५३७	"	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शामला पार्श्वनाथ जिना०, डभोई	वही, भाग १ लेखांक ३४.
८.	१५३७	"	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	धर्मनाथ जिना०, डभोई	वही, भाग १ लेखांक ५८.
९.	१५३७	"	कुंथुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ देरासर, वीसनगर	वही, भाग १ लेखांक ५२७.

वि०सं० १५७३/ई०स० १५१७ के पूर्व रचित **श्रीपालचरित्र** के रचनाकार धर्मधीर बृहद्तपागच्छ की भृगुकच्छ शाखा से सम्बद्ध विजयरत्नसूरि के शिष्य थे। विजयरत्नसूरि के दूसरे शिष्य धर्मरत्नसूरि हुए, जिनके द्वारा प्रतिष्ठापित कुछ जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं जो वि०सं० १५४४ से वि०सं० १५८७ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

क्रमांक	वि०सं०	तिथि/मिति	लेख का स्वरूप	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५४४	वैशाख सुदि ६ गुरुवार	श्रेयांसनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नटोदादा की टूंक	**शत्रुंजयवैभव,** लेखांक २३४ अ.
२.	१५५२	पौष वदि ७ सोमवार	शिलालेख	जैनमंदिर, हमीरगढ़	**अर्बुदाचलप्रदक्षिणा-जैनलेखसंदोह**, (आबू, भाग ५), लेखांक २३४.
३.	१५५५	वैशाख सुदि ३ शनिवार	अजितनाथ की प्रतिमा का लेख	सुविधिनाथ जिना०, घोघा, काठियावाड़	**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १७७१
४.	१५८७	वैशाख.....	पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	बालावसही, शत्रुंजय	**शत्रुंजयवैभव,** लेखांक २८१.

धर्मरत्नसूरि के एक शिष्य विनयमंडन हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती परन्तु इनके शिष्यों विवेकधीरगणि और जयवंतमुनि अपरनाम गुणसौभाग्यसूरि द्वारा रचित कृतियां प्राप्त होती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेकधीरगणि ने वि०सं० १५८७/ई०स० १५३१ में **शत्रुंजयोद्धारप्रबन्ध** की रचना की।[१] जयवंतमुनि अपरनाम गुणसौभाग्यसूरि द्वारा रचित विभिन्न कृतियां मिलती है,[२] जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं --

१.	**अंतरंगगीत**	२.	**अजितनाथगीत**
३.	**कर्णेन्द्रियगीत**	४.	**कर्णेन्द्रियपरवश हरिणगीत**
५.	**घ्राणेन्द्रियगीत**	६.	**नेमिराजीमतिवारमास**
७.	**नेत्रपरवश पतंगगीत**	८.	**पंचेन्द्रियगीत**
९.	**मनभमरागीत**	१०.	**वैराग्यगीत**
११.	**स्पर्शेन्द्रियगीत**	१२.	**स्थूलिभद्रकोशालेख**
१३.	**शृंगारमंजरी** (रचनाकाल वि०सं०१६१४)	१४.	**सीमंधरजिनस्तवन**

धर्मरत्नसूरि के दूसरे शिष्य विद्यामंडन हुए। वि०सं० १५८७ और १५९७ के प्रतिमालेखों में इनका नाम मिलता है।

क्रमांक	वि०सं०	तिथि/मिति	लेख का स्वरूप	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५८७	पौष वदि ६ रविवार	सुपार्श्वनाथ की धातु प्रतिमा का लेख	संभवनाथदेरासर, पादरा	जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह, भाग २, लेखांक १०.
२.	१५८७			शांतिनाथ जिना०, नदियाड	वही, भाग २, लेखांक ३८३.
३.	१५९७	पौष वदि ६ रविवार	जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	धर्मनाथ जिना०, उपलो गभारो, अहमदाबाद	वही, भाग १, लेखांक ११०७.

विद्यामंडनसूरि के शिष्यों के रूप में जयमंडन, विवेकमंडन, रत्नसागर (द्वितीय), सौभाग्यरत्न और सौभाग्यमंडन का नाम मिलता है। संभवनाथ जिनालय, खंभात में प्रतिष्ठापित सुपार्श्वनाथ की धातु की एक प्रतिमा पर प्रतिष्ठापक के रूप में वृद्धतपागच्छ के सौभाग्यरत्नसूरि का नाम मिलता है।[३] लेख के पाठ के अनुसार यह प्रतिमा वि०सं० १६३४ फाल्गुन सुदि १० सोमवार को प्रतिष्ठापित की गयी है। मुनि जिनविजयजी ने इस लेख के प्रतिष्ठापक सौभाग्यरत्नसूरि और विद्यामंडनसूरि के शिष्यों में हुए सौभाग्यरत्न को एक ही माना है।[४] इस काल के पश्चात् इस शाखा से सम्बद्ध अन्य कोई साक्ष्य नहीं मिलता।

उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर वृद्धतपागच्छ/रत्नाकरगच्छ-भृगुकच्छीयशाखा के मुनिजनों की एक तालिका संकलित की जा सकती हैं, जो इस प्रकार हैं :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. **जिनरत्नकोश,** पृ० ३९७.

२. वही, पृ० ३७३.
जैनगूर्जरकविओ, द्वितीयसंशोधितसंस्करण, भाग २, पृ० ६९-७१ और आगे

३. Vidhatri Vora, Ibid. P-739-42.

४. **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १११९.

५. विवेकधीरगणि, **शत्रुंजयोद्धारप्रबन्ध**, प्रस्तावना.
मूलग्रन्थ उपलब्ध न होने से यह संदर्भ श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई कृत **जैनगूर्जरकविओ,** भाग २, पृष्ठ ७०-७१ के आधार पर दिया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-कमलकलशशाखा

तपागच्छीय आचार्य सोमसुन्दरसूरि के शिष्य और मुनिसुन्दरसूरि, रत्नशेखरसूरि आदि के आज्ञानुवर्ती आचार्य सोमदेवसूरि अपने समय के समर्थ कवि और प्रमुख वादी थे। मेवाड़ के शासक राणाकुम्भा, जूनागढ़ के शासक खेंगार और चांपानेर के शासक जयसिंह को अपनी काव्यकला से इन्होंने प्रभावित किया था।[1] इनके द्वारा रचित **सिद्धान्तस्तवअवचूरि, कथामहोदधि, चतुर्विंशतिजिनस्तोत्र, युस्मदस्महष्टादशस्तव की अवचूरि** (रचनाकाल वि०सं० १४९७/ई०स० १४४१) आदि कृतियां मिलती हैं।[2] वि०सं० १५१७, १५१८ और १५२० के प्रतिमा लेखों में इनका नाम मिलता है।

दिल्ली स्थित नवघरे के मंदिर में भगवान् शांतिनाथ की प्रतिमा पर वि०सं० १५१७ वैशाख सुदि ८ का एक लेख उत्कीर्ण है[3]। इसमें रत्नशेखरसूरि और लक्ष्मीसागरसूरि के साथ सोमदेवसूरि का भी नाम मिलता है।

अचलगढ़ स्थित चौमुख जिनालय में प्रतिष्ठापित आदिनाथ की प्रतिमा पर वि०सं० १५१८ वदि४ का एक लेख उत्कीर्ण है। इसमें तपागच्छीय आचार्य सोमसुन्दरसूरि के पट्टधर के रूप में मुनिसुन्दरसूरि और जयचन्द्रसूरि तथा इन दोनों के पट्टधर के रूप में रत्नशेखरसूरि एवं रत्नशेखरसूरि के शिष्य के रूप में सोमदेवसूरि और लक्ष्मीसागरसूरि का नाम मिलता है[4]। ठीक यही बात इसी जिनालय में प्रतिष्ठापित इसी समय की शांतिनाथ और नेमिनाथ की प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों से भी ज्ञात होती है[5]। पार्श्वनाथदेरासर, देवसानो पाड़ो, अहमदाबाद में संरक्षित अभिनन्दन स्वामी की धातु की प्रतिमा वि०सं० १५२० आषाढ़ सुदि २ गुरुवार का एक लेख उत्कीर्ण है[6]। इसमें सोमदेवसूरि का उल्लेख करते हुए उन्हें लक्ष्मीसागरसूरि का शिष्य कहा गया है। ठीक यही बात वि०सं० १५२० के दो अन्य प्रतिमालेखों; वि०सं० १५२१ के एक प्रतिमालेख एवं वि०सं० १५२२ के दो प्रतिमालेखों के बारे मे भी कही जा सकती है। इनका विवरण इस प्रकार है:

१.	१५२०	कुन्थुनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	सीमंधर स्वामी का देरासर, उपलो मंभारो, अहमदाबाद	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, ११९९
२.	१५२०	विमलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शान्तिनाथ जिनालय, शांतिनाथ पोल, अहमदाबाद	वही, भाग १, लेखांक १२५८
३.	"	वासुपूज्य की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	संभवनाथ देरासर, झवेरीवाड़, अहमदाबाद	वही, भाग १, लेखांक ८३४
४.	"	शीतलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, माणेकचौक, खम्भात	वही, भाग १, लेखांक १०५४
५.	१५२१ माघ सुदि १३	"	जैन देरासर, बड़ोदरा	**प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक ३५५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६.	१५२२	संभवनाथ की धातु की प्रतिमा पौष वदि पर उत्कीर्ण लेख १ गुरुवार	गौड़ीजी का मंदिर, उदयपुर	वही, लेखांक ३६१
७.	"	--	जैनदेरासर, बंभोई	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक १६

रत्नशेखरसूरि के पश्चात् लक्ष्मीसागरसूरि तपागच्छ के नायक बने तब सोमदेवसूरि ने अपने शिष्य शुभलाभ को आचार्य पद प्रदान कर सुधानन्दनसूरि नाम दिया[७]। वि०सं० १५११ में लिखी गयी **शांतिनाथचरित** की प्रतिलेखन प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि उक्त प्रति सोमदेवसूरि के शिष्य के उपदेश से लिखी गयी[८]। सोमदेवसूरि के एक अन्य शिष्य चारित्रहंसगणि हुए जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती किन्तु इनके शिष्य सोमचारित्र ने वि०सं० १५४१/ई०स० १४८५ में **गुरुगुणरत्नाकरकाव्य** की रचना की[९]। इस काव्य में आचार्य लक्ष्मीसागरसूरि का जीवनवृत्तांत वर्णित है।

सोमदेवसूरि के एक शिष्य सुमतिसुन्दर हुए जिनके उपदेश से चालिग (?) नामक एक श्रावक, जो राणकपुर स्थित त्रैलोक्यदीपक प्रासाद के निर्माता धरणाशाह के भाई रत्नसिंह का पुत्र और मालवा के सुल्तान गयासुद्दीन खिलजी का धर्मभ्राता था, ने राणा लक्षसिंह की अनुमति से अचलगढ़ पर विशाल चौमुख प्रासाद का निर्माण कराया और उसमें पित्तल की १२० मन वजन की जिन प्रतिमा प्रतिष्ठापित करायी[१०]।

सुमतिसुन्दरसूरि के उपदेश से मांडवगढ़ के संघवी वेलाक ने सुल्तान से फरमान प्राप्त कर संघ के साथ जीरापल्ली, अर्बुदगिरि, राणकपुर आदि तीर्थों की यात्रा की[११]।

सुधानन्दनसूरि के एक शिष्य (नाम अज्ञात) ने वि०सं० १५३३/ई०स० १४७७ के आस-पास **ईडरगढ़चैत्यपरिपाटी**[१२] की रचना की।

सुमतिसुन्दर के शिष्य कमलकलश हुए। इन्हीं से वि०सं० १५५४ या १५५५[१३] (अन्य मतानुसार वि०सं० १५७२[१४]) में तपागच्छ की एक नई उपशाखा-**कमलकलशशाखा** अस्तित्व में आयी। किस कारण से और कहाँ इस शाखा का जन्म हुआ, इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं मिलती।

कमलकलशसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित कुछ जिन प्रतिमायें प्राप्त हुई हैं जो वि०सं० १५५१ से लेकर १६०३ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

	वि०सं०	तिथि/मिति	लेख का स्वरूप	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५५१	वैशाख सुदि १३ गुरुवार	पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	महावीरस्वामी का मंदिर, बीकानेर	अगरचन्द भंवरलाल नाहटा, संपा०- **बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक १२५३.
२.	१५५३	वैशाख सुदि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ का पंचायती बड़ा मंदिर, अजीमगंज, मुर्शिदाबाद	पूरनचन्द नाहर, संपा० **जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक १५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३.	१५५३	फाल्गुन सुदि४	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा उत्कीर्ण लेख	जैनमंदिर, चाणस्मा	बुद्धिसागरसूरि, संपा०, **जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, भाग १, लेखांक ११५.
४.	१५६०	वैशाख सुदि३	वासुपूज्य की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ चैत्य, थराद	दौलत सिंह लोढा, संपा०, **जैनप्रतिमालेख-संग्रह**, लेखांक १२५.
५.	१६०३	माघ वदि८ शुक्रवार	चारसाख पर उत्कीर्ण लेख	महावीर जिनालय, पींडवाड़ा	मुनिजयन्तविजय, संपा०, **अर्बुदाचल-प्रदक्षिणाजैनलेख-संदोह**, लेखांक ३८२. एवं **जैनलेखसंग्रह** भाग १, लेखांक९४९.

कमलकलशसूरि के एक शिष्य भुवनसोमगणि हुए जिन्होंने वि०सं० १५५१ में डीसा में आनन्दभुवन के पठनार्थ **दशवैकालिकसूत्र** की प्रतिलिपि की[१५]। आनन्दभुवन कौन थे! भुवनसोमगणि और कमलकलशसूरि से उनका क्या सम्बन्ध था! इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती। कमलकलशसूरि के एक शिष्य कुलउदय गणी हुए जिनकी अचलगढ़ स्थित ऋषभदेव लघुप्रासाद में उत्कीर्ण वि०सं० १५५८ कार्तिक वदि १३ के एक शिलालेख में उल्लेख मिलता है।[१५अ]

कमलकलशसूरि के पट्टधर उनके दूसरे शिष्य जयकल्याणसूरि हुए। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित कई जिन सलेख प्रतिमायें मिली हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है :

	वि०सं०	तिथि/मिति	लेख का स्वरूप	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५६६	फाल्गुन वदि६ गुरुवार	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शीतलनाथ जिना०, उदयपुर	**जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ११०३.
२.	१५६६	फाल्गुन सुदि१०	शिलालेख	चतुर्मुख विहार, आदिनाथ प्रासाद, अचलगढ़	मुनि जयन्तविजय, संपा०, **अर्बुदप्राचीन-जैनलेखसंदोह**, लेखांक ४६४, ४७१, ४७३, ४७४, ४८२, ४८३ एवं ४८४. मुनिजिनविजय, संपा०, **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग२, लेखांक २६३, २६८.
३.	१५६६	फाल्गुन सुदि१० सोमवार	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिना०, अचलगढ़	**जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक २०२७-२०२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४.	१५६७	वैशाख वदि १ गुरुवार	अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	घर देरासर, बड़ोदरा	**जैनधातुप्रतिमालेख-संग्रह**, भाग २, लेखांक २४६.
५.	१५७२	वैशाख सुदि ५ सोमवार	धर्मनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथजिनालय, नाहटों की गवाड़, बीकानेर	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक १५११.
६.	१५७३	फाल्गुन वदि २ रविवार	वासुपूज्य की धातु की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वासुपूज्य जिनालय, बीकानेर	वही, लेखांक १३८९.
७.	१५७५	फाल्गुन वदि ४	संभवनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अजितनाथ जिना०, कटरा, अयोध्या.	**जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १६४६.
८.	१५८७	पौष सुदि ६ रविवार	"	सुमतिनाथ जिना०, जयपुर	विनयसागर, संपा०, **प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, लेखांक ९७७.

जयकल्याण के एक शिष्य चारित्रसुन्दर अपरनाम चरणसुन्दर[१६] हुए जो वि०सं० १५६६ फाल्गुन सुदि १० को अचलगढ़ पर निर्मित आदिनाथ प्रासाद में प्रतिमाप्रतिष्ठा के समय उपस्थित थे।

जयकल्याण के एक अन्य शिष्य विमलसोम हुए जिनके द्वारा रचित न कोई कृति मिलती है और न ही कोई जिन प्रतिमा। ठीक यही बात इनके शिष्य लक्ष्मीरत्न के बारे में भी कही जा सकती है, किन्तु इनके शिष्य ने (अपने को लक्ष्मीरत्नशिष्य बतलाते हुए) वि०सं० की १७वीं शताब्दी में **सुरप्रियरास** की रचना की।[१७]

कमलकलशशाखा से सम्बद्ध अगला साक्ष्य इसके लगभग १०० वर्ष पश्चात् का है। वि०सं० १६५६ में **कोकशास्त्रचतुष्पदी** के कर्ता नर्बुदाचार्य ने स्वयं को कमलकलशशाखा के मतिलावण्य का शिष्य कहा है[१८]। चारित्रसुन्दर एवं लक्ष्मीरत्न आदि के साथ इनका क्या सम्बन्ध रहा, प्रमाणों के अभाव में यह जान पाना कठिन है।

कमलकलशशाखा से सम्बद्ध अगला साक्ष्य इसके लगभग १३५ वर्ष पश्चात् का है। यह वि०सं० १७८५ का एक शिलालेख है। जो विमलवसही, आबू[१९] से प्राप्त हुआ है। इसमें कमलकलशशाखा के पद्मरत्नसूरि और उनके शिष्यों-उमंगविजय, भावविजय आदि द्वारा यहां की यात्रा करने का उल्लेख है।

जैन मंदिर माकरोरा, सिरोही से प्राप्त वि०सं० १७९० के एक शिलालेख में तपागच्छीय कमलकलशशाखा के रत्नसूरि और उनके शिष्य कमलविजयगणि के चातुर्मास करने का उल्लेख है।

जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं वि०सं० १७८५ के लेख में पद्मरत्नसूरि का नाम आ चुका है, अतः वि०सं० १७९० के शिलालेख[२०] में उल्लिखित रत्नसूरि को समसामयिकता,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नामसाम्य आदि के आधार पर उक्त पद्मरत्नसूरि से अभिन्न माना जा सकता है। इस आधार पर दोनों शिलालेखों में उल्लिखित भावविजय और कमलविजय परस्पर गुरुभ्राता सिद्ध होते हैं।

नर्बुदाचार्य और भावरत्नसूरि के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था, यह ज्ञात नहीं होता।

भावरत्नसूरि (वि०सं० १७८५-९०) शिलालेख

भावविजय कमलविजय

कमलकलशशाखा से सम्बद्ध अगला साक्ष्य वि०सं० १८३८ का एक लेख[२१] है जो अचलगढ़ से प्राप्त हुआ है। यह लेख इस शाखा के हर्षरत्नसूरि और सुन्दरविजयगणि की चरण पादुका पर उत्कीर्ण है।

चूंकि वि०सं० १७८५ और १७९० में इस शाखा के आचार्यों का रत्नान्त नाम मिलता है, यही बात वि०सं० १८३८ के चरणपादुका के लेख में भी हम देखते हैं, अतः यह कहा जा सकता है कि भावरत्नसूरि के पश्चात् और वि०सं० १८३८ के पूर्व कमलकलशशाखा में हर्षरत्नसूरि नामक आचार्य हुए जिनके शिष्य जीवणविजय ने वि०सं० १८३८ में अपने गुरु की चरणपादुका स्थापित करायी। उक्त साक्ष्यों के आधार पर इस शाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की एक तालिका निर्मित होती है, जो इस प्रकार है : द्रष्टव्य तालिका -१.

ऋषभदेव जिनालय, अचलगढ में उत्कीर्ण वि.सं० १९६३ वैशाख शुक्ल ११ शुक्रवार के एक अभिलेख में इस शाखा के भट्टारक यशोभद्रसूरि की पादुका और अपनी पादुका को भट्टारक विजयमहेन्द्रसूरि ने सिरोहीदेश के अचलदुर्ग में श्रीकेशरी सिंह के राज्य में स्थापित करायी। मुनि जयन्तविजय-**अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४९०।

मूल लेख की वाचना निम्नानुसार है:

सं. १९६३ वैशाख सुदि ११ शुक्रवासरे कमलकलशशाखायां श्रीमतपागच्छे भट्टारक श्रीयशोभद्रसूरीश्वर पुनःनिजपादुक० भट्टारक श्री विजयमहेन्द्रसूरिभिः प्रतिष्ठितम् (ता) श्री सिरोहीदेशे श्रीकेशरीसिंधराज्ये श्रीअचलमहादुर्गे।

चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, लाज, अचलगढ़ में उत्कीर्ण वि०सं० १९७७ ज्येष्ठ वदि १३ रविवार के एक शिलालेख में इस शाखा के पट्टधर मुनिजनों के नाम मिलते हैं, जो इस प्रकार है:

कमलकलशसूरि-जयकल्याणसूरि-भट्टारक विशालसूरि-भ०लक्ष्मीरत्नसूरि-भ०हंसरत्नसूरि-भ०कल्याणरत्नसूरि-भ०धर्मरत्नसूरि-भ० देवरत्नसूरि-भ०जयरत्नसूरि- भ०पद्मरत्नसूरि-भ०हर्षरत्नसूरि-भ० राजेन्द्रसूरि-भ०यशोभद्रसूरि-भ०रविरत्नसूरि-विद्यमान कमलकलशगच्छ (शाखा) पति विजयमहेन्द्रसूरि। लेख में इनकी पादुका स्थापित करने का उल्लेख है। मुनि जयन्तविजय-**अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४८२।

यहीं से प्राप्त उक्त तिथि एवं संवत् के उल्लेख वाला एक अन्य शिलालेख भी है जिसमें उक्त आचार्य द्वारा चिन्तामणि पार्श्वनाथ के जिनालय की प्रतिष्ठा का उल्लेख हैं, **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४८३। वि०सं० १९७८ के उक्त शिलालेख में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राप्त इस शाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की नामावली के आधार पर कमलकलश शाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की पूर्वोक्त तालिका के जो नवीन स्वरुप प्राप्त होता है वह इस प्रकार है : द्रष्टव्य तालिका -२.

इस प्रकार वि०सं० की २० वीं शताब्दी तक इस शाखा का किसी न किसी प्रकार अस्तित्व बना रहा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

तपागच्छ-कमलकलशशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की तालिका-१



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International

For Private & Personal Use Only

www.jainelibrary.org

तपागच्छ-कमलकलशशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की तालिका-२



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१-२. "तपागच्छ-कमलकलशशाखा की पट्टावली" मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, संपा०, जयन्त कोठारी, पृष्ठ १०६-७.

३. पूरनचंद नाहर, संपा०-संग्रा०- **जैनलेखसंग्रह**, भाग १, कलकत्ता १९१८ ई०, लेखांक ४८३.

४. मुनि जिनविजय, संपा० **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, भावनगर १९२१ ई०स०, लेखांक २६४.

५. वही, लेखांक २६५, २६७.
मुनि जयन्तविजय, संपा०-**अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४६७, ४६९.

६. बुद्धिसागरसूरि, संपा०- **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक १०६०.

७. **तपागच्छ-कमलकलशशाखा** की पट्टावली
देसाई, पूर्वोक्त, पृष्ठ १०६.

८. मुनि चतुरविजय, संपा०-**श्रीजैनस्तोत्रसन्दोह**, भाग २, प्रस्तावना, पृष्ठ १०४.
मोहनलालदलीचंद देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास**, कंडिका ७२९, पृष्ठ ५०२.

१०. वही, कंडिका ७२५, पृष्ठ ४९९-५००.

११. वही, कंडिका ७२६, पृष्ठ ५००.

१२. वही, कंडिका ७२६, टिप्पणी, पृष्ठ ४९९.

१३. द्रष्टव्य-संदर्भ संख्या ७.

१४. मुनि चतुरविजय, **पूर्वोक्त**, प्रस्तावना, पृष्ठ ११०.

१५. वही, पृष्ठ ११०-११.

१५ अ. मुनि जयन्तविजय, वही, लेखांक ४८८

१६. मुनि जयन्तविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ४६४, ४७१, ४७३, ४७४, ४८२, ४८३ एवं ४८४.
मुनि जिनविजय, **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक २६३, २६८.

१७. **जैनगूर्जरकविओ**, भाग १, पृष्ठ २४४-४५.

१८. Vidhatri Vora, *Ed. Catalogue of Gujarati Mss. Muni Shree Punya Vijayji's Collecetion*, L.D. Series, No-71, Ahmedabad 1978, P-477
जैनगूर्जरकविओ, भाग २, पृष्ठ ३००, ३०३.

१९. **अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक १९७.

२०. **जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ९७०.

२१. **अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४८९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-कुतुबपुरा शाखा का इतिहास

तपागच्छ के ५०वें पट्टधर प्रसिद्ध रचनाकार आचार्य सोमसुन्दरसूरि के शिष्य और मुनिसुन्दरसूरि, रत्नशेखरसूरि, लक्ष्मीसागरसूरि आदि के आज्ञानुवर्ती सोमदेवसूरि हुए। इनके एक शिष्य सुधानन्दन हुए जिनके प्रशिष्य कमलकलशसूरि से तपागच्छ की कमलकलशशाखा अस्तित्व में आयी। सोमदेवसूरि के दूसरे शिष्य रत्नहंसगणि की शिष्यसंतति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती। सोमदेवसूरि के तीसरे शिष्य चारित्रहंस हुए जिनके शिष्य सोमचारित्र ने वि०सं० १५४१ में गुरुगुणरत्नाकरकाव्य की रचना की। सोमदेवसूरि के चौथे शिष्य रत्नमंडनगणि हुए। इनके द्वारा रचित **रंगरत्नाकरनेमिफाग** (रचनाकाल वि०सं० १४९९/ ई०स० १४४३), **जल्पमंजरी, नारीनिरासफाग, सुकृतसागर** (रचनाकाल वि०सं० १५१७/ ई०स० १४६१) आदि रचनायें प्राप्त होती हैं।[१]

रत्नमंडनगणि के शिष्य सोमजय हुए। लक्ष्मीसागरसूरि द्वारा इन्हें आचार्य पद प्राप्त हुआ। मंत्रीश्वर गदाशाह द्वारा निर्मित १०८ मन वजन की ऋषभदेव की पित्तल की एक प्रतिमा जो आबू स्थित भीमाशाह के मंदिर में संरक्षित है, जिस पर उत्कीर्ण वि०सं० १५२५ फाल्गुन सुदि ७ शनिवार के चार लेख[२] और वि०सं० १५२९ के एक लेख[३] तपागच्छीय आचार्य लक्ष्मीसागरसूरि, जिनहंस, सुमतिसुन्दरगणि आदि के साथ सोमजय और उनके शिष्य जिनसोम का भी नाम मिलता है। जिनसोम द्वारा रचित **स्तम्भनपार्श्वजिनस्तोत्र, ऋषभवर्धमानजिनस्तोत्र, तारंगामंडनअजितनाथजिनस्तवन, महावीरस्तवन** आदि कृतियां मिलती हैं।[४]

सोमजय के दूसरे शिष्य इन्द्रनंदि हुए, जिनके द्वारा प्रतिष्ठापित कई जिनप्रतिमायें मिलती हैं, जो वि०सं० १५४० से वि०सं० १५७९ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

क्रमांक	संवत्	तिथि/मिति	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१५४०	ज्येष्ठ सुदि २ सोमवार	सुविधिनाथ जिनालय, पित्तलहर, आबू	मुनि जयन्तविजय संपा०, **अर्बुदप्राचीनजैनलेख-संदोह**, लेखांक ४३२, ४३४, ४३५.
२.	१५४८	तिथिविहीन	सीमंधरस्वामी का मंदिर, बीकानेर	अगरचन्द भंवरलाल नाहटा, संपा०, **बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक ११९०.
३.	१५५६	माघ सुदि६	शांतिनाथ जिनालय, खंभात	आचार्य बुद्धिसागर, संपा०, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ८९८.
४.	१५५८	आषाढ़ सुदि८	घर देरासर, बड़ोदरा	वही, भाग २,लेखांक २३१.
५.	१५५९	आषाढ़ सुदि८	जैनमंदिर, सूतटोला, वाराणसी	पूरनचन्द नाहर, संपा०, **जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ४०४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६.	१५६१	ज्येष्ठ सुदि २ सोमवार	सुमतिनाथ मुख्यबावन जिनालय, मातर	आचार्य बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ५०६.
७.	१५६३	आषाढ़ सुदि....गुरुवार	घर देरासर, लखनऊ	पूरनचन्द नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १६१०.
८.	१५६३	"	शांतिनाथ जिनालय, कनासानो पाड़ो, पाटण	आचार्य बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग१, लेखांक ३७५.
९.	१५६३	"	संभवनाथ देरासर, पादरा	वही, भाग २, लेखांक १५.
१०.	१५६९	मितिविहीन	आदिनाथ जिनालय, नाडलाई	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८४९ तथा मुनि जिनविजय, संपा०, **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ३३८.
११.	१५७१	मितिविहीन	वही	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८५७, तथा मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ३३९.
१२.	१५७९	मितिविहीन	जैनमंदिर, भांमासर, बीकानेर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १३५४.

वि०सं० १५५८ में इन्होंने अपने एक शिष्य धर्महंस को कुतुबपुरा नामक ग्राम में अपने पट्ट पर स्थापित किया। कुतुबपुरा नामक स्थान से अस्तित्त्व में आने के कारण इसका नाम कुतुबपुराशाखा पड़ा।[७] धर्महंस द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है किन्तु इनके शिष्य इन्द्रहंस द्वारा रचित कुछ कृतियाँ मिलती हैं जो इस प्रकार हैं-

१. **भुवनभानुचरित्र** (वि०सं० १५५४/ई०स० १४९८)
२. **उपदेशकल्पवल्लीटीका** (वि०सं० १५५५/ई०स० १४९९)
३. **बलिनरेन्द्रकथा** (वि०सं० १५५७/ई०स० १५०१)
४. **विमलचरित्र** (वि०सं० १५७८/ई०स० १५२२)

इन्द्रनन्दिसूरि के एक शिष्य सिद्धान्तसागर ने वि०सं० १५७० में **दर्शनरत्नाकर**[८] की रचना की। सिद्धान्तसागर की शिष्यपरम्परा आगे चली अथवा नहीं इस सम्बन्ध में हमारे पास कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

इन्द्रनन्दिसूरि के एक अन्य शिष्य सौभाग्यनन्दि हुए, जिनके द्वारा रचित **मौनएकादशीकथा**[९] नामक कृति प्राप्त होती है। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित कुछ जिन प्रतिमायें भी प्राप्त हुई हैं जो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १५७१ से वि०सं० १५९७ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

१.	१५७१	तिथिविहीन	देवकुलिका का लेख, आदिनाथ जिनालय, हस्तिकुण्डी (हथुंडी)	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ३३.
२.	१५७६	माघ सुदि ५ गुरुवार	शांतिनाथ जिनालय, शांतिनाथपोल, अहमदाबाद	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १३११.
३.	१५८८	ज्येष्ठ सुदि ५ गुरुवार	वही	वही, भाग १, लेखांक १३२५.
४.	१५९१	वैशाख वदि ६ शुक्रवार	संभवनाथ जिनालय, बालूचर, मुर्शिदाबाद	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ५४.
५.	१५९७	चैत्र सुदि १३ गुरुवार	जैनमंदिर, चाणस्मा	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १३१.

इन्द्रनंदिसूरि के चौथे शिष्य संयमसागर का भी उल्लेख मिलता है[१०]। इनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती और न ही किन्हीं अन्य साक्ष्यों से इस सम्बन्ध में कोई जानकारी ही प्राप्त होती है। इनके शिष्य के रूप में हंसविमल का नाम मिलता है[११]।

सौभाग्यनन्दि के पट्टधर हंससंयम हुए, जिनके समय की वि०सं० १६०६ में लिखित एक ग्रन्थ की प्रति प्राप्त हुई है[१२]। हंससंयम के शिष्य हंसविमल का नाम वि०सं० १६२१ के एक शिलालेख में उत्कीर्ण है[१३]। यह शिलालेख विमलवसही, आबू से प्राप्त हुआ है। इस शाखा से सम्बद्ध यह अंतिम साक्ष्य है।

संयमसागर के शिष्य हंसविमल तथा हंससंयम के शिष्य हंसविमल एक ही व्यक्ति थे अथवा अलग-अलग! पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में इस सम्बन्ध में ठीक-ठीक कुछ भी कह पाना कठिन है, फिर भी समसामयिकता, नामसाम्य, गच्छसाम्य आदि को देखते हुए दोनों हंसविमलसूरि को एक ही व्यक्ति माना जा सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

तपागच्छ-कुतुबपुराशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की तालिका



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास**, पृष्ठ ४९८, कंडिका ७०९.

मुनि चतुरविजय, **मंत्राधिराजचिन्तामणि** अपरनाम **जैनस्तोत्रसंदोह**, भाग २, प्रस्तावना, पृष्ठ १०४ तथा आगे।

२-३. मुनि जिनविजय, संपा०, **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, लेखांक २४५, २५१, २५२, २५६.
मुनि जयन्तविजय, संपा० **अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४०७,४०८, ४१०,४११,४१८,४१९,४७२.

४. मुनि चतुरविजयजी, पूर्वोक्त, पृष्ठ १०५-१०७.

५. वही, पृष्ठ १०६.

६. मोहनलाल दलीचंद देसाई, पूर्वोक्त, पृष्ठ ५२४-२५, कंडिका ७७०-७२.

७. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, संपा०, जयन्त कोठारी, "तपागच्छ कुतुबपुराशाखानिगममत पट्टावली" पृष्ठ १०७.

८. **जैनसाहित्यनो**....., कंडिका ७५८,

९. वही, कंडिका ७५८.

१०. **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, पृष्ठ १०७.

११-१२वही।

१३. मुनि जयन्तविजय, **अर्बुदप्राचीन**....., लेखांक १९६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-लघुपौशाालिक शाखा अपरनाम हर्षकुलशाखा या सोमशाखा

तपागच्छ से समय-समय पर विभिन्न कारणों से विभिन्न शाखायें अस्तित्त्व में आयी। लघु पौशालिक शाखा भी एक है। यह शाखा हर्षकुलशाखा और सोमशाखा के नाम से भी जानी जाती है। प्राप्त विवरणानुसार तपागच्छ के ५५वें पट्टधर आचार्य हेमविमलसूरि ने अपने शिष्य आनन्दविमल को सूरि पद प्रदान कर अपना पट्टधर नियुक्त किया था। बाद में आनन्दविमलसूरि द्वारा एक अल्पवयस्क बालिका को दीक्षा देने के कारण गुरु-शिष्य में परस्पर मतभेद हो गया जो आगे चलकर बढ़ता ही गया, तब हेमविमलसूरि ने अपनी मृत्यु से पूर्व सौभाग्यहर्ष को अपना पट्टधर नियुक्त किया, जिनकी परम्परा लघु पौशालिक शाखा के नाम से विख्यात हुई। इस शाखा का उक्त नामकरण क्यों हुआ, इस सम्बन्ध में आज हमें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस शाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये कुछ ग्रन्थ प्रशस्तियां, पुस्तक प्रशस्तियां तथा एक पट्टावली और सीमित संख्या में अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध हैं जिनके आधार पर इस शाखा के इतिहास की एक झलक प्रस्तुत करने का यहां प्रयास किया जा रहा है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है इस शाखा की एक पट्टावली[1] भी मिलती है जो विक्रम सम्वत् की १९वीं शती के अंतिम चरण में संकलित गयी प्रतीत होती है। इसमें आचार्य हेमविमलसूरि के पट्टधर एवं इस शाखा के आदिपुरुष सौभाग्यहर्षसूरि से लेकर अंतिम पट्टधर गयचन्द्रजी तक हुए प्रत्येक पट्टधर आचार्यों का न्यूनाधिक विवरण प्राप्त होता है, जिसे एक तालिका के रूप में निम्न प्रकार से रखा जा सकता है :

तालिका-क्रमांक-१

हेमविमलसूरि (तपागच्छ के ५५वें पट्टधर; वि०सं० १५८३ में स्वर्गस्थ

आनन्दविमलसूरि

.....तपागच्छ मूल परम्परा जारी.....

सौभाग्यहर्षसूरि (वि०सं० १५८३ में गुरु के पट्टधर;
।
वि०सं० १५९७ में स्वर्गस्थ)
सोमविमलसूरि (वि०सं० १५९७ में आचार्य पद
।
प्राप्त; वि०सं० १६३६ में स्वर्गस्थ)
हेमसोमसूरि (वि०सं० १६३६ में गुरु के पट्टधर;
।
वि०सं० १६७९ में स्वर्गस्थ)
विमलसोमसूरि (वि०सं० १६६७ में आचार्यपद प्राप्त,
।
वि०सं० १६८८ मार्गशीर्ष सुदि १५
।
को स्वर्गस्थ)
विशालसोमसूरि
।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं वि०सं० १५८३ में आचार्य हेमविमलसूरि के निधन के पश्चात् सौभाग्यहर्षसूरि उनके पट्टधर बने। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित कुछ जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं जो वि०सं० १५८४ से वि०सं० १५९५ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

१. सं० १५८४ वर्षे चैत्र वदि ५ गुरौ प्राग्वाट्ज्ञातीय वीसलनगर-वास्तव्य सं० रत्नाकेन भा० पूतलि पुत्र सं० कान्हा पुत्रा रमाई प्रमुखयुतेन श्रेयोर्थं श्रीकुन्थुनाथबिंबं कारितं तपागच्छे श्रीहेमविमलसूरि पट्टे **श्रीसौभाग्यहर्षसूरिभिः**॥

कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख,
प्रतिष्ठास्थान-मोतीशाह की टूंक, शत्रुंजय, पालिताना
मुनिकांतिसागर, संपा० **शत्रुंजयवैभव,** लेखांक २७९.

२. सं० १५८४ वर्षे चैत्र वदि ९ सोमे आमलेश्वरवास्तव्य ला० श्रीमाल० ज्ञा० श्रीजिनधर्मनिष्ठिकश्रे० सदाभा० नाथीपुत्रश्रे० जिणदासभा० पूतलिनाम्न्या भ्रा०श्रे० डूंगरश्रेष्ठिवर्द्धमान श्रे० हेमादियुतेन पुत्रभूपामंगासहितेन स्वश्रेयोऽर्थं श्रीमुनिसुव्रतचतु० का०प्र० तपागच्छे **श्रीश्रीश्रीसौभाग्यहर्षसूरिभिः**॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनिसुव्रत की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

प्रतिष्ठास्थान-मुनिसुव्रत जिनालय, भरुच

बुद्धिसागरसूरि, संपा०-**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ३२९.

३. सं० १५८४ वर्षे माघ सुदि ९ गुरौ प्राग्वाट्ज्ञातीय दो० आशधर भा० माणिकि पुत्र हरषा भार्या हरषादे पुत्री रूपाई आत्मश्रेयसे श्रीचन्द्रप्रभस्वामिबिंबं कारितं प्रतिष्ठितं तपागच्छे **श्रीसौभाग्यहरष (हर्ष) सूरिभिः**।।

चन्द्रप्रभस्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

प्रतिष्ठास्थान - बालावसही, शत्रुंजय, पालीताना

मुनि कांतिसागर, पूर्वोक्त, लेखांक २८०.

४. सं० १५९५ वर्षे मा० व० ( ) दलुलिवास्तव्य हुंबडज्ञाति मुहडासीया श्रे० वीरपाल भा० मानूं पुत्र श्रे० नीसल भा० जीविणी पु० श्रे० लहुआकेन भा० ललतादे वृद्धभ्रातृ दो० आसा चांपा पोपट लखमादिकुटुम्बयुतेन श्रेयोर्थं श्रीश्रेयांसनाथबिंबं कारितं प्रति० तपा० श्रीहेमविमलसूरि तत्पट्टे **श्रीसौभाग्यहर्षसूरिभिः।।**

श्रेयांसनाथ की धातु की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

प्रतिष्ठास्थान - माणिकसागरजी का मंदिर, कोटा

महो० विनयसागर, संपा०, **प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, लेखांक ९९१.

पूर्वप्रदर्शित पट्टावली के अनुसार वि०सं० १५९७ में सौभाग्यहर्षसूरि की मृत्यु के पश्चात् इनके शिष्य और पट्टधर सोमविमलसूरि ने इस शाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया। लगभग ४० वर्षों तक इस शाखा का नेतृत्त्व करने के उपरान्त वि०सं० १६३६ में इनकी मृत्यु हुई। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित दो जिनप्रतिमायें मिली हैं जो वि०सं० १६०३ और वि०सं० १६२२ की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

प्रथम प्रतिमा पार्श्वनाथ की है जो आज आदिनाथ जिनालय, वेजलपुरा, भरुच में संरक्षित है। बुद्धिसागरसूरि[२] ने इसकी वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

स्वस्तिश्री संवत् १६०३ वर्षे वैशाख सुदि ५ दिने आमथडावास्तव्यमं० नरसिंगभार्यानामलदेपुत्रभाणाकेन निजश्रेयसे श्री पार्श्वनाथ बिंबं कारितं प्रतिष्ठितं तपागच्छे श्रीसोमविमलसूरिभिः।।

द्वितीय प्रतिमा जो इन्होंने हीरविजयसूरि के साथ प्रतिष्ठापित की थी, आज अमीझरा पार्श्वनाथ जिनालय, जीरारवाड़ो, खंभात में है। बुद्धिसागरसूरि[३] ने इस पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख की भी वाचना दी है जो निम्नानुसार है :

संवत् १६२२ वर्षे माघ वदि २ बुधे श्रीश्रीमालज्ञातीयवृद्धशाखायां सा० भावडभार्यावा० सबूसुतदोसीज (?) नपालभार्या वा० जीवादेसुतदो० जयवंतेन श्रीश्रीचतुर्विंशतिपट्टः कारापितः श्रीतपागच्छे श्री ५ सोमविमलसूरिप्रतिष्ठितं श्री ५ श्रीहीरविजयसूरिभिः प्रतिष्ठितं श्रीस्तम्भतीर्थवास्तव्यः।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संभवनाथ की एक प्रतिमा पर उत्कीर्ण वि०सं० १६२२ के लेख[४] से से ज्ञात होता है कि इसकी प्रतिष्ठापना सोमविमलसूरि के समय हुई थी। लेख का मूलपाठ निम्नानुसार है:

संवत् १६२२ वर्षे पौष वदि १ रवौ ओसवालज्ञातीय मडावगगोत्रे सा० धवकरणभार्यासिवदेपुत्रसा० पा.....भार्याअमर.....पुत्र सा० धनपति सर्वकुटुम्बश्रेयोऽर्थं श्री संभवनाथ बिंबं कारितं प्रति० श्री सोमविमलसूरि विजयराज्ये।।

प्रतिष्ठास्थान - शांतिनाथ जिना०, कडाकोटडी, खंभात।

सोमविमलसूरि द्वारा रचित विभिन्न कृतियां[५] प्राप्त होती हैं जो इस प्रकार हैं :

१. **धम्मिलरास** - रचनाकाल वि०सं० १५९१ पौष सुदि १ शनिवार
२. **आनन्दविमलसूरिसज्झाय** - रचनाकाल वि०सं० १५९६
३. **चम्पकश्रेष्ठीरास** - रचनाकाल वि०सं० १६२२
४. **श्रेणिकरास**
५. **क्षुल्लककुमाररास**
६. **रत्नदृष्टांतस्वाध्याय**
७. **राजीमतीस्वाध्याय**
८. **मनुष्यभवोपरिदशदृष्टान्तना गीतो**
९. **कुमरगिरीमण्डन शांतिनाथस्तवन**
१०. **दशवैकालिकसूत्रबालावबोध**
११. **कुमारपालचरितकाव्य**
१२. **कल्पसूत्रबालावबोध**
१३. **चसिमा शब्द के १०१ अर्थ की सज्झाय** (वि०सं० १६३२)
१४. **नेमिगीत**
१५. **दसदृष्टांत त्रुटक**

वि०सं० १६०२ में रचित **पट्टावलीसज्झाय**[६] भी इन्हीं की कृति है। वि०सं० १५९१ माघ सुदि १० को इन्होंने स्वरचित **धम्मिलरास**[७] की प्रतिलिपि करायी। वि०सं० १५९७ में इनके समय में विद्याविजयगणि के शिष्य श्रीविजयगणि द्वारा नन्दवारपुर (?) में **सिद्धान्तविचाररास**[८] की रचना की। वि०सं० १५९७ में इनके उपदेश से **भगवतीसूत्र**[९] की प्रतिलिपि करायी गयी। वि०सं० १६०४ में इन्होंने अपने शिष्यों-प्रशिष्यों के पठनार्थ **अन्तकृद्दशांग** की प्रतिलिपि करायी।[१०]

सौभाग्यहर्षसूरि के दूसरे शिष्य और सोमविमलसूरि के गुरुभ्राता कल्याणजय ने वि०सं० १५९४ में **कृतकर्मराजाधिकाररास**[११] की रचना की।

सौभाग्यहर्षसूरि के एक शिष्य प्रमोदमंडन हुए जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, यही बात इनके शिष्य विमलमंडन के बारे में भी कही जा सकती है किन्तु इनके शिष्य रत्नविमल ने **दामनकरास** नामक ग्रन्थ की रचना की जिसकी वि०सं० १६३३ में लिखी गयी प्रति प्राप्त हुई है।[१२] इसकी प्रशस्ति में रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेमविमलसूरि

।

सौभाग्यहर्षसूरि

।

प्रमोदमंडन

।

विमलमंडन

।

रत्नविमल (वि०सं० १६३३ से पूर्व **दामनकरास** के कर्ता)

विभिन्न ग्रन्थ प्रशस्तियों से सोमविमलसूरि की शिष्य परम्परा के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

वि०सं० १६०५ में **नवकाररास** के कर्ता विमलचारित्र ने स्वयं को उक्त कृति की प्रशस्ति में संघचारित्र का शिष्य और सोमविमलसूरि का प्रशिष्य कहा है।[१३]

सोमविमलसूरि

।

संघचारित्र

।

विमलचारित्र (वि०सं० १६०५/ई०स० १५४९ में
नवकाररास के रचनाकार)

वि०सं० १६१८/ई०स० १५६२ में **सुरप्रियरास** के प्रतिलिपिकर्ता लक्ष्मीचन्द्रगणि ने स्वयं को सोमविमलसूरि का शिष्य बताया है।[१४]

सोमविमलसूरि

।

लक्ष्मीचन्दगणि (वि०सं० १६१८/ई०स० १५६२ में
सुरप्रियरास के प्रतिलिपिकार)

सोमविमलसूरि की परम्परा में हुए देवशील ने वि०सं० १६१९/ई०स० १५६३ में **बेतालपच्चीसी** की रचना की।[१५] अपनी कृति की प्रशस्ति में उन्होंने अपने गुरु-परम्परा की लम्बी तालिका दी है, जो इस प्रकार है :

सौभाग्यहर्षसूरि

।

सोमविमलसूरि

।

लक्ष्मीभद्र

।

उदयशील

।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

।

चारित्रशील

।

प्रमोदशील

।

देवशील (वि०सं० १६१९ द्वितीय श्रावण वदि ९ रविवार को **बेतालपच्चीसी** के रचनाकार)

सोमविमलसूरि के एक शिष्य सोमरत्न हुए जिनके द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है किन्तु सोमरत्न के शिष्य विद्यासोम का वि०सं० १६८७/ई०स० १६३१ में **शांतिनाथचरित** के प्रतिलिपिकार के रूप में नाम मिलता है[१६] -

सोमविमलसूरि

।

सोमरत्न

।

विद्यासोम (वि०सं० १६८७/ई०स० १६३१ में **शांतिनाथचरित** के प्रतिलिपिकार)

सोमविमलसूरि के एक शिष्य हेमसोम भी थे, जो उनके निधन के पश्चात् उनके पट्टधर बने।

इस प्रकार उक्त साक्ष्यों के आधारपर सोमविमलसूरि के कुल ५ शिष्यों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

तालिका-क्रमांक-२

सोमविमलसूरि

संघचारित्र	लक्ष्मीचन्द्रगणि	लक्ष्मीभद्र	सोमरत्न	हेमसोम
।	(वि०सं०१६१८ में	।	।	(पट्टधर)
विमलचारित्र	**सुरप्रियरास** के	उदयशील	विद्यासोम	
(वि०सं०१६०५	प्रतिलिपिकार)	।	(वि०सं०१६८७ में	
में **नवकाररास** के		चारित्रशील	**शांतिनाथचरित** के	
कर्ता)		।	प्रतिलिपिकार)	
		प्रमोदशील		
		।		
		देवशील		
		(वि०सं०१६१९ में **बेतालपंचवीसीरास**		
		के कर्ता)		

सोमविमलसूरि के वि०सं० १६३६ में निधन हो जाने के पश्चात् उनके शिष्य हेमसोम ने तपागच्छ की लघुपौशालिक शाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया। वि०सं० १६६७ के एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खण्डित प्रतिमालेख में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में इनका नाम मिलता है। लेख का मूलपाठ निम्नानुसार है :

संवत् १६६७.....

.....तपागच्छे श्रीहेमसोमसूरिभिः .....।

प्रतिष्ठास्थान - शामला पार्श्वनाथ जिनालय, डभोई, बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २५.

वि०सं० १६४६ में लिखी गयी **कल्पान्तरवाच्यवृत्ति** की प्रतिलेखन प्रशस्ति मे भी इनका नाम मिलता है।[१७] इन्हीं के समय वि०सं० १६५४ मे संघवीरगणि के शिष्य उदयवीरगणि ने **पार्श्वनाथगद्यबन्ध लघुचरित्र** की रचना की।[१८] वि०सं० १६७९में इनका निधन हुआ।

हेमसोमसूरि के पश्चात् विमलसोमसूरि ने इस शाखा का नेतृत्व किया। वि०सं० १६६७ के दो प्रतिमालेखों और वि०सं० १६७१ के एक शिलालेख में इनका नाम मिलता है। इन लेखों की वाचना निम्नानुसार है :

संवत् १६६७ वैशाख वदि ७ बुधे श्रीस्तम्भतीर्थवास्तव्य उपकेशज्ञातीयवृद्धशाखायां सा० धर्मसीभा० धर्मदिसुतसा० कर्मसीभार्या .....भार्यं सषमादेसुतउदयवंतरहीयायुतेन स्वकुटुम्बश्रेयोर्थं श्रीआदिनाथबिंबं कारितं तपागच्छे श्रीसोमविमलसूरिपट्टे श्रीहेमसोमसूरिभिः आचार्य श्रीविमलसोमसूरियुतैः प्रतिष्ठितं स्तम्भतीर्थे श्रीप्रतिष्ठाकारि श्रा० पाची।।

प्रतिष्ठास्थान - श्री शांतिनाथ जिनालय, कडाकोटड़ी, खंभात

बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ६११.

संवत् १६६७ वर्षे वैशाखवदि ७ बुधे श्रीस्तम्भतीर्थवास्तव्य ऊकेशज्ञातीयसा० कर्मसीभा० सषमादे स्वकुटुम्बश्रेयसे श्रीसुपार्श्वनाथबिंबं कारितं तपागच्छे श्रीसोमविमलसूरिपट्टधारि श्रीहेमसोममूरिभिः आचार्य श्रीविमलसोमसूरियुतैः प्रति० स्तम्भतीर्थे प्रतिष्ठाकारि श्रा० पांचीकेन।।

सुपार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख,

प्रतिष्ठास्थान - कुन्थुनाथ जिनालय, मांडवीपोल, खंभात, बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ६४२.

सं० १६७१ वर्षे वैशाख वदि ५ रवौ श्रीवागड़देशमण्डने भूभामिनीभालतिलकायमान सर्वनगर शिरोमणि श्रीगिरिपुरे वागड़महाराउल श्रीपुंजराजजीविजयराज्ये प्रधानपदधारि गांधी रघासुत रत्नगांधी श्रीजोगीदास मेघजीकलाजी विजयिनित्रनगरनिवासि लघुसज्जन प्राग्वाटज्ञाति शृंगारहार श्रेष्ठी मांडण भार्या शीलालंकारधारिणी मनरंगदे नाम्नी तदधिक प्रथमपुत्र सकलगुण सम्पूर्णदानादि कृतसुर होम वत् धर्मभारधुरंधर सुकृतजसवीरभार्या द्विक प्रथम भार्या जोडीमदे द्वितीया पागरदे प्रथम भार्या पुत्र रत्नकहानजी भ्रातृ जोगा भार्या जोडीमदे पुत्र रहीया भगिनी द्वीकमइत्यादि सकलपरिवार श्रेयोर्थं श्रीसिहलाकारित श्रीपार्श्वनाथभुवने भद्रप्रासादः कारापितः प्रतिष्ठाकारापिता तपागच्छनायक श्रीपूज्यश्री५ श्रीसोमविमलसूरितच्छिष्यकलिकालसर्वज्ञ जगद्गुरु विरुद्धारि संप्रतिविजयमान श्रीपूज्यश्री५ हेमसोमसूरीश्वरपट्ट प्रभाकर तत्क्षण प्रत्यक्षणोत्तमावतार आचार्यश्रीविमलसोमसूरीश्वरआदेशात् महोपाध्याय श्री आनंदप्रमोदगणि शिष्यपंडितश्रेणीशिरोमणि पं० श्रीसकलप्रमोदगणि शिष्य पं० तेजप्रमोदगणि प्रतिष्ठाकृता।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वनाथ जिनालय, डूंगरपुर, ईडर से प्राप्त शिलालेख

बुद्धिसागरसूरि, संपा०-**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक १४६२.

विमलसोमसूरि के पट्टधर विशालसोमसूरि हुए। इनके द्वारा शोलका में धातु की पंचतीर्थी पट्ट की स्थापना की गयी।[२२] इन्हीं के काल में वि०सं० १७०३ में संघसोम ने **चौबीसी**[२३] और राजरत्न ने वि०सं० १७०५ में **गजसिंहकुमाररास**[२४] की रचना की।

विशालसोमसूरि के पट्टधर उदयविमलसोमसूरि हुए। इनके पश्चात् क्रमशः गजसोम, मुनीन्द्रसोम, गजसोम और आनन्दसोम पट्टधर बने। इनके बारे में उक्त पट्टावली को छोड़कर अन्यत्र कोई जानकारी नहीं मिलती।[२५] आनन्दसोमसूरि के काल में वि०सं० १८७८ में उत्तमविजय ने **धनपालशीलवतीरास**[२६] की रचना की। आनन्दसोम के एक शिष्य भानु उदयसोम हुए। इन्होंने वि०सं० १८८९ में **श्रीपालरास**[२७] की रचना की। इनके द्वारा **नेमिनाथरसबेलि** की वि०सं० १८९४ में की गयी प्रतिलिपि[२८] भी प्राप्त हुई है।

उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर लघुपौशालिकशाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की एक विस्तृत तालिका बनती है। द्रष्टव्य तालिका क्रमांक ३.

जैसा कि ऊपर इस पट्टावली में हम देख चुके हैं आनन्दसोम के शिष्य देवेन्द्रविमलसोम और मुनीन्द्रसोम से यह शाखा भी दो भागों में विभाजित हो गयी। देवेन्द्रविमलसोम के पश्चात् क्रमशः तत्त्वविमलसोम, पुण्यविमलसोम, कस्तूरसोम, रत्नसोम और अंतिम पट्टधर रायचन्दजी हुए जिनका वि०सं० १८६८ में निधन हुआ। इनके साथ ही तपागच्छ की इस शाखा की परम्परा भी समाप्त हो गयी।

लघुपौशालिक शाखा की दूसरी उपशाखा जो मुनीन्द्रसोम से प्रारम्भ हुई थी, उसमें उनके पश्चात् केसरसोम और तत्पश्चात् सोमजी हुए। सोमजी के पश्चात् ही उनकी परम्परा समाप्त हो गयी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. तपागच्छ-"लघुपौशालिक पट्टावली"
मुनि जिनविजय, संपा०- **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह**, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ५३, मुम्बई १९६१ ई०, पृष्ठ ३७-४७.
मुनि कल्याणविजय गणि, संपा०-**पट्टावलीपरागसंग्रह,** श्री कल्याणविजय शास्त्र संग्रह समिति, जालौर १९६६ ई०, पृष्ठ १८२-१८६.
मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ८५-८९.

२. बुद्धिसागरसूरि, संपा०-**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ६३६.

३. वही, लेखांक ७५२.

४. वही, लेखांक ६१६.

५-६. देसाई, पूर्वोक्त, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ २-९.

७. श्री अमृतलाल मगनलालशाह, संपा०- **श्रीप्रशस्तिसंग्रह**, श्री देशविरति धर्माराधक संघ, अहमदाबाद वि०सं० १९९३; भाग २, पृष्ठ ९२, प्रशस्ति क्रमांक ३२९.

८. वही, भाग २, पृष्ठ ९७, प्रशस्ति क्रमांक ३५३.

९. वही, भाग २, पृष्ठ ९७, प्रशस्ति क्रमांक ३५०.

१०. वही, भाग २, पृष्ठ १०१, प्रशस्ति क्रमांक ३७१.

११. शीतिकण्ठ मिश्र, **हिन्दीजैनसाहित्य का बृहद् इतिहास**, भाग १, पार्श्वनाथ विद्याश्रम ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ५३, वाराणसी १९८९ ई०. पृष्ठ३४२-४३.

१२. वही, भाग २, पृष्ठ ३८६.

१३. शीतिकण्ठ मिश्र, पूर्वोक्त, भाग २, पृष्ठ ४८२. देसाई, पूर्वोक्त, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ२१-२३.

१४. **श्रीप्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, पृष्ठ ११४, प्रशस्ति क्रमांक ४३१.

१५. शीतिकण्ठ मिश्र, पूर्वोक्त, भाग २, पृष्ठ २३१-३२.
देसाई, पूर्वोक्त, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ११४-११६.

१६. **श्रीप्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, पृष्ठ १९८, प्रशस्ति क्रमांक ६९८.

१७. वही, भाग २, पृष्ठ १३७, प्रशस्ति क्रमांक ५३०.

१८-१९. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ९, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ८८.

२०. वही, भाग ४, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ७९-७९.

२१. वही, भाग ४, पृष्ठ १४४-१४५.

२२. द्रष्टव्य-लेख के प्रारम्भ में दी गयी लघुपौशालिक शाखा की पट्टावली.

२३. देसाई, भाग ६, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ २८२.

२४. वही, भाग ६, पृष्ठ ३१४.

२५. वही, भाग ९, पृष्ठ ८९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित तपागच्छ-लघुपौशालिक शाखा के मुनिजनों की गुरु-शिष्य परम्परा की तालिका



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-सागरशाखा

तपागच्छ से समय-समय पर विभिन्न कारणों से अस्तित्व में आये विभिन्न उपशाखाओं में सागरशाखा भी एक है। तपागच्छीय उपाध्याय धर्मसागरगणि के प्रशिष्य और लब्धिसागर के शिष्य मुक्तिसागरगणि जो बाद में राजसागरसूरि के नाम से प्रसिद्ध हुए, से वि०सं० १६८६ में यह शाखा अस्तित्व में आयी। राजसागरसूरि को आचार्य पद दिलवाने में अहमदाबाद के गजमान्य जैन श्रावक श्रेष्ठी शांतिदास झवेरी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। तपागच्छ की यह शाखा सागरशाखा के नाम से प्रसिद्ध हुई। इस शाखा में वृद्धिसागरसूरि, लक्ष्मीसागरसूरि, विनयसागर, कल्याणसागरसूरि, दयासागर, तिलकसागर, हेमसौभाग्य, शांतसौभाग्य, पुण्यसागरसूरि, उद्योतसागर, उदयसागर, आनन्दसागरसूरि, शांतिसागरसूरि आदि विभिन्न विद्वान मुनिजन हो चुके हैं।

तपागच्छ की इस शाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये इससे सम्बद्ध विभिन्न मुनिजनों की कृतियों की प्रशस्तियों के साथ-साथ राजसागरसूरि, वृद्धिसागरसूरि और कल्याणसागरसूरि पर रचित **निर्वाणरास** भी उपलब्ध हुए हैं जिनसे गच्छ के इतिहास की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। इसके अलावा इस गच्छ की एक पट्टावली भी मिलती है जिसका संक्षिप्तसार गुजराती भाषा में श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई[1] और हिन्दी भाषा में मुनि कल्याणविजयजी[2] ने दिया है। इस गच्छ से सम्बद्ध कुछ अभिलेखीय साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं। यहाँ उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर तपागच्छ की इस शाखा के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है :

सागरशाखा की पट्टावली में प्रस्तुत गुरु-परम्परा को एक तालिका के रूप में इस प्रकार दर्शाया जा सकता है :

(उपाध्याय धर्मसागरगणि)
|
(लब्धिसागर)
|
मुक्तिसागरगणि अपरनाम राजसागरसूरि (वि०सं० १६८६/ई०स० १६३० में
| सागरशाखा के प्रवर्तक; वि०सं० १७२१ में मृत्यु)
वृद्धिसागरसूरि (वि०सं० १६ में सूरिपद प्राप्त; वि०सं० १७२ में
| गच्छनायक; वि०सं० १७४७ में मृत्यु)
लक्ष्मीसागरसूरि (वि०सं० १७४५ में सूरिपद प्राप्त; १७८८ में स्वर्गस्थ)
|
कल्याणसागरसूरि (वि०सं० १७८८ में सूरिपद प्राप्त; वि०सं० १८११
| में स्वर्गस्थ)
पुण्यसागरसूरि (वि०सं० १८०८ में सूरिपद प्राप्त; वि०सं०
| में जिनप्रतिमा व गुरु की चरणपादुका के प्रतिष्ठापक)
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

।

उदयसागरसूरि (वि०सं० १८४५ के लेख में उल्लिखित)

।

आनन्दसागरसूरि

।

शांतिसागरसूरि (वि०सं० १८९२-१९०५) अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध

जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं, शाखा प्रवर्तक आचार्य राजसागरसूरि का सूरिपद प्राप्ति से पूर्व नाम मुक्तिसागरगणि था। अहमदाबाद के निकट बारेज नामक ग्राम में स्थित आदिनाथ जिनालय में रखी गयी शांतिनाथ की प्रतिमा पर वि०सं० १६८१ ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवार का एक लेख उत्कीर्ण है। इसमें प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में विजयदेवसूरि के परिवार के महोपाध्याय विवेकहर्षगणि के शिष्य के रूप में महोपाध्याय मुक्तिसागरगणि का नाम मिलता है। मुनि जिनविजय[३] ने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

संवत् १६८१ वर्षे ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवासरे श्रीअहम्मदपुरवास्तव्यवृद्धशाखीयडी-सावालज्ञातीय सा० वीरा भार्या बाई सुहडदे पुत्रेण सा० वर्धमान..... बाई बइजल पुत्र सा०.....लजी प्रमुखकुटुम्बयुतेन स्वश्रेयोऽर्थं सपरिकरं श्रीशांतिनाथबिंबं कारितं सा० श्रीशांतिदासप्रतिष्ठायां प्रतिष्ठापितं प्रतिष्ठितं च तपागच्छे भ० श्रीविजयदेवसूरिपरिवारके महोपाध्यायश्रीविवेकहर्षगणिनामनुशिष्यमहोपाध्याय-श्रीश्रीमुक्तिसागरगणिभिः श्रियेस्तु।।

मुक्तिसागरगणि द्वारा वि०सं० १६८२ ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवार को प्रतिष्ठापित ४ जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं। इनकी वाचनायें निम्नानुसार हैं :

१. संवत् १६८२ वर्षे ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवासरे श्री अहिमदाबाद नगरवास्तव्य-श्रीओसवालज्ञातीय सा० सहसकिरणभार्यया बाई कुंवरि नाम्न्या स्वश्रेयोर्थं श्रीमुनिसुव्रतस्वामिबिंबं कारितं सा० शांतिदासकारितप्रतिष्ठायां प्रतिष्ठापितं प्रतिष्ठितं श्रीतपागच्छे भट्टारकश्रीविजयसेनसूरीश्वरपट्टालंकार भट्टारकश्रीविजयदेवसूरिपरिवारके महोपाध्यायविवेकहर्षगणीनामनुशिष्या (ष्यैः) महोपाध्यायश्रीमुक्तिसागरगणिभिः।।

मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्रतिष्ठास्थान - जैनमंदिर, सूरत के निकट स्थित लाइन्स में

संदर्भग्रन्थ - मुनि जिनविजय, संपा०- **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ५४१.

२. संवत् १६८२ वर्षे ज्येष्ठवदि ९ गुरौ अहिमदाबादनगरे ओसवालज्ञातीय सा० श्रीशांतिदास भार्यया श्रीआदिनाथबिंबं प्रतिष्ठापितं प्रतिष्ठितं च तपागच्छे महोपाध्याय-श्रीमुक्तिसागर.....

आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्रतिष्ठास्थान - जैनमंदिर, सूरत के निकट लाइन्स में

संदर्भग्रन्थ - मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ५४२.

३. संवत् १६८२ वर्षे ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवासरे श्रीअहिम्मदाबादवास्तव्य श्रीओसवालज्ञातीय सा० श्री वच्छा भार्या गोरदे सुत सा० सहस्रकिरण भार्या कुआरबाइ बाइ सोभागदे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुत्रेण सुत सा पत्नजी प्रमुख कुटुंबयुतेन श्रीशत्रुंजयादितीर्थमहामह० पुरस्त रथयात्रासमवाप्त-संघपतितिलकेन सा० श्रीशांतिदासनाम्ना स्वश्रेयोर्थं श्रीशीतलनाथबिंबं स्वयं कारितं प्रतिष्ठितं च तपागच्छे भट्टारक श्रीविजयसेनसूरिपट्टालंकारभट्टारक श्रीविजयदेवसूरिपरिवारके महोपाध्याय श्रीविवेकहर्षगणिनामनुशिष्य महोपाध्याय श्रीमुक्तिसागरगणिभिः।।

शीतलनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्रतिष्ठास्थान - लोढण पार्श्वनाथ देरासर, डभोई

संदर्भग्रन्थ - बुद्धिसागरसूरि, संपा०, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ३६.

४. संवत् १६८२ वर्षे ज्येष्ठ वदि ९ गुरौ श्रीअहमदावाद वास्तव्य उसवालज्ञातीय वृद्धशाखा (खा) यां श्रीशांतिदास भा० वाई रूपाई सुत सा० पनजी कारितं श्रीशांतिनाथबिंबं प्रतिष्ठितं श्री तपागच्छे भ० श्रीविजयदेवसूरि वरैकि (?) महोपाध्याय श्री श्री श्री मुनिसागर (मुक्तिसागर) गणिभिः श्रेयोस्तु।।

शांतिनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्रतिष्ठास्थान - शांतिनाथ जिनालय, सहादतगंज, लखनऊ

संदर्भग्रन्थ - पूरनचन्द नाहर, संपा०, **जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १६३५.

वि०सं० १६८२ ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवार के उक्त चारों प्रतिमालेखों में समान रूप से मुक्तिसागरगणि और शांतिदास का नाम मिलता है। एक ही समय उत्कीर्ण कराये जाने के कारण इनमें स्वाभाविक रूप से भाषागत समानता भी दृष्टिगोचर होती है। यही भाषागत समानता हमें वि०सं० १६८१ ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवार के लेख में भी दिखाई देती है, साथ ही इसमें भी मुक्तिसागरगणि और शांतिदास का नाम मिलता है, इस आधार पर इस लेख को भी वि०सं० १६८२ का ही मानने में कोई बाधा नहीं दिखाई देती। दूसरे वर्ष सम्वत् १६८१ के ज्येष्ठ माह के कृष्णपक्ष की नवमी की तिथि को भी गुरुवार ही रहा होगा, जैसा कि वर्ष १६८२ के ज्येष्ठ माह के कृष्णपक्ष की नवमी की तिथि को रहा, ऐसा होना संभव नहीं लगता।

सागरशाखा की पूर्वोक्त पट्टावली में मुक्तिसागरगणि को लब्धिसागर का शिष्य और उपा० धर्मसागरगणि का प्रशिष्य कहा गया है वहीं उक्त अभिलेखीय साक्ष्यों में हम मुक्तिसागरगणि को विवेकहर्षगणि के शिष्य के रूप में पाते हैं, अतः यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि दोनों मुक्तिसागर एक ही व्यक्ति हैं या अलग-अलग। इसका उत्तर यही है कि चूंकि शांतिदास द्वारा निर्मित जिनालय की प्रतिष्ठा का कार्य वि०सं० १६८२ में तपागच्छ की भट्टारक शाखा के आचार्य विजयदेवसूरि की परम्परा के विवेकहर्षगणि के निर्देशन में मुक्तिसागरगणि ने सम्पन्न किया था[४], अतः यही कारण है कि इस समय के प्रतिमालेखों में इन्हें विवेकहर्षगणि का शिष्य कहा गया है। इस प्रकार लब्धिसागर के शिष्य मुक्तिसागरगणि उक्त प्रतिमालेखों में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में उल्लिखित मुक्तिसागरगणि से अभिन्न सिद्ध होते हैं।

श्रेष्ठी शांतिदास के प्रयत्न से वि०सं० १६८६ में मुक्तिसागरगणि को आचार्य पद प्राप्त हुआ और वे राजसागरसूरि के नाम से जाने गये।[५] वि०सं० १६९८ पौष पूर्णिमा को इन्होंने वृद्धिसागर को आचार्यपद प्रदान कर अपना पट्टधर नियुक्त किया।[६] अपने जीवन काल में राजसागरसूरि ने बिम्बप्रतिष्ठा, पंडित तथा वाचकपद प्रदान, उपधान, मालारोपण आदि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धार्मिक विधि-विधानों के साथ-साथ विभिन्न तीर्थों की यात्रायें भी कीं। वि०सं० १७२१ में इनका निधन हुआ।[७]

राजसागरसूरि पर रची गयी तीन रचनायें आज उपलब्ध हैं, जो इस प्रकार हैं :

१. राजसागरसूरि के प्रशिष्य और वृद्धिसागरसूरि के शिष्य विनयसागर द्वारा रचित **राजसागरसूरिसज्झाय**[८] (रचनाकाल वि०सं० १७१५)

२. हेमसौभाग्य द्वारा रचित **राजसागरसूरिनिर्वाणरास**[९] (रचनाकाल वि०सं० १७२१)

हेमसौभाग्य ने अपने उक्त कृति में अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है :

वृद्धिसागरसूरि
|
सत्यसौभाग्य
|
इन्द्रसौभाग्य
|
हेमसौभाग्य (वि०सं० १७२१ **राजसागरसूरिनिर्वाणरास** के कर्ता)

३. तिलकसागर द्वारा रचित **राजसागरसूरिनिर्वाणरास**[१०] (रचनाकाल वि०सं० १७२१ के आसपास)

तिलकसागर ने इस कृति के अन्त में अपनी गुरु-परम्परा दी है जो इस प्रकार है :

वृद्धिसागरसूरि
|
कृपासागर
|
तिलकसागर (वि०सं० १७२१ के लगभग **राजसागरसूरि निर्वाणरास** के रचनाकार)

राजसागरसूरि के प्रशिष्य और शांतिसागर के शिष्य दयासागर ने वि०सं० १७२२ में **राजसागरसूरिनिर्वाणरास** की प्रतिलिपि की।[१०अ]

राजसागरसूरि तथा श्रेष्ठी शांतिदास के बारे में उक्त रचनाओं से महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

राजसागरसूरि के पश्चात् उनके पट्टधर वृद्धिसागरसूरि हुए। दीपसौभाग्य द्वारा रचित **वृद्धिसागरसूरिरास**[११] (रचनाकाल-वि०सं० १७४७ के आसपास) इनके बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। दीपसौभाग्य ने अपनी उक्त कृति के अन्त में अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

राजसागरसूरि
|
वृद्धिसागरसूरि
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माणिक्यसौभाग्य

चतुरसौभाग्य

दीपसौभाग्य (वि०सं० १७४७ के आसपास **वृद्धिसागरसूरिरास** के रचनाकार)

दीपसौभाग्य द्वारा वि०सं० १७३९ में रचित **चित्रसेनपद्मावतीचौपाई**[११] नामक कृति भी प्राप्त होती है।

उक्त रास के अनुसार वि०सं० १६८० में इनका जन्म हुआ था, वि०सं० १६८९ में इन्होंने अपनी माता के साथ पाटण में राजसागरसूरि से दीक्षा ग्रहण की और हर्षसागर नाम प्राप्त किया। गुरु के पास इन्होंने श्रमपूर्वक विद्याभ्यास किया और वि०सं० १६९८ में इन्हें आचार्य पद प्राप्त हुआ, तत्पश्चात् ये वृद्धिसागरसूरि के नाम से विख्यात हुए। अपने जीवनकाल में इन्होंने शत्रुंजय, तारंगा, गिरनार, राणकपुर, आबू आदि तीर्थों की यात्रायें की तथा विभिन्न धार्मिक विधि-विधानों का सम्यक् रूप से पालन किया। वि०सं० १७४७ में अहमदाबाद में इनका निधन हुआ। इनके निधन के समय इनके पास इनके विभिन्न शिष्य-यथा उपा० कांतिसागर, पं० क्षेमसागरगणि, नयसागरगणि, हितसागरगणि, वीरसागर, कीर्तिसागर आदि शिष्य उपस्थित थे।[१३]

वृद्धिसागरसूरि के पश्चात् उनके शिष्य लक्ष्मीसागरसूरि गच्छनायक बनाये गये। लक्ष्मीसागरसूरि के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त नहीं होती। **वृद्धिसागरसूरिरास** के अनुसार इनका पूर्वनाम निधिसागर था, वि०सं० १७४५ में वृद्धिसागरसूरि ने सूरि पद पर प्रतिष्ठित कर लक्ष्मीसागरसूरि नाम दिया था।[१४] वि०सं० १७८८ में इन्होंने अपने एक शिष्य प्रमोदसागर को आचार्य पद प्रदान कर गच्छभार सौंप दिया। यही प्रमोदसागर कल्याणसागरसूरि के नाम से विख्यात हुए।[१५]

कल्याणसागरसूरि के बारे में इन्हीं के गुरुभ्राता क्षीरसागर के शिष्य माणिक्यसागर द्वारा रचित **कल्याणसागरसूरिरास**[१६] से विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

लक्ष्मीसागरसूरि

कल्याणसागरसूरि — क्षीरसागर

माणिक्यसागर

(वि०सं० १८१७ फाल्गुन वदि ५ बुधवार को **कल्याणसागरसूरिरास** के रचनाकार)

उक्त रास के अनुसार इन्होंने १० वर्ष की आयु में वि०सं० १७५२ में इन्होंने अपनी माता और अपने भाई के साथ लक्ष्मीसागरसूरि के पास दीक्षा ग्रहण की। इनका नाम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमोदसागर और इनके सहोदर भ्राता का नाम क्षीरसागर रखा गया। गुरु के साथ इन्होंने विभिन्न तीर्थस्थानों की यात्रायें कीं। वि०सं० १८०८ में अहमदाबाद में इन्होंने अपने एक शिष्य को आचार्य पद देकर पुण्यसागरसूरि नाम प्रदान किया जो वि०सं० १८११ में इनके निधन के पश्चात् गच्छनायक बने।[१०]

सत्यसौभाग्य के पट्टधर इन्द्रसौभाग्य की परम्परा में हुए शांतसौभाग्य ने वि०सं० १७८७ में गुजराती भाषा में **अगडदत्तऋषिनीचौपाई**[१८] की रचना की। श्री देसाई ने शांतसौभाग्य की गुरु-परम्परा दी है[१९], जो इस प्रकार है :

राजसागरसूरि
।
वृद्धिसागरसूरि
।
लक्ष्मीसागरसूरि
।
कल्याणसागरसूरि
।
उपा०सत्यसौभाग्य
।
उपा०इन्द्रसौभाग्य
।
उपा०वीरसौभाग्य
।
प्रेमसौभाग्य
।
शांतसौभाग्य (वि०सं० १७८७ में पाटण में **अगडदत्तऋषिनीचौपाई** के रचनाकार)

शामलापार्श्वनाथ जिनालय, डभोई में संरक्षित आदिनाथ की धातु की प्रतिमा पर वि०सं० १८२८ फाल्गुन वदि २ शुक्रवार का एक लेख उत्कीर्ण[१९अ] है जिसमें पुण्यसागरसूरि का प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में नाम मिलता है। राधनपुर स्थित शांतिनाथ जिनालय के भोंयरे में एक मोटे पाषाणखण्ड पर ४१ पंक्तियों का एक शिलालेख[२०] उत्कीर्ण है। इस प्रशस्तिलेख की प्रथम १५ पंक्तियों में सागरगच्छ के प्रवर्तक राजसागरसूरि से लेकर पुण्यसागरसूरि तक के पट्टधरों की नामावली दी गयी है साथ ही वि०सं० १८३८ में पुण्यसागरसूरि द्वारा यहां जिनप्रतिमाओं की प्रतिष्ठा करने की बात कही गयी है। प्रशस्ति की अगली पंक्तियों में जिनालय के निर्माता श्रावक परिवार का परिचय है। प्रशस्ति के अन्त में प्रशस्ति के रचनाकार अमृतसागर ने अपना परिचय देते हुए स्वयं को पुण्यसागरसूरि का शिष्य बतलाया है।[२१]

पुण्यसागरसूरि के एक शिष्य ज्ञानसागर हुए, जिनके द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके शिष्य उद्योतसागर द्वारा रचित कुछ कृतियां मिलती हैं[२२], जो इस प्रकार हैं :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. **इक्कीसप्रकारीपूजा** (रचनाकाल वि०सं० १८२३)

२. **अष्टप्रकारीपूजा** (रचनाकाल वि०सं० १८२३)

३. **आराधना बत्तीसद्वारनो रास**

४. **वीरचरित्रवेलि**

५. **सम्यकत्त्वबारव्रतविवरण**

पुण्यसागरसूरि के पश्चात् उनके पट्टधर उदयसागर ने गच्छ का नायकत्त्व ग्रहण किया।

शामला पार्श्वनाथ जिनालय, डभाई में संरक्षित चन्द्रप्रभ की धातु की एक प्रतिमा पर वि०सं० १८४५ फाल्गुन सुदि ३ का लेख उत्कीर्ण है। इस लेख में प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में उदयसागरसूरि का नाम मिलता है। बुद्धिसागरसूरि[२३] ने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

संवत् १८४५ फागुण सुद ३.....चन्द्रप्रभबिंबं श्री उदयसागरसूरिभिः।।

यद्यपि इस लेख में प्रतिमा प्रतिष्ठापक आचार्य के गच्छ का निर्देश नहीं है, तथापि इस समय केवल सागरशाखा में ही उक्त नामधारी आचार्य हुए हैं अतः समसामयिकता की दृष्टि से उक्त प्रतिमालेख में उल्लिखित उदयसागरसूरि को सागरशाखा के उदयसागरसूरि से अभिन्न माना जा सकता है।

उदयसागरसूरि के समय में वि०सं० १८४२ में **विवाहपटलबालावबोध** और वि०सं० १८६३ में **उपदेशमालाबालावबोध** की प्रतिलिपि की गयी।[२४]

उदयसागर के पश्चात् आनन्दसागर ने इस शाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया। इनके बारे में हमें सागरशाखा की पट्टावली तथा कुछ प्रशस्तियों में नामोल्लेख के अतिरिक्त अन्य कोई जानकारी नहीं मिलती।

आनन्दसागरसूरि के पट्टधर शांतिसागरसूरि हुए। इनके भी प्रारम्भिक जीवन आदि के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं मिलती तथापि कुछ रचनाओं की प्रशस्तियों में इनका नाम मिलता है। तपागच्छीय मुनि क्षेमवर्धन द्वारा वि०सं० १८७०/ई०स० १८१४ में रचित **शांतिदास अने वखतचंदसेठनो रास** के अन्त में रचनाकार ने सागरशाखा के मुनिजनों की नामावली दी है जिसमें राजसागरसूरि से लेकर शांतिसागरसूरि तक का नाम मिलता है।[२५]

क्षेमवर्धन द्वारा ही वि०सं० १८७९/ई०स० १८२३ में रचित **श्रीपालरास** के अन्त में भी सागरगच्छ के नायक के रूप में इनका नाम मिलता है[२६]—

सागरगच्छ सोभाकर सुंदर,
शांतिसागर सूरि राया,
.....

तपागच्छ-विजयसंविग्न शाखा के प्रसिद्ध रचनाकार वीरविजय द्वारा वि०सं० १९०३ में रचित **हठीसिंहनीसंधनु वर्णन** अथवा **हठीसिंहनी अंजनशलाकाना ढालिया** में भी आचार्य शांतिसागरसूरि का प्रसंगवश नामोल्लेख हुआ है।[२७]

वि०सं० १८८९ से लेकर वि०सं० १९२१ तक के विभिन्न अभिलेखीय साक्ष्यों में शांतिसागरसूरि का नाम मिलता है। इनका विवरण निम्नानुसार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य शांतिसागरसूरि के पश्चात् इस शाखा में कौन-कौन से मुनिजन हुए, अथवा उनके पश्चात् यह शाखा आगे चली या नहीं, इस बारे में जानकारी हेतु हमारे पास कोई भी साक्ष्य नहीं है। साक्ष्यों के अभाव में यह स्वीकार करना पड़ता है कि २०वीं शती के प्रथम चरण के पश्चात् इस शाखा का स्वतंत्र अस्तित्त्व समाप्त हो गया होगा और इसके अनुयायी तपागच्छ की किन्हीं अन्य शाखाओं में सम्मिलित हो गये होंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित तपागच्छ-सागरशाखा (सागरगच्छ) के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. मोहनलाल दलीचद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ८४-८५.
यहाँ पट्टावली का प्रारम्भ विजयसेनसूरि से दिया गया है।

२. मुनि कल्याणविजयगणि, संपा०- **पट्टावलीपरागसंग्रह**, पृष्ठ २१२-१४.

३. संपा०- **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ५३८.

४. त्रिपुटीमहाराज, **जैनपरम्परानो इतिहास**, भाग ४, श्री चारित्रस्मारक ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ६०, भावनगर १९८३ई०, पृष्ठ १३२-३३.

५. "राजसागरसूरिनिर्वाणरास" रचनाकार तिलकसागर
मुनि जिनविजय, संपा०- **जैनऐतिहासिकगूर्जरकाव्यसंचय**, प्रवर्तक श्रीकांति विजय जैन इतिहास माला, पुष्प ७, श्रीआत्मानन्दसभा, भावनगर १९२६ई०, पृष्ठ ४५-६७; राससार, वही, पृष्ठ २१-२७.

६-७. वही, पृष्ठ ५२-५३.

८. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ४, द्वितीय संशोधित संस्करण, संपा०- जयन्तकोठारी, पृष्ठ २७४-७५.

९. वही, पृष्ठ ३०५-३०६.

१०. द्रष्टव्य - संदर्भ क्रमांक ५.

१०.अ. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ४, पृष्ठ ३०७.

११. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ५, पृष्ठ ३५-३६.
विजयधर्मसूरि, संपा०- **ऐतिहासिकरासंग्रह**,भाग ३, यशोविजयजैनग्रन्थमाला, भावनगर सं० १९७८, पृष्ठ ४८-५९ तथा मूलरास, पृष्ठ ४९-५६.

१२. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ४, पृष्ठ ३३-३५.

१३. विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त, भाग ३, पृष्ठ ५६.

१४. वही, पृष्ठ ५२-५३.

१५. वही, पृष्ठ ५६, पादटिप्पणी,

१६. मुनि जिनविजय, **जैनऐतिहासिक**....., पृष्ठ २५४-२६४; राससार, पृष्ठ १७०-७३.

१७. वही, राससार, पृष्ठ १७३.

१८-१९. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ५, नवीन संशोधित संस्करण, पृष्ठ ३३७-३८.

१९अ. बुद्धिसागर, संपा०- **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ३५.

२०. जिनविजय, संपा०- **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ४६०, राधनपुर प्रशस्ति, पृष्ठ ३००-३०५.

२१. पुण्यसागरसूरीणां शिष्यैरमृतसागरैः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृता प्रशस्तिः शस्तेयं विलसत्सर्वमंगला।। श्रियः सं०
राधनपुर प्रशस्ति की अंतिम पंक्ति, मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, पृष्ठ ३०५.

२२. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ६, पृष्ठ १०९-११४.

२३. संपा०- **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ३१, वि०सं० १८४३ और १८४५ के लेखों मे भी प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में उदयसागरसूरि का नाम मिलता है। द्रष्टव्य, वही, भाग १, लेखांक ४६, ५९.

२४. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ९, पृष्ठ ९५.

२५. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ६, पृष्ठ १८१-८४.

२६. वही, पृष्ठ १८५.

२७. वही, पृष्ठ २४८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-विजयाणंदसूरि शाखा

तपागच्छ की विभिन्न शाखाओं में विजयानन्दसूरिशाखा अपरनाम आनन्दसूरिशाखा भी एक है। तपागच्छीय आचार्य विजयसेनसूरि के शिष्य रामविजय (बाद में विजयतिलकसूरि) इस शाखा के आदिम आचार्य माने जाते हैं। विजयतिलकसूरि के पट्टधर विजयाणंदसूरि हुए जिनकी शिष्यसंतति उनके नाम के आधार पर विजयाणंदसूरिशाखा या आणंदसूरिशाखा के नाम से प्रसिद्ध हुई। इस शाखा में विजयराजसूरि, विजयमानसूरि, विजयऋद्धिसूरि, विजयसौभाग्यसूरि, विजयलक्ष्मीसूरि आदि कई आचार्य हुए हैं।

विजयाणंदसूरिशाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये इससे सम्बद्ध मुनिजनों की अल्पसंख्या में प्राप्त रचनाओं की प्रशस्तियों तथा उनके समय में लिखी गयी विभिन्न रचनाओं की प्रतिलिपिप्रशस्तियों से पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है। इसी प्रकार **वीरवंशावली**[1] (रचनाकाल वि०सं० १९वीं शती का प्रारम्भ) और दीपविजय द्वारा रचित **सोहमकुलपट्टावलीसज्झाय**[2] (रचनाकाल वि०सं० १८७७) से इस शाखा के इतिहास पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है। संभवतः उक्त दोनों साक्ष्यों के आधार पर ही श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई[3] और मुनिश्री कल्याणविजयगणि[4] ने इस शाखा के पट्टधर आचार्यों की एक नामावली प्रस्तुत की है। इस शाखा से सम्बद्ध कुछ अभिलेखीय साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं जो वि०सं० १६७१ से लेकर वि०सं० १८६८ तक के हैं। यहाँ उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर इस शाखा के इतिहास की एक झलक प्रस्तुत है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है **वीरवंशावली** और **सोहमकुलपट्टावलीसज्झाय** के अनुसार आचार्य विजयसेनसूरि ने अपने शिष्य विजयदेवसूरि को अपना पट्टधर नियुक्त किया था। इस समय आचार्य हीरविजयसूरि का शिष्य समुदाय-सागर और विजय-इन दो समुदायों में बंटा हुआ था। आचार्य विजयदेवसूरि का झुकाव सागरों की ओर देखकर उनके गुरु विजयसेनसूरि अत्यन्त क्षुब्ध हो गये और उन्होंने रामविजय नामक एक विद्वान् मुनि को आचार्य पद देकर विजयतिलकसूरि नाम रखा।[5] इस प्रकार हीरविजयसूरि की शिष्यसंतति जो विजयसेनसूरि के समय तक प्रायः अखंड रूप से रही, अब औपचारिक रूप से दो भागों में विभाजित हो गयी। विजयदेवसूरि की शिष्य-संतति से तपागच्छ की मूलपरम्परा आगे चली तथा विजयतिलकसूरि की शिष्यसंतति आगे चलकर विजयाणंदसूरिशाखा अपरनाम आणंदसूरिशाखा के नाम से जानी गयी।

श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई और मुनि कल्याणविजयगणि ने इस शाखा के मुनिजनों की जो नामावली दी है, वह इस प्रकार है :

आचार्य विजयसेनसूरि

|

आचार्य विजयतिलकसूरि (वि०सं० १६५१ में जन्म; वि०सं० १६६२
| में दीक्षा; वि०सं० १६७३ में आचार्य पद;
वि०सं० १६७६ में मृत्यु)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य विजयाणंदसूरि (वि०सं० १६४२ में जन्म; वि०सं० १६५१ में दीक्षा; वि०सं० १६७६ में आचार्य पद; वि०सं० १७११ में निधन)

आचार्य विजयराजसूरि (वि०सं० १६७९ में जन्म; वि०सं० १६८९ में दीक्षा; वि०सं० १७०४ में आचार्यपद; वि०सं० १७४२ में स्वर्गस्थ)

आचार्य विजयमानसूरि (वि०सं० १७०७ में जन्म; वि०सं० १७१९ में दीक्षा; वि०सं० १७३१ में उपाध्यायपद; वि०सं० १७३६ में आचार्य पद; वि०सं० १७७० में स्वर्गस्थ)

आचार्य विजयऋद्धिसूरि (वि०सं० १७२७ में जन्म; सं० १७४२ में दीक्षा;

वि०सं० १७६६ में आचार्य पद; वि०सं० १७९७ में निधन)

विजयसौभाग्यसूरि	विजयप्रतापसूरि
विजयलक्ष्मीसूरि (वि०सं० १७९७ में जन्म; वि०सं० १८१४ में दीक्षा; वि०सं० १८५८ में स्वर्गस्थ)	विजयतिलकसूरि (वि०सं० १८३७ में स्वर्गस्थ)

विजयदेवेन्द्रसूरि (वि०सं० १८५७ में आचार्यपद; वि०सं० १८६१ में स्वर्गवास)

विजयमहेन्द्रसूरि (वि०सं० १८२७ में दीक्षा; वि०सं० १८६१ में आचार्यपद; वि०सं० १८६५ में स्वर्गस्थ)

विजयसमुद्रसूरि (वि०सं० १८६५ में आचार्य पद)

इन्हीं के समय वि०सं० १८७७ में दीपविजय ने **सोहमकुलपट्टावली-सज्झाय** की रचना की थी।

विजयधनेश्वरसूरि (वि०सं० १८९३) प्रतिमालेख

विजयविद्यानन्दसूरि (वि०सं० १९११) लेख

वीरवंशावली तथा **सोहमकुलपट्टावलीसज्झाय** में इस शाखा के पट्टधर आचार्यों की विभिन्न तिथियों में प्रायः मतभेद है किन्तु उनके पट्टक्रम के बारे में दोनों ही साक्ष्यों में कोई भी अन्तर नहीं है।

विजयतिलकसूरि—जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं वि०सं० १६५१ में इनका जन्म हुआ था; वि०सं० १६६२ में इन्होंने दीक्षा ग्रहण की और रामविजय नाम प्राप्त किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १६७३ में इन्हें सिरोही में आचार्यपद प्राप्त हुआ और वि०सं० १६७६ में इनका निधन हुआ। यह सूचना **वीरवंशावली** से ज्ञात होती है।[६]

आचार्य हीरविजयसूरि की परम्परा में हुए दर्शनविजय द्वारा रचित **विजयतिलकसूरिनिर्वाणरास**[७] (रचनाकाल वि०सं० १६९७) से भी इनके बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। वि०सं० १६७४ में जीवविजय द्वारा लिखित **शांतिनाथस्तवन**[८], वि०सं० १६७४ में ही संघविजयगणि के शिष्य वृद्धिविजय द्वारा लिखी गयी **श्राद्धप्रतिक्रमणवृत्ति**[९], वि०सं० १६७५ में देवविजय के शिष्य मानविजय द्वारा लिखित **सप्तपदार्थी**[१०] और वि०सं० १६७५ चैत्र सुदि २ को लिखी गयी **मृगावतीआख्यान**[११] की प्रति में विजयतिलकसूरि का सादर उल्लेख करते हुए उक्त ग्रन्थों की प्रतिलिपियों को उनके काल में लिखा बतलाया गया है।

आदिनाथ जिनालय, सिरोही में प्रतिष्ठापित हीरविजयसूरि की प्रतिमा पर वि०सं० १६७१ का एक लेख उत्कीर्ण है। इस लेख में प्रतिमाप्रतिष्ठापक आचार्य के रूप में विजयसेनसूरि के शिष्य विजयतिलकसूरि का नाम मिलता है। मुनि जयन्तविजयजी[१२] ने इस लेख की वाचना दी है, जो निम्नानुसार है :

सं० १६७१ वर्षे वै० शु० ३ बुधे भट्टा० श्रीहीरविजयसूरिमूर्तिः प्राग्वाटज्ञातीय सा पुजा भा०वा० उछरगदेनाम्न्या स्वसुत तेजपाल तत्सुत सा० वस्तुपाल वर्धमान प्रमुख श्रेयोर्थं कारित (ता) प्रतिः तपागच्छे भ० **श्रीविजयसेनसूरि** पट्टधारि **श्रीविजयतिलकसूरिभिः** श्रीरस्तु संघस्य।।

यदि मुनिश्री की उक्त वाचना सही माना जाये तो **वीरवंशावली** द्वारा दी गयी विजयतिलकसूरि को आचार्यपद प्राप्ति की उक्त तिथि (वि०सं० १६७३) की प्रामाणिकता संदिग्ध हो जाती है।

वसन्तगढ़ के एक जिनालय में एक स्तम्भ पर उत्कीर्ण वि०सं० १६७५ का एक लेख मुनि जयन्तविजयजी[१३] को प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

ॐ।।संवत् १६७५ वर्षे तपागच्छभट्टारकपुरंदर भट्टारक श्रीश्रीश्री श्रीश्रीश्रीश्रीविजयतिलकसूरिविजय (यिनि) राज्यमाने महोपाध्याय श्री ५ श्रीसोमविजयगणि शिष्यपंडितश्री ३ अमृतविजयगणि नेमविजय मु० कनकविजय चवरडिया नगरे चोमासुं रहीया श्रीश्रीशांतिनाथ रा कृता।।

उक्त लेख में उल्लिखित मुनिजन आचार्य विजयतिलकसूरि के आज्ञानुवर्ती माने जा सकते हैं।

विजयाणंदसूरि—विजयतिलकसूरि के निधन के पश्चात् ये उनके पट्टधर बने। इन्हीं के नाम पर तपागच्छ की इस शाखा का नामकरण विजयाणंदसूरिशाखा या आणंदसूरिशाखा हुआ प्रतीत होता है। उपा० मेघविजय के प्रशिष्य और लब्धिविजय के शिष्य भाणविजय (भानुविजय) द्वारा रचित **विजयाणंदसूरिनिर्वाणसज्झाय**[१४] (रचनाकाल वि०सं० १७११) से इनके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। विजयाणंदसूरि द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है किन्तु इनकी परम्परा के मुनिजनों द्वारा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कतिपय रचित और प्रतिलिपि की गयी विभिन्न ग्रन्थों की प्रतियों की प्रशस्तियों में इनका सादर उल्लेख मिलता है।

विजयाणंदसूरि के प्रशिष्य तेजविजय ने वि०सं० १६८२/ई०स० १६२६ में **शांतिनाथस्तव**[१५] की रचना की। कृति के अन्त में उन्होंने अपने गुरु-प्रगुरु का सादर उल्लेख किया है :

विजयाणंदसूरि
|
विजयविबुध
|
तेजविजय (वि०सं० १६८२/ई०स० १६२६ में **शांतिनाथस्तव** के रचनाकार)

वि०सं० १६८६/ई०स० १६३० में विजयाणंदसूरि के एक श्रावक शिष्य वाना ने जयानन्दरास[१६] की रचना की। कृति के अन्त में रचनाकार ने अपने गुरु का सादर स्मरण किया है।

परिशिष्टपर्व की वि०सं० १६९६/ई०स० १६३७ की लिखी गयी प्रति की प्रशस्ति[१७] से ज्ञात होता है कि इसके प्रतिलिपिकार कनकविजय, शांतिविजय, शिवविजय आदि विजयाणंदसूरि के शिष्य थे। इन्होंने स्वपठनार्थ उक्त कृति की प्रतिलिपि की थी।

शांतिविजय के शिष्य मानविजय हुए जिनके द्वारा रचित विभिन्न कृतियां मिलती हैं।[१७अ] इनका विवरण इस प्रकार है :

१. **भवभावना बालावबोध** (वि०सं० १७२५)
२. **सुमतिकुमारस्तव** (वि०सं० १७२८ के आसपास)
३. **गुरुतत्त्वप्रकाश** (वि०सं० १७३१)
४. **धर्मसंग्रह** (वि०सं० १७३१)
५. **उत्तराध्ययनबालावबोध** (वि०सं० १७४१)
६. **नयविचाररास**
७. **चौबीसी**
८. **चौबीस जिननमस्कार**
९. **सिद्धचक्रस्तवन**
१०. **गुणस्थानगर्भित शांतिनाथविज्ञप्तिरूपस्तव**
११. **आठमदसज्झाय**
१२. **श्रावकना २१ गुणसज्झाय**
१३. **श्रावकबारव्रत सज्झाय**

वि०सं० १६९८ के तीन प्रतिमालेखों में मानविजय को विजयाणंदसूरि के शिष्य के रूप में दर्शाया गया है जबकि अपनी विभिन्न कृतियों की प्रशस्तियों में मानविजय ने स्वयं को विजयाणंदसूरि का प्रशिष्य और शांतिविजय का शिष्य बताया है:

विजयाणंदसूरि
|
शांतिविजय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|

मानविजय (रचनाकार)

वि०सं० १७३२/ई०स० १६७६ में लिखी गयी **सुबोधिकावृत्ति** की प्रशस्ति[१५] में प्रतिलिपिकार ने स्वयं को विजयाणंदसूरि का प्रशिष्य और विजयगणि का शिष्य कहा है।

विजयाणंदसूरि

|

विजयगणि

|

गुणविजय (वि०सं० १७३२/ई०स० १६७६ में **सुबोधिका वृत्ति** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १६८३ फाल्गुन वदि ४ के तीन प्रतिमालेखों[१६] तथा वि०सं० १६९१ के एक प्रतिमालेख[१७] में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में विजयाणंदसूरि का नाम मिलता है। इसी प्रकार वि०सं० १६९८ के तीन लेखों[१८] में इनके शिष्य मानविजय और प्रशिष्य अमृतविजय का नाम मिलता है। वि०सं० १६९८ के ही दो अन्य लेखों[१९] में केवल अमृतविजय और उनके प्रगुरु विजयाणंदसूरि का नाम मिलता है।

प्रसिद्ध श्रावक कवि ऋषभदास ने स्वरचित **नवतत्त्वरास** (वि०सं० १६७६), **हीरविजयसूरिनोबारहबोलनोरास** (वि०सं० १६८४), **मल्लिनाथरास** (वि०सं० १६८५) आदि की प्रशस्तियों में उन्हें विजयाणंदसूरि के काल में रचा बताया है।[२१] यही बात वि०सं० १६७९ में संघविजय द्वारा रचित **अमरसेनवयरसेनराजर्षिआख्यान** की प्रशस्ति[२४], वि०सं० १६७८ में कीर्तिविजय द्वारा प्रतिलिपित **सामाचारी** की प्रशस्ति[२५], वि०सं० १६८८ में अमृतविजय द्वारा प्रतिलिपित **विचारसारप्रकीर्णक** की प्रशस्ति[२६] और उनके शिष्य मुक्तिविजय द्वारा लिखित वि०सं० १६९४ की **प्राकृतनाममाला** की प्रशस्ति[२७] में भी कही गयी है।

वि०सं० १६९७-१७३५ के मध्य भावविजय द्वारा रचित विभिन्न कृतियों की प्रशस्तियों में विजयतिलकसूरि और उनके पट्टधर विजयाणंदसूरि का सादर उल्लेख मिलता है[२८] जिससे स्पष्ट होता है कि ये उनके आज्ञानुवर्ती रहे होंगे।

विजयराजसूरि—वि०सं० १७११ में विजयाणंदसूरि के निधन के उपरान्त इन्होंने तपागच्छ की इस शाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया। इनके द्वारा भी रचित कोई कृति नहीं मिलती है। वि०सं० १७०६ से वि०सं० १७२१ तक के प्रतिमालेखों में प्रतिमा-प्रतिष्ठापक के रूप में इनका नाम मिलता है। इनका विवरण निम्नानुसार है :

क्रमांक	वि०सं०	तिथि/मिति	प्राप्तिस्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	१७०६	ज्येष्ठ सुदि १३ रविवार	कुन्थुनाथ जिनालय, मांडवीपोल, खंभात	बुद्धिसागर, संपा०, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ६४८.
२.	१७०६	ज्येष्ठ.....गुरुवार	नेमिनाथ जिनालय, मुर्शिदाबाद	पूरनचन्दनाहर, संपा०, **जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १०१४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३.	१७१०	ज्येष्ठ सुदि ६ गुरुवार	शांतिनाथ जिनालय, नदियाड	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ३८१.
४.	१७१०	ज्येष्ठ सुदि ६ गुरुवार	बालावसही, शत्रुंजय	मुनि कांतिसागर, संपा०, **शत्रुंजयवैभव**, लेखांक ३०६ए तथा मुनिजिनविजय, संपा०, **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ३१.
५.	१७१०	ज्येष्ठ सुदि ६	घर देरासर, लखनऊ	नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १६१४.
६.	१७१०	पौष वदि ६ गुरुवार	सुमतिनाथ जिनालय, सीनोर	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ३६८.
७.	१७२१	ज्येष्ठ सुदि ३ रविवार	अरनाथ जिनालय, जीरावाड़ो, खंभात	वही, भाग २, लेखांक ७७१.
८.	१७२१	"	ऋषभदेव का लघुप्रासाद, अचलगढ़	मुनि जयन्तविजयजी, संपा०, **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेख-संदोह**, (आबू, भाग ५), लेखांक ४८५. एवं मुनि जिनविजयजी, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक २६९.
९.	१७२१	"	गौडीपार्श्वनाथ जिनालय, कोलर	मुनि जयन्तविजय, पूर्वोक्त, लेखांक २४३.
१०.	१७२१	"	अजितनाथ जिनालय, सिरोही	वही, लेखांक २५७.
११.	१७२१	"	वीरजिनालय, रीजरोड, अहमदाबाद	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ९९०.

जीवविचारप्रकरण[२९] की वि०सं० १७१७ की और **भवभावनास्तवक**[३०] की वि०सं० १७२६ में लिखी गयी प्रतियों की प्रशस्तियों में विजयराजसूरि का सादर उल्लेख मिलता है। ठीक यही बात वि०सं० १७३२ में रचित **अतिचारमयबत्तीस श्रीमहावीरस्तव**[३१] और **रतनपालरास**[३२] (वि०सं० १७३२) की प्रशस्तियों में भी कही गयी है।

कर्मग्रन्थबालावबोध की एक प्रति मुनिराज श्री पुण्यविजयजी के संग्रह में संरक्षित[३३] है। इस प्रति की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि इसे विजयराजसूरि के काल में लिखा गया था, परन्तु रचनाकाल नहीं दिया गया है। श्रीअम्बालाल शाह ने इसे वि०सं० १६५० में लिखित बतलाया[३४] है जो वस्तुतः भ्रामक और सत्यता से परे है। विजयराजसूरि के शिष्य ऋद्धिविजय द्वारा रचित **वरदत्तगुणमंजरीरास** (वि०सं० १७०३) और **रोहिणीरास** (वि०सं० १७१६)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नामक कृतियां मिलती हैं।[२७] वि०सं० १७४२ के बाद विजयराजसूरि का निधन हुआ।

विजयराजसूरि के एक अन्य शिष्य दानविजय द्वारा वि०सं० १७५० में **कल्पसूत्र** पर रची गयी **दानदीपिका** नामक कृति प्राप्त होती है ऐसा मुनि कांतिसागर जी ने उल्लेख किया है।[२८]

विजयमानसूरि—वि०सं० १७४२ में विजयराजसूरि के निधन के पश्चात् विजयमानसूरि ने इस शाखा का नायकत्व ग्रहण किया। इनके द्वारा भी रचित कोई कृति नहीं मिलती है। वि०सं० १७७० में इनका देहान्त हुआ। वि०सं० १७५१ में **कल्पसूत्रस्तवक**[२९] और वि०सं० १७५७ में **संग्रहणीसूत्र**[३०] के प्रतिलिपिकार महिमाविजय ने स्वयं को विजयमानसूरि का शिष्य बतलाया है। वि०सं० १७७६ के आस-पास इनके शिष्य आनन्दविजय ने क्षेत्रसमास पर **बालावबोध** की रचना की।[३१] वि०सं० १७९५ में **भाष्यत्रय** के प्रतिलिपिकार पं० माणिक्यविजय ने स्वयं को पं० हर्षविजय का शिष्य और विजयमानसूरि का प्रशिष्य कहा है:



विजयऋद्धिसूरि—वि०सं० १७७० में विजयमानसूरि के निधन के पश्चात् विजयऋद्धिसूरि उनके पट्टधर बने। **सोहमकुलपट्टावली** में इनके मृत्यु की तिथि वि०सं० १७९७ दी गयी है।[३२] वि०सं० १७९५ में इनके द्वारा अपने गुरु की चरणपादुका स्थापित करने का उल्लेख मिलता है। मुनि जयन्तविजयजी ने इस लेख की वाचना निम्नानुसार दी है[३३] :

सं० १७९५ भ० हीरविजयसूरि भ० विजयसेनसूरि भ० विजयतिलकसूरि भ० विजयआणंदसूरि भ० विजयराजसूरि भ० विजयमानसूरीणां पादुका प्रतिष्ठिता श्रीविजयऋद्धिसूरिभिः।

इसी प्रकार वि०सं० १७९८ वैशाख सुदि १ सोमवार के एक प्रतिमालेख, में भ०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनन्तनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण है और आज सुमतिनाथ जिनालय, माधोलालबाबू की धर्मशाला, पालीताना में प्रतिष्ठापित है, प्रतिमा प्रतिष्ठापक आचार्य के रूप में विजयऋद्धिसूरि का नाम मिलता है।

श्री पूरनचन्द नाहर ने इस लेख की वाचना दी है[१], जो निम्नानुसार है :

सं० १७९८ वैशाख सुदि १ सो (म) शा० खिमचंद भार्या विश्व श्री अनन्त विंब प्र० भ० श्री विजयऋद्धि सूरि।

वीरवंशावली में इनके मृत्यु की तिथि वि०सं० १८०६ बतलायी गयी है[२], जो सत्य प्रतीत होती है।

वि०सं० १७८० में **चौबीसी** के रचनाकार ज्ञानविजय ने स्वयं को विजयऋद्धिसूरि का प्रशिष्य और हस्तिविजय का शिष्य कहा है।[३]

विजयऋद्धिसूरि

।

हस्तिविजय

।

ज्ञानविजय (वि०सं० १७८०/ई०स० १७२४ में **चौबीसी** के रचनाकार)

इन्हीं के काल में वि०सं० १७८३ में मानविजय की परम्परा के जीतविजय ने **चन्द्रकेवलीरास** की प्रतिलिपि की।[४]

विजयसौभाग्यसूरि—विजयऋद्धिसूरि के पश्चात् विजयसौभाग्यसूरि उनके पट्टधर बने। इनके बारे में **सोहमकुलपट्टावलीरास** से ज्ञात होता है कि वि०सं० १८१४ में इनका निधन हुआ।[५] भरुच के निकट स्थित सीनोर नामक स्थान स्थित विजयलक्ष्मीसूरि की देहरी के पास इनकी चरणपादुका स्थापित है। इस पर वि०सं० १८१५ चैत्र सुदि १० का लेख उत्कीर्ण है। बुद्धिसागरसूरि[६] ने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार है:

सं० १८१५ वर्षे चैत्र सुदि १० वीरचंद भ० श्रीविजयसौभाग्यसूरीश्वरपादुकेभ्यो नमः सीनोरनगरे समस्तसंघेन का० श्रीकल्याणमस्तु शिवमस्तु॥

इनके बारे में विशेष विवरण उपलब्ध नहीं है।

विजयऋद्धिसूरि के द्वितीय पट्टधर विजयप्रतापसूरि हुए। मुनि कल्याणविजय जी के अनुसार इनका निधन भी वि०सं० १८१४ में हुआ।[७] इसके अलावा इनके बारे में कोई विवरण नहीं मिलता। ठीक यही बात इनके पट्टधर विजयउदयसूरि के बारे में भी कही जा सकती है।

विजयसौभाग्यसूरि के शिष्य एवं पट्टधर विजयलक्ष्मीसूरि हुए। वि०सं० १८१४ में इन्होंने गुरु से दीक्षा ग्रहण की[८] और इसी वर्ष विजयसौभाग्यसूरि का निधन भी हो गया।

चूंकि **सोहमकुलपट्टावलीरास** में विजयऋद्धिसूरि के दोनों पट्टधरों-विजयसौभाग्यसूरि और विजयप्रतापसूरि की मृत्यु की तिथि वि०सं० १८१४ बतलायी गयी है और विजयलक्ष्मीसूरि का दीक्षित होना भी इसी वर्ष में बतलाया गया है।[९] यदि उक्त तथ्य को सही माना जाये तो यह संभावना व्यक्त की जा सकती है कि विजयप्रतापसूरि के पट्टधर विजयउदयसूरि के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नायकत्त्व को विजयसौभाग्यसूरि के आज्ञानुवर्ती मुनिजनों ने भी स्वीकार किया होगा और जब वि०सं० १८३७ में विजयउदयसूरि का निधन हो गया तब उस समय तक विजयलक्ष्मीसूरि भी काफी वयस्क हो चुके रहे थे और उन्होंने ही अपने गुरु विजयसौभाग्यसूरि और उनके गुरुभ्राता विजयप्रतापसूरि के अनुयायी मुनिजनों का नेतृत्त्व संभाला होगा। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि विजयऋद्धिसूरि के पश्चात् इस शाखा में जो भेद पड़ चुका था, वह विजयलक्ष्मीसूरि के समय में समाप्त हो गया।

विजयलक्ष्मीसूरि द्वारा संस्कृत और गुजराती भाषा में रचित विभिन्न कृतियां मिलती हैं:

१. **ज्ञानदर्शनचारित्र संवादरूपवीरस्तव** (रचनाकाल वि०सं० १८२७)
२. **षट्अष्टह्निकस्तवन** (वि०सं० १८३४)
३. **उपदेशप्रासाद-वृत्तिसहित** (वि०सं० १८४३)
४. **वीसस्थानकपूजास्तवन** (वि०सं० १८४५)
५. **चौबीसी**
६. **ज्ञानपंचमी (अथवा सौभाग्यपंचमी) देववंदन**
७. **रोहिणीसज्झाय**
८. **भगवतीसज्झाय**
९. **मृगापुत्रसज्झाय**
१०. **ज्ञानपंचमीसज्झाय**

वि०सं० १८४४ वैशाख सुदि १० के एक प्रतिमालेख में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में विजयलक्ष्मीसूरि का नाम मिलता है। मुनि जिनविजय जी ने इस लेख की वाचना दी है[११], जो इस प्रकार है।

श्रीपार्श्वनाथ भीड़भंजन जी संवत् १८४४ वैशाख सु० १० गुरौ श्रीवारेजावास्तव्यसमस्तसंघेन कारिता श्री विजयलक्ष्मीसूरिभिः प्र०॥

वि०सं० १८५८ या १८५९ में इनकी मृत्यु हुई। सीनोर ग्राम में इनकी चरणपादुका स्थापित है जिसपर वि०सं० १८६८ का एक लेख उत्कीर्ण है[१२]। लेख का मूलपाठ इस प्रकार है :

सं० १८६८ श्रावण व० १२ बुध श्रीसीनोरग्रामे समस्तसंघेन का० श्रीविजयलक्ष्मी-सूरिपादुकेभ्यो नमः॥

विजयलक्ष्मीसूरि के पश्चात् विजयदेवेन्द्रसूरि, विजयमहेन्द्रसूरि और विजयसमुद्रसूरि ने क्रमशः इस शाखा का नेतृत्त्व किया। **सोहमकुलपट्टावलीरास** में इनका विवरण मिलता है। विजयसमुद्रसूरि के समय में ही कविराज दीपविजय ने उक्त रास की वि०सं० १८७७ में रचना की[१३] थी। दीपविजय द्वारा रचित विभिन्न कृतियाँ प्राप्त होती हैं।[१४]

विजयसमुद्रसूरि के पट्टधर विजयधनेश्वरसूरि हुए। श्रीमोहनलाल दलीचंद देसाई ने वि०सं० १८९३ के एक प्रतिमालेख में इनका नाम मिलने का उल्लेख किया है।[१५] परन्तु वह प्रतिमालेख कहां से प्राप्त हुआ है, उक्त लेख कहां प्रकाशित है, इन बातों की उन्होंने कोई स्पष्ट रूपसे जानकारी नहीं दी है।

बावन जिनालय, पेथापुर में अजितनाथ की धातु की एक प्रतिमा संरक्षित है जिसपर वि०सं० १८९३ माघ सुदि १० बुधवार का लेख उत्कीर्ण है। यह सम्भवतः वही प्रतिमा हो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सकती है जिसका श्रीदेसाई ने उल्लेख किया है।[1]

वस्तुतः विजयलक्ष्मीसूरि के पश्चात् इस शाखा में कोई प्रभावशाली मुनि या आचार्य नहीं हुए अतः शीघ्र ही इसका अस्तित्व समाप्त हो गया प्रतीत होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. मुनि जिनविजय, संपा०- **विविधगच्छीय पट्टावली संग्रह**, पृष्ठ १६०-२२७.

२. मुनि ज्ञानविजय, संपा०- **श्रीपट्टावलीसमुच्चय**, भाग २, श्रीचारित्रस्मारक ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ४४, अहमदाबाद १९५०ई०स०, पृष्ठ ९६-१२०.

३. **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, द्वितीय संशोधित संस्करण, संपा०- डॉ० जयन्त कोठारी, पृष्ठ ८९-९३.

४. संपा०-**पट्टावलीपरागसंग्रह**, पृष्ठ २०५-२११.

५-६. पूर्वोक्त, पृष्ठ २२४.

७. मुनि विद्याविजयजी, संपा०- **ऐतिहासिकरासंग्रह**, भाग ४, भावनगर वि०सं० १९७७

८. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ३, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ १८०-१८१.

९. श्री अमृतलाल मगनलाल शाह, संपा०- **प्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, पृष्ठ १८३, प्रशस्तिक्रमांक ७२६.

१०. वही, भाग २, पृष्ठ १८५, प्रशस्तिक्रमांक ७३२.

११. वही, भाग २, पृष्ठ १८४, प्रशस्तिक्रमांक ७३१.

१२. मुनि जयन्तविजय, संग्रा०/संपा०, **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह**, लेखांक २५४.

१३. वही, लेखांक ४४७.

१४. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ४, पृष्ठ १८८-८९.

१५. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ३, पृष्ठ २४८-४९.

१६. वही, भाग ३, पृष्ठ २६८-७०.

१७. **श्रीप्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्तिक्रमांक २७३, पृष्ठ २०३.

१७अ. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ३, पृष्ठ ३५९-६५.

१८. **प्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्तिक्रमांक ९२६, पृष्ठ २४६.

१९. बुद्धिसागरसूरि, संपा०- **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ६०९, भाग २, लेखांक २५४, ५८६.

२०. श्री अगरचन्द भंवरलाल नाहटा, संपा०-**बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, लेखांक १८२७.

२१. मुनि जयन्तविजय, संग्रा०-संपा०- **अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ४७८,४७९,४८०.

२२. वही, लेखांक ४७६-४७७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ३, पृष्ठ २३-७९.
२४. वही, भाग ३, पृष्ठ१५७.
२५. **प्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्तिक्रमांक ७४६, पृष्ठ १८७.
२६. A.P. Shah, Ed., *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss. Muniraj Shree Panya Vijayaji's Collection*, Part-I, No. 3343, P-189.
२७. **प्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्तिक्रमांक ७३१, पृष्ठ २०५.
२८. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ३, पृष्ठ ३२२-३२९.
२९. A.P. Shah, *Catalogue of Sanskrit*....., Part-I, No. 3650, P-203.
३०. **प्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्तिक्रमांक ८९२, पृष्ठ २३९.
३१-३२. शीतिकंठ मिश्र, **हिन्दीजैनसाहित्यका इतिहास**, **मरु-गूर्जर**, भाग ३, पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ९१, वाराणसी १९९७ ई०स०, पृष्ठ ४७३, ५३१.
३३. A.P. Shah, *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss*...., Part-I, No. 3157, P-173.
३४. Ibid, P-404-405.
३४अ. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ३, पृष्ठ ७४-७५.
३५. मुनि कांतिसागर, **शत्रुंजयवैभव**, पृष्ठ २१२.
३६. **प्रशस्तिसंग्रह,** भाग २, प्रशस्तिक्रमांक ९८८, पृष्ठ २६०.
३७. वही, भाग २, प्रशस्तिक्रमांक १०११, पृष्ठ २६६.
३८. देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास**, कंडिका ९७४.
३९. **पट्टावलीसमुच्चय**, भाग २, पृष्ठ १००.
४०. मुनि जयन्तविजय, **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह**, लेखांक २५९.
४१. पूरनचंद नाहर, संग्रा०: संपा०- **जैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १७४५.
४२. **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह**, पृष्ठ २२७.
४३. देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ५, संपा०- जयन्तकोठारी, पृष्ठ ३१०-११.
४४. वही, भाग ४, पृष्ठ ४००.
४५. **पट्टावलीसमुच्चय**, भाग २, पृष्ठ १०१.
४६. **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ३७१.
४७. **पट्टावलीपरागसंग्रह**, पृष्ठ २०६.
४८-४९. **पट्टावलीसमुच्चय**, भाग २, पृष्ठ १०१.
५०. देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ६, पृष्ठ १२२-१२५.
५१. **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ५३४.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२. बुद्धिसागर, **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ३७२.

५३. श्री विजयानंदसूरि पटधारी, समुद्रसूरि गच्छगाज;
तस गजे स्तवना कीधी, दिनदिन चढत दिवाजा रे. मु० २०
संवत अढार सत्योत्तर (१८७७) वरसे, शाक सत्तर बेहेंताल;
श्री सुरत बंदिरमें गाई, मोहम कुलगणमाल रे. मु० २१
पट्टावलीसमुच्चय, भाग २, पृष्ठ ११९.

५४. वही, आमुख, पृष्ठ ४-५.

५५. **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, पृष्ठ ९३.

५६. बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७१०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-राजविजयसूरिशाखा अपरनाम रत्नशाखा

तपागच्छ की नामशेष शाखाओं में राजविजयसूरि शाखा अपरनाम रत्नशाखा भी एक है। विजयराजसूरि इस शाखा के आदिपुरुष कहे जा सकते हैं और उनके शिष्य एवं पट्टधर रत्नविजय से यह शाखा रत्नशाखा के नाम से भी विख्यात् हुई।

राजविजयसूरि - पट्टावलीगतविवरणानुसार वि०सं० १५६४ में इनका जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम देवदत्त और माता का नाम देवलदेवी था। इनका बचपन का नाम रामकुमार था। वि०सं० १५७१ में इन्होंने उपकेशगच्छ में दीक्षा ली और वि०सं० १५८४ में आचार्य पद पर प्रतिष्ठित होकर उपकेशगच्छ की परम्परानुसार देवगुप्तसूरि के पट्टधर के रूप में कक्कसूरि नाम प्राप्त किया।

इनकी परम्परा में हुए उदयरत्न नामक सुप्रसिद्ध रचनाकार द्वारा रचित **भावरत्नसूरिप्रमुखपांचपाटवर्णनगच्छपरम्परारास** के अनुसार इन्होंने महमूद नामक शासक की बीबी का सर्पदंश दूरकर उसे स्वस्थ किया था। इसके अलावा इन्होंने अनेक चमत्कारों से उसे प्रभावित किया जिससे प्रसन्न होकर उसने इन्हें **राजवल्लभसूरि** नाम दिया। वि०सं० १६१३ में इन्होंने क्रियोद्धार कर के सम्पूर्ण परिग्रह त्याग दिया और वि०सं० १६१५ में तपागच्छीय आचार्य आनन्दविमलसूरि के पास योगोद्वहन कर राजविजयसूरि नाम प्राप्त किया। उस समय यह भी निश्चित हुआ कि आनन्दविमलसूरि के पट्टधर विजयदानसूरि होंगे तथा राजविजयसूरि युवराज पद पर रहेंगे और समय आने पर विजयदानसूरि के पट्टधर होंगे। आनन्दविमलसूरि के निधन के बाद विजयदानसूरि उनके पट्टधर हुए किन्तु उन्होंने बाद में एक बालक को दीक्षित कर हीरहर्ष नाम दिया और उसे अपना पट्टधर घोषित कर दिया। यही हीरहर्ष बाद में आचार्य पद पर हीरविजयसूरि के नाम से प्रसिद्ध हुए और राजविजयसूरि ने उनसे अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया। वि०सं० १६२४ में झींझुवाड़ा में इनका निधन हुआ। तत्पश्चात् इनके शिष्य रत्नविजय को तपागच्छ-कमलकलशशाखा के आचार्य लक्ष्मीरत्नसूरि ने सूरि पद प्रदान कर राजविजयजी का पट्टधर घोषित किया। इसी समय निश्चित किये गये शर्त के अनुसार इस शाखा के सभी मुनिजनों के **रत्नान्त** नाम रखे जाने लगे और इसका एक नाम **रत्नशाखा** भी प्रचलित हो गया। रत्नविजयसूरि के पश्चात् इस शाखा में हीररत्नसूरि, जयरत्नसूरि, भावरत्नसूरि, दानरत्नसूरि, मुक्तिरत्नसूरि आदि कई प्रभावशाली आचार्य हो चुके हैं। सुप्रसिद्ध रचनाकार उदयरत्न, हंसरत्न, हर्षरत्न आदि भी तपागच्छ की इसी शाखा से सम्बद्ध थे। इस शाखा के विभिन्न मुनिजनों द्वारा बड़ी संख्या में अनेक रचनाओं की प्रतिलिपियां तैयार की गयीं, जिनकी प्रशस्तियों में इस शाखा के विभिन्न मुनिजनों का उल्लेख मिलता है जो इस शाखा के इतिहास के अध्ययन की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इस शाखा की एक पट्टावली भी मिलती है, जो विक्रम सम्वत् की २०वीं शती में रची गयी प्रतीत होती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। इसमें राजविजयसूरि से लेकर अंतिम पट्टधर भाग्यरत्नसूरि तक का नाम मिलता है। इसके रचनाकार कौन हैं! यह कब और कहां रची गयी है, इस बारे में कोई सूचना नहीं मिलती। फिर भी इस शाखा के मुनिजनों की नामावली और उनसे सम्बद्ध तिथियों की जानकारी के लिये यह एक महत्त्वपूर्ण साक्ष्य है। इस शाखा से सम्बद्ध अभिलेखीय साक्ष्यों का नितान्त अभाव है, अत: उदयरत्न द्वारा रचित **भावरत्नसूरिप्रमुखपांचपाटवर्णनगच्छपरम्परारास**, **ग्रन्थप्रशस्तियां** और **पुस्तकप्रशस्तियां** एवं इस शाखा की एकमात्र उपलब्ध **पट्टावली**, जिसका ऊपर उल्लेख आ चुका है, को तपागच्छ की इस शाखा के इतिहास के अध्ययन का आधार बनाया गया है।

मोहनलाल दलीचंद देसाई और मुनि कल्याणविजय जी ने इस शाखा की पट्टावली का सार दिया है[1] जिसके अनुसार इससे सम्बद्ध आचार्यों का क्रम इस प्रकार है :

राजविजयसूरि (रत्नशाखा के आदिपुरुष)
|
रत्नविजयसूरि (वि०सं० १६२४ में सूरि पद; वि०सं० १६७५ में निधन)
|
हीररत्नसूरि (वि०सं० १६६१ में आचार्य पद, वि०सं० १६७५ में भट्टारकपद; वि०सं० १७१५ में स्वर्गस्थ)
|
जयरत्नसूरि (वि०सं० १६९९ में राजनगर में आचार्यपद; वि०सं० १७१५ में भट्टारकपद; वि०सं० १७३४में स्वर्गस्थ)
|
भावरत्नसूरि (वि०सं० १७३४ में भट्टारकपद; वि०सं० १७७२ में स्वर्गस्थ)
|
दानरत्नसूरि (वि०सं० १७७२ में भट्टारकपद; वि०सं० १८२४ में स्वर्गस्थ)
|
कीर्तिरत्नसूरि
|
मुक्तिरत्नसूरि (वि०सं० १८७४ में सूरिपद; वि०सं० १८७६ में निधन)
|
पुण्योदयरत्नसूरि (वि०सं० १८७६ में सूरिपद; वि०सं० १८९० में स्वर्गस्थ)
|
अमृतरत्नसूरि (वि०सं० १८९० में सूरिपद)
|
चन्द्रोदयरत्नसूरि
|
सुमतिरत्नसूरि
|
भाग्यरत्नसूरि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनि कल्याणविजय जी ने जयरत्नसूरि के पट्टधर के रूप मे हेमरत्नसूरि का नाम दिया है, जबकि प्रशस्तियों में जयरत्नसूरि के पट्टधर के रूप में भावरत्नसूरि का ही नाम मिलता है। मुनिश्री के उक्त कथन का क्या आधार है? यह ज्ञात नहीं होता।

रत्नशाखा के आदिपुरुष राजविजयसूरि और उनके पट्टधर रत्नविजयसूरि तथा रत्नविजयसूरि के पट्टधर हीररत्नसूरि द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है। ठीक यही बात इस शाखा के अन्य पट्टधरों के बारे में भी कही जा सकती है। किन्तु इस शाखा के विभिन्न रचनाकारों व प्रतिलिपिकार मुनिजनों ने अपनी कृतियों और प्रतिलिपियों की प्रशस्तियों में अपने पूर्वजों का सादर उल्लेख किया है।

वि०सं० १६९३/ई०स० १६३७ में लिखी गयी **प्रेमलासतीरास** की प्रशस्ति[1] में प्रतिलिपिकार मानविमल ने अपने गुरु जसविमल और प्रगुरु हीररत्नसूरि का सादर उल्लेख किया है :

हीररत्नसूरि
|
जसविमल
|
मानविमल (वि०सं० १६९३/ई०स० १६३७ में **प्रेमलासतीरास** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १६९६/ई०स० १६४० में रची गयी **नेमिजिनरास** अपरनाम **वसंतविलास** की प्रशस्ति[2] में रचनाकार हर्षरत्न ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

हीररत्नसूरि
|
लब्धिरत्न
|
सिद्धिरत्न
|
हर्षरत्न (वि०सं०१६९६/ई०स०१६४० में **नेमिजिनरास** अपरनाम **वसंतविलास** के रचनाकार)

वि०सं० १७१४/ई०स० १६५८ में लिखीगयी **कल्याणमंदिरस्तोत्र** की प्रतिलेखन प्रशस्ति[3] में प्रतिलिपिकार देवरत्न ने स्वयं को हीररत्नसूरि की परम्परा को बतलाते हुए अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है :

हीररत्नसूरि
|
पं० लब्धिरत्नगणि
|
शुभरत्न राजरत्न
|
देवरत्न (वि०सं०१७१४/ई०स० १६५८ में **कल्याणमंदिर**-स्तोत्र के रचनाकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १६३६ में रची गयी **आठकर्मनोरास** की एक प्रतिलिपि, जिसमें प्रतिलेखनकाल नहीं दिया गया है, की प्रशस्ति में कहा गया है कि उक्त रचना हीररत्नसूरि के शिष्य विनयरत्न के भ्राता विवेकरत्न के पठनार्थ लिखी गयी थी।[७] चूंकि हीररत्नसूरि का समय (वि०सं० १६७५-१७१४) सुनिश्चित है, अतः उक्त प्रतिलिपि का भी यही समय माना जा सकता है।

हीररत्नसूरि

विनयरत्न — विवेकरत्न (इनके पठनार्थ **आठकर्मनो-रास** की प्रतिलिपि की गयी)

१८वीं शताब्दी के प्रसिद्ध रचनाकार उदयरत्न भी हीररत्नसूरि की परम्परा के थे। वि०सं० १७४६/ई०स० १६९० में इनके द्वारा लिखी गयी **दानदीपिका** की एक प्रति प्राप्त हुई है। इसकी प्रशस्ति[८] में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

हीररत्नसूरि
|
लब्धिरत्न
|
महोपाध्याय सिद्धिरत्न
|
पं० मेघरत्न
|
अमररत्न
|
उदयरत्न (वि०सं० १७४६/ई०स० १६९० में **दानदीपिका** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १७४३/ई०स० १६८७ में लिखी गयी **शुकराजरास** की प्रति की प्रशस्ति[९] में भी उदयरत्न का प्रतिलिपिकार के रूप में नाम मिलता है।

उदयरत्न द्वारा वि०सं० १७४९ से १७९९ के मध्य रचित विभिन्न रचनायें प्राप्त हुई हैं।[१०] इनका विवरण इस प्रकार है :

१.	**जम्बूस्वामीरास**	वि०सं०१७४९/ई०स० १६८३
२.	**अष्टप्रकारीपूजारास**	वि०सं०१७५५/ई०स० १६९९
३.	**स्थूलिभद्ररास**	वि०सं०१७५९/ई०स० १७०३
४.	**शंखेश्वरपार्श्वनाथनो छंद**	वि०सं०१७५९/ई०स० १७०३
५.	**राजसिंहरास अपरनाम नवकाररास**	वि०सं०१७६२/ई०स० १७०६
६.	**ब्रह्मचर्यनी नववाडसज्झाय**	वि०सं०१७६३/ई०स० १७०७
७.	**बारव्रतरास**	वि०सं०१७६५/ई०स० १७०९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८.	**मलयसुन्दरी महाबलरास** अपरनाम **विनोदविलासरास**	वि०सं०१७६६/ई०स०	१७१०
९.	**यशोधररास**	वि०सं०१७६७/ई०स०	१७११
१०.	**लीलावतीसुमतिविलासरास**	वि०सं०१७६७/ई०स०	१७११
११.	**धर्मबुद्धिमंत्री अने पापबुद्धिराजानो रास**	वि०सं०१७६८/ई०स०	१७१२
१२.	**शत्रुंजयतीर्थमालाउद्धाररास**	वि०सं०१६६९/ई०स०	१७१३
१३.	**भुवनभानुकेवलीनो रास** अपरनाम **रसलहरीरास**	वि०सं०१६६९/ई०स०	१७१३
१४.	**नेमिनाथशलोको**		
१५.	**शालिभद्रनो शलोको**	वि०सं०१७७०/ई०स०	१७१४
१६.	**भरतबाहुबलिनो शलोको**		
१७.	**भावरत्नसूरिप्रमुख पांचपाटवर्णन गच्छपरम्परारास** इस कृति में राजविजयसूरि, विजयरत्नसूरि, हीररत्नसूरि, जयरत्नसूरि और भावरत्नसूरि - इन पांच पट्टधर आचार्यों का विवरण दिया गया है।	वि०सं०१७७०/ई०स०	१७१४
१८.	**ढंढणमुनिनी सज्झाय**	वि०सं०१७७२/ई०स०	१७१६
१९.	**चौबीसी**	वि०सं०१७७२/ई०स०	१७१६
२०.	**दामन्नकरास**	वि०सं०१७८२/ई०स०	१७२६
२१.	**वरदत्तगुणमंजरीरास**	वि०सं०१७८२/ई०स०	१७२६
२२.	**सुदर्शनश्रेष्ठीरास**	वि०सं०१७८५/ई०स०	१७२९
२३.	**विमलमेहतानो शलोको**	वि०सं०१७९५/ई०स०	१७३९
२४.	**नेमिनाथराजीमतीबारमास**	वि०सं०१७९५/ई०स०	१७३९
२५.	**हरिवंशरास** अपरनाम **रसरत्नाकररास**	वि०सं०१७९९/ई०स०	१७४३
२६.	**सूर्ययशा (भरतपुत्र)नो रास**		
२७.	**भाभापारसनाथनुं स्तवन**		

इसके अतिरिक्त इनके द्वारा रचित अन्य स्तवन, सज्झाय और भास आदि भी बड़ी संख्या मे प्राप्त हुए हैं।

वि०सं० १७५१/ई०स० १६९५ में **अरहन्नकरास** के प्रतिलिपिकार मानरत्न[४] ने स्वयं को भावरत्नसूरि का शिष्य बताया है। इस भावरत्नसूरि को हीररत्नसूरि के प्रपट्टधर और जयरत्नसूरि के पट्टधर भावरत्नसूरि से समसामयिकता, नामसाम्य, गच्छसाम्य आदि को देखते हुए अभिन्न माना जा सकता है।

(हीररत्नसूरि)

।

(जयरत्नसूरि)

।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावरत्नसूरि (वि०सं० १७३४-१७७२)

मानरत्न (वि०सं० १७५१/ई०स० १६९५ में **अरहन्नकरास** के प्रतिलिपिकार)

मुनि मानरत्न द्वारा वि०सं० १७५४ में लिखी गयी **रत्नसंचय**[१०] और वि०सं० १७५८ में लिखित **दशवैकालिकबालावबोध**[११] की प्रतियां भी प्राप्त हुई हैं।

विक्रम सम्वत् की १८वीं शताब्दी के मध्य में इस शाखा में हंसरत्न नामक एक रचनाकार हुए हैं। उनके द्वारा रचित कुछ कृतियां मिलती हैं[१२] जो इस प्रकार हैं :

१. **चौबीसी** वि०सं० १७५५/ई०स० १६९९
२. **शिक्षाशतदूहा** वि०सं० १७८६/ई०स० १७३०
३. **अध्यात्मकल्पद्रुमबालावबोध**
४. **शत्रुंजयमहात्म्य**

श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई[१३] ने इनकी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है:

गजविजयसूरि

|

|

|

हीररत्नसूरि

|

लब्धिरत्न

|

गजरत्न

|

लक्ष्मीरत्न

|

ज्ञानरत्न

|

हंसरत्न (रचनाकार)

वि०सं० १७६०/ई०स० १७०४ में लिखी गयी **चन्द्रमुनिरास** की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि उक्त प्रति आचार्य भावरत्नसूरि के काल में लिखी गयी थी और इसके प्रतिलिपिकार के रूप में नयरत्न का नाम मिलता है।[१४] नयरत्न कौन थे, इस बारे में उक्त प्रशस्ति से कोई जानकारी नहीं मिलती, तथापि उनके रत्नान्त नाम होने तथा उनके द्वारा रत्नसूरि का सादर उल्लेख करने से उन्हें भावरत्नसूरि का शिष्य मानने में कोई बाधा नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावरत्नसूरि

।

नयरत्न (वि०सं० १७६०/ई०स० १७०४ में **चन्द्रमुनिरास** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १७६१/ई०स० १७०५ में लिखी गयी **रघुवंशकाव्यवृत्ति** के प्रतिलिपिकार भावरत्नसूरि[१०] और राजविजयसूरिशाखा के आचार्य भावरत्नसूरि को समसामयिकता, गच्छसाम्य, नामसाम्य आदि बातों को देखते हुए एक ही व्यक्ति सिद्ध होते हैं।

वि०सं० १७७३/ई०स० १७१७ में लिखीगयी **प्रतिक्रमणभाष्य** की प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार तेजरत्न ने स्वयं को हीररत्नसूरि का प्रशिष्य और धनरत्न का शिष्य कहा है[११]:

हीररत्नसूरि

।

धनरत्न

।

तेजरत्न (वि०सं० १७७३/ई०स० १७१७ में **प्रतिक्रमणभाष्य** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १७७३/ई०स० १७१७ में ही लिखीगयी **साधुप्रतिक्रमणबालावबोध** की प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार के रूप में उक्त तेजरत्न के शिष्य सुबुद्धिरत्न का नाम मिलता है।[१२]

भावरत्नसूरि की परम्परा में हुए कनकरत्न द्वारा वि०सं० १७९४/ई०स० १७३८ में लिखी गयी **नर्मदासुन्दरीनोरास** की प्रति उपलब्ध हुई है।[१३] इसकी प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

भावरत्नसूरि

।

महोपाध्याय पंडित शांतिरत्न

।

पंडित हस्तिरत्न

।

पंडित कनकरत्न (वि०सं० १७९४ में **नर्मदासुन्दरीनोरास** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १७९५/ई०स०१७३९ में लिखी गयी **पंचाख्यान** की प्रशस्ति[१४] में प्रतिलिपिकार तिलकरत्न ने स्वयं को हीररत्नसूरि की परम्परा को बतलाते हुए अपनी गुरु-परम्परा निम्नानुसार दी है :

हीररत्नसूरि

।

लब्धिरत्न

।

हेमरत्न

।

तिलकरत्न (वि०सं० १७९५/ई०स० १७३९ में **पंचाख्यान** के प्रतिलिपिकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजविजयसूरिशाखा के आचार्य दानरत्नसूरि (वि०सं० १७७२-१८२४) और वि०सं० १८०७/ई०स० १७५१ में लिखी गयी **श्रीपालरास** के प्रतिलिपिकार[२०] दानसागरसूरि निश्चय ही एक ही व्यक्ति हैं। इन्हीं के काल में वि०सं० १८१४ में मोहनरत्न ने **आगमसार** की प्रतिलिपि की।[२१] उक्त मोहनरत्न संभवतः इनके शिष्य रहे होंगे।

वि०सं० १८४९/ई०स० १७८३ में अज्ञात रचनाकार कृत **धन्नाचरितबालावबोध** के प्रतिलिपिकार हर्षरत्न भी इसी शाखा के थे। श्री देसाई ने इनकी गुरु-परम्परा निम्नानुसार दी है[२२] :

भावरत्नसूरि

।

महो०पं०शांतिरत्न

।

पं० हस्तिरत्न

।

पं० कनकरत्न

।

पं० बुद्धिरत्न

।

पं० धर्मरत्न

।

पं० हर्षरत्न (प्रतिलिपिकार)

दानरत्नसूरि (वि०सं० १७७२-१८२४) के पश्चात् कीर्तिरत्नसूरि ने इस शाखा का नेतृत्त्व संभाला। वि०सं० १८५०/ई०स० १७९४ में लिखी गयी **मानतुंगमानवतीनोरास** नामक कृति के प्रतिलिपिकार मयारत्न ने स्वयं को कीर्तिरत्नसूरि का शिष्य बतलाया है[२३]:

कीर्तिरत्नसूरि

।

मयारत्न (वि०सं० १८५०/ई०स० १७९४ में **मानतुंगमान-वतीरास** के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १८५२/ई०स० १७९६ में पूर्वोक्त हर्षरत्न ने **ढालमंजरी** की प्रतिलिपि की। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने लम्बी गुर्वावली दी है, जिसे श्री देसाई ने उद्धृत किया है[२४]

वि०सं० १८५२/ई०स० १७९६ में **उत्तमकुमारनोरास** के रचनाकार पं० राजरत्न भी इसी शाखा के थे। इसकी प्रशस्ति[२५] में उन्होंने अपनी गुर्वावली दी है, जो निम्नानुसार है:

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हीररत्नसूरि
|
उदयरत्न
|
उत्तमरत्न
|
जिनरत्न
|
क्षमारत्न
|
पं० राजरत्न (वि०सं० १८५२/ई०स० १७९६ में
उत्तमकुमारनोरास के रचनाकार)

इन्ही राजरत्न के शिष्य मयांकररत्न द्वारा वि०सं० १८९६ में लिखी गयी **जम्बूस्वामीरास** की प्रति प्राप्त हुई है।[२६]

वि०सं० १८५६/ई०स० १८०० में **रत्नपालरास** के प्रतिलिपिकार मंछाराम भी स्वयं को हीररत्नसूरि की परम्परा का बतलाते हैं। इसकी प्रतिलिपि में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा निम्नानुसार दी है[२७] :

हीररत्नसूरि
|
धनरत्न
|
तेजरत्न
|
जोधरत्न
|
लावण्यरत्न
|
गोविन्दरत्न
|
मंछाराम (वि०सं० १८५६/ई०स० १८०० में
रत्नपालरास के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १८६३/ई०स० १८०७ में लिखी गयी **जम्बूस्वामीरास** की प्रति की प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार रंगरत्न ने स्वयं को दानरत्नसूरि की परम्परा का बतलाया है[२८]:

दानरत्नसूरि
|
कल्याणरत्न
|
कुशलरत्न
|
रंगरत्न (प्रतिलिपिकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कीर्तिरत्नसूरि के पट्टधर मुक्तिरत्नसूरि हुए। इनके शिष्य पं० सौभाग्यरत्न द्वारा लिखी गयी **कुमारपालरास** की वि०सं० १८६९/ई०स० १८१३ की एक प्रति प्राप्त हुई है।[२९]

मुक्तिरत्नसूरि
।
पं० सौभाग्यरत्न (वि०सं० १८६९/ई०स० १८१३ में
कुमारपालरास के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १८८२/ई०स० १८२६ में **श्रीपालरास** के प्रतिलिपिकार प्रेमरत्न ने स्वयं को भावरत्नसूरि की परम्परा का बतलाते हुए अपनी गुर्वावली दी है[३०] :

भावरत्नसूरि
।
मानरत्न
।
सुमतिरत्न
।
माणिक्यरत्न
।
प्रेमरत्न (वि०सं० १८८२/ई०स० १८२६ में
श्रीपालरास के प्रतिलिपिकार)

इस प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार प्रेमरत्न द्वारा तत्कालीन गच्छनायक पुण्योदयरत्नसूरि का नाम नहीं दिया गया है जो गच्छनायक के घटते हुए प्रभाव का द्योतक माना जा सकता है।

वि०सं० १८९३ पौष सुदि १ रविवार को लिखित **जयविजयकुंवरप्रबन्ध** के प्रतिलिपिकार तेजरत्न भी इसी शाखा के थे। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा निम्नानुसार दी है[३१] :

कीर्तिरत्नसूरि
।
पंन्यास पं० मयारत्न
।
पं० सौभाग्यरत्न
।
पं० राजेन्द्ररत्न
।
पं० तेजरत्न (वि०सं० १८९३/ई०स० १८३७ में
जयविजयकुंवरप्रबन्ध के प्रतिलिपिकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १८९३ में ही लिखी गयी **सम्यकत्त्वकौमुदीरास** की प्रशस्ति में भी पं० तेजरत्न का नाम मिलता है।[२७]

तेजरत्न के शिष्य गुणरत्न द्वारा भी इसी वर्ष चैत्र सुदि ३ रविवार को **गजसिंहकुमाररास** की प्रतिलिपि की गयी।[२८]

हीरत्नसूरि की परम्परा के पं० मयांकररत्न द्वारा वि०सं० १८९६/ई०स० १८४० में **जम्बूरास**[२९] और वि०स० १९१० में **अजितसेनकनकावतीरास**[३०] की प्रतिलिपि की गयी। इनकी प्रशस्तियों में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

हीरत्नसूरि
|
|
|
उदयरत्न
|
उत्तमरत्न
|
जिनरत्न
|
क्षमारत्न
|
राजरत्न
|
मयांकररत्न (प्रतिलिपिकार)

मयांकररत्न के गुरु राजरत्न का ऊपर उल्लेख आ चुका है जिनके द्वारा लिखी गयी **उत्तमकुमारनोरास** की वि०सं० १८५२ की प्रति प्राप्त हुई है।

वि०सं० १८९८/ई०स०१८४२ में लिखी गयी **महावीरस्तवकबालावबोध** की प्रशस्ति में प्रतिलिपिकार विवेकरत्न ने स्वयं को मुक्तिरत्नसूरि का प्रशिष्य और देवेन्द्ररत्न का शिष्य कहा है[३१] :

मुक्तिरत्नसूरि
|
देवेन्द्ररत्नसूरि
|
विवेकरत्न (वि०सं० १८९८/ई०स० १८४२ में
महावीर-स्तवकबालावबोध के प्रतिलिपिकार)

वि०सं० १९१२ में लिखी गयी **चन्द्रराजारास** की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि कीर्तिरत्नसूरि की परम्परा में हुए मुनि जयरत्न के पठनार्थ उक्त कृति की प्रतिलिपि की गयी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ-राजविजयसूरिशाखा अपरनाम रत्नशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की तालिका



Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

तपागच्छ-राजविजयसूरिशाखा के हीररत्नसूरि के शिष्य परम्परा की तालिका



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री देसाई ने उक्त प्रति की प्रशस्ति के आधार पर जयरत्न की गुरु-परम्परा दी है[१०], जो इस प्रकार है :

कीर्तिरत्नसूरि → मयारत्न → सौभाग्यरत्न → राजेन्द्ररत्न → गुणरत्न → मानरत्न → **जयरत्न** (वि०सं० १९१२/ई०स० १८५६ में इनके पठनार्थ **चन्द्रराजारास** की प्रतिलिपि की गयी।)

उक्त प्रशस्ति को इस शाखा से सम्बद्ध अंतिम साक्ष्य माना जा सकता है।

विभिन्न प्रशस्तियों के आधार पर संकलित उक्त छोटी-छोटी गुर्वावलियों के समायोजन से इस शाखा की पट्टावली को जो नवीन स्वरूप प्राप्त होता है, वह इस प्रकार है :

द्रष्टव्य-तालिका-१-२.

जैसा कि हम इस शाखा के प्रारम्भिक पृष्ठों में ही देख चुके हैं मुक्तिरत्नसूरि के पश्चात् इस शाखा में क्रमशः पुण्योदयरत्नसूरि, अमृतरत्नसूरि, चन्द्रोदयरत्नसूरि, सुमतिरत्नसूरि और भाग्यरत्नसूरि पट्टधर बने, परन्तु इनमें से किसी का भी उक्त पट्टावली को छोड़ कर अन्यत्र कोई उल्लेख नहीं मिलता है। किसी रचनाकार या प्रतिलिपिकार मुनि द्वारा अपनी रचनाओं या प्रतिलिपि की प्रशस्तियों में तत्कालीन गच्छनायक या शाखाप्रमुख का उल्लेख न करना निश्चय ही गच्छनायक के महत्त्वहीन होने का द्योतक है और गच्छनायक का महत्त्वहीन होना उस गच्छ या शाखा के महत्त्वहीन होने का परिचायक है। ठीक यही बात राजविजयसूरिशाखा के अंतिम पांच आचार्यों के बारे में भी कही जा सकती है। वर्तमान में इस शाखा का अस्तित्त्व केवल इतिहास के पृष्ठों तक ही सीमित है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. मोहन लालदलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ९, पृष्ठ ९५-९८.
मुनि कल्याणविजय गणि, **पट्टावलीपरागसंग्रह**, पृष्ठ १९६-१९९.

२. अमृतलाल मगनलालशाह, **श्रीप्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक ७२४, पृष्ठ २०४.
देसाई, पूर्वोक्त, भाग ३, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ८९.

३. देसाई, वही, भाग ३, पृष्ठ ३१४.

४. अमृतलाल मगनलाल शाह, पूर्वोक्त, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक ८१९, पृष्ठ २२३.

५. देसाई, पूर्वोक्त, भाग २, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ १६६

६. देसाई, वही, भाग ४, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ३२२.

७. वही, पृष्ठ ३८-३९.

८. वही, भाग ५, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ७६-११४.

९. वही, भाग ४, पृष्ठ ६७.

१०. शाह, पूर्वोक्त, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १००७, पृष्ठ २६५.

११. वही, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १०२५, पृष्ठ २६९.

१२-१३. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ५, पृष्ठ १५७.

१४. शाह, पूर्वोक्त, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १०३४, पृष्ठ २७१.

१५. वही, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १०४५, पृष्ठ २७३-७४.

१६. वही, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १११८, पृष्ठ २८९.

१७. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ५, पृष्ठ ३८६.

१८. वही, भाग ५, पृष्ठ १३९.

१९. शाह, पूर्वोक्त, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १२४५, पृष्ठ ३१८.

२०. देसाई, पूर्वोक्त भाग ४, पृष्ठ२५५

२१. वही, भाग ५, पृष्ठ २५२.

२२. वही, भाग ६, द्वितीय संशोधित संस्करण, पृष्ठ ३३४.

२३. वही, भाग ५, पृष्ठ १४८.

२४. वही, भाग ६, पृष्ठ १०८.

२५. वही, भाग ६, पृष्ठ १९६-१९८.

२६. वही, भाग ५, पृष्ठ ८०.

२७. वही, भाग ५, पृष्ठ १४४-४५.

२८. वही, भाग ५, पृष्ठ ८०.

२९. वही, भाग ४, पृष्ठ १०२.

३०. वही, भाग ४, पृष्ठ २२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१. वही, भाग ४, पृष्ठ ४४४.
३२. वही, भाग २, पृष्ठ १९४.
३३. वही, भाग ६, पृष्ठ ८०.
३४. वही, भाग ५, पृष्ठ ८०.
३५. वही, भाग ४. पृष्ठ ११८.
३६. वही, भाग ६, पृष्ठ १९६-१९८.
३७. वही, भाग ६, पृष्ठ ७१.
३८. वही, भाग ५, पृष्ठ १५४-५५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छ - विमलशाखा

तपागच्छ से उद्भूत विभिन्न शाखाओं में विमलशाखा भी एक है। तपागच्छ के ५६वें पट्टधर आचार्य आनन्दविमलसूरि के शिष्य हर्षविमल की परम्परा में हुए धीरविमलगणि के शिष्य नयविमल (ज्ञानविमलसूरि) से यह शाखा अस्तित्व में आयी। इस शाखा में ज्ञानविमलसूरि के पश्चात् क्रमशः सौभाग्यसागरसूरि, सुमतिसागरसूरि, विबुधविमलसूरि और महिमाविमलसूरि हुए।

विमलशाखा के इतिहास के अध्ययन के लिये स्रोत के रूप में इस शाखा के आदिपुरुष ज्ञानविमलसूरि द्वारा रचित विभिन्न कृतियों की प्रशस्तियां अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।[1] इसी प्रकार इस शाखा के चतुर्थ पट्टधर विबुधविमलसूरि की कृतियों की प्रशस्तियां[2] भी उक्त दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। **ज्ञानविमलसूरिरास**[3] और **विबुधविमलसूरिरास**[4] से भी उक्त दोनों आचार्यों के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण विवरण प्राप्त होते हैं। इसके अलावा इस गच्छ की एक पट्टावली[5] भी मिली है, जिसका सार श्रीमोहनलाल दलीचंद देसाई ने गुजराती भाषा में प्रस्तुत किया है। इस शाखा से सम्बद्ध कुछ अभिलेखीय साक्ष्य भी मिले हैं जो वि०सं० १७५१ से लेकर वि०सं० १८४८ तक के हैं। यहाँ सभी साक्ष्यों के आधार पर इस शाखा के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, इस शाखा की एक पट्टावली प्राप्त हुई है, जिसका सार श्री देसाई[6] ने प्रस्तुत किया है। इसे तालिका के रूप में निम्न प्रकार से रखा जा सकता है :

विजयप्रभसूरि (तपागच्छ के ६१वें पट्टधर)
|
ज्ञानविमलसूरि (वि०सं० १६९४ में जन्म; वि०सं० १७०२ में दीक्षा, वि०सं० १७२७ में पंन्यासपद; वि०सं० १८४८-४९ में आचार्यपद; वि०सं० १७८२ में निधन)
|
सौभाग्यसागरसूरि
|
सुमतिसागरसूरि
|
विबुधविमलसूरि (वि०सं० १७९८ में सूरिपद; वि०सं० १८१४ में स्वर्गस्थ)
|
महिमाविमलसूरि (वि०सं० १८१३ में सूरिपद प्राप्त; वि०सं० १८२० में इनके काल में **विबुधविमलसूरिरास** की रचना हुई)

ज्ञानविमलसूरि अपने युग के श्रेष्ठतम रचनाकारों में से एक थे। इनके द्वारा संस्कृत, प्राकृत और गुजराती भाषा में रची गयी अनेक कृतियां मिलती हैं जिनमें से कुछ निम्नानुसार[7] हैं :

१.	**नरभवदृष्टान्तोपनयमाला**	
२.	**साधुवंदनारास**	वि०सं० १७२८
३.	**जम्बूस्वामिरास**	वि०सं० १७३७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४.	नवतत्त्वबालावबोध	वि०सं० १७३९
५.	रणसिंहराजर्षिरास	वि०सं० १७४०
६.	श्रमणसूत्रबालावबोध	वि०सं० १७४३
७.	प्रश्नद्वात्रिंशिकास्तोत्रं स्वोपज्ञबालावबोधयुक्त	वि०सं० १७४५
८.	श्रीपालचरित	वि०सं० १७४५
९.	साढात्रणसौगाथानास्तवनोबालावबोध	
१०.	दसदृष्टान्तनीसज्झाय	
११.	प्रश्नव्याकरणसूत्रवृत्ति	
१२.	संसारदावानलस्तुतिवृत्ति	
१३.	बारव्रतग्रहणरास	वि०सं० १७५०
१४.	रोहिणीअशोकचन्द्ररास	वि०सं० १७५०
१५.	दीवालीकल्पबालावबोध	वि०सं० १७६३
१६.	आनन्दघनचौबीसीबालावबोध	वि०सं० १७६९
१७.	त्रणभाष्यबालावबोध	वि०सं० .....
१८.	अध्यात्मकल्पद्रुमबालावबोध	वि०सं० १७७०
१९.	चन्द्रकेवलीरास अपरनाम आनन्दमंदिररास	वि०सं० १७७०
२०.	पाक्षिकसूत्रबालावबोध	वि०सं० १७७३
२१.	योगदृष्टिनीसज्झायबालावबोध	
२२.	पर्युषणमहापर्वनीसज्झाय	
२३.	शांतिनाथकलश	
२४.	पार्श्वनाथकलश	

साधुवन्दना अपरनाम **गुरु-परम्परा ढाल** (रचनाकाल वि०सं० १७२८) में इन्होंने अपनी लम्बी गुर्वावली[1] दी है, जो इस प्रकार है :

जगच्चन्द्रसूरि (तपागच्छ के प्रवर्तक)

|

|

|

|

|

|

|

|

आनन्दविमलसूरि

|

|

|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विजयदानसूरि	हर्षविमल
↓	↓
हीरविजयसूरि	(वि) जयविमल
↓	↓
विजयसेनसूरि	कीर्तिविमल
↓	↓
विजयदेवसूरि	विनयविमल
↓	↓
विजयप्रभसूरि	धीरविमल
	↓
	नयविमल अपरनाम ज्ञानसागरसूरि

वि०सं० १७७० में रचित **चन्द्रकेवलीरास** अपरनाम **आनन्दमंदिररास** की प्रशस्ति[1] में भी (नयविमल) ज्ञानविमलसूरि ने उक्त गुर्वावली दी है, साथ ही वि०सं० १७४९ में स्वयं को प्राप्त आचार्यपद और अपने नूतन नाम ज्ञानविमलसूरि का भी उल्लेख किया है :

आचार्यजपद ज्ञानविमल इति, नाम थयुं सुप्रसिद्धजी ॥१३॥
निधि युग मुनि शशी संवत माने (१७४९) फागण
सुदि पंचमी दिवसेंजी,
पत्तन नयर तणे तस पासे, पद पाम्या सुभ देसेंजी ॥१४॥
श्रीविजयप्रभसूरीनें पाटें, पक्ष संवेगी सुहाया जी,
ज्ञानविमलसूरी संप्रति दीपे, तेजे तरणी सवाया जी ॥१५॥

.....

अज्ञात कर्तृक **ज्ञानविमलसूरिरास**[2] के अनुसार वि०सं० १६९४ में इनका जन्म हुआ, वि०सं० १७०२ में विनयविमलगणि से दीक्षा ग्रहण की और धीरविमल के शिष्य बनकर नयविमल नाम प्राप्त किया। अमृतविमलगणि और मेरुविमलगणि के पास इन्होंने विद्याध्ययन किया। वि०सं० १७२७ माघ सुदि १० को मारवाड़ में सादड़ी के पास स्थित घाणेराव नामक स्थान पर विजयप्रभसूरि ने इन्हें पंडित (पंन्यास) पद प्रदान किया। वि०सं० १७४८ में इन्हें संडेर ग्राम में विजयप्रभसूरि की आज्ञा से महिमासागरसूरि ने आचार्य पद प्रदान किया और इस समय से ये ज्ञानविमलसूरि के नाम से प्रसिद्ध हुए।

कवि दीपसागरगणि के शिष्य सुखसागर द्वारा रचित **प्रेमविलासरास**[3] के अनुसार वि०सं० १७७७ में सूरत के श्रेष्ठी प्रेमजी पारेख ने ज्ञानसागरसूरि के उपदेश से शत्रुंजयतीर्थ की यात्रा हेतु संघ निकाला था। उक्त रास में इसका विस्तृत विवरण पाया जाता है। कवि सुखसागर के गुरु दीपसागरगणि किसके शिष्य थे! ज्ञानसागरसूरि से उनका क्या सम्बन्ध था, इस बारे में न तो उक्त कृति से और न ही सुखसागर की अन्य रचनाओं से इस सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानसागरसूरि ने सूरत, खंभात, राजनगर (अहमदाबाद), पाटण, राधनपुर, सादड़ी, घाणेराव, सिरोही, पालिताना, जूनागढ़ आदि स्थानों पर विहार किया। वि०सं० १७८२ में ८९ की आयु में खंभात में इनका निधन हुआ।[१२]

खरतरगच्छीय देवचन्द्रउपाध्याय से भी आचार्य ज्ञानविमलसूरि का घनिष्ठ सम्बन्ध था। ज्ञानविमलसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित कुछ जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं, जो वि०सं० १७५१ से लेकर वि०सं० १७६९ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, शाकोपुरा, खंभात में ज्ञानविमलसूरि की चरणपादुका प्रतिष्ठापित है। इस पर वि०सं० १७८४ मार्गशीर्ष वदि ६ बुधवार का लेख उत्कीर्ण है। बुद्धिसागरसूरि ने इस लेख की वाचना दी है, जो निम्नानुसार है :

संवत् १७८४ मार्गसिरवदि ६ दिने बुधवासरे श्रीस्तंभतीर्थबंदिरे श्रीतपागच्छे सुविहितभट्टारक श्री आणंदविमलसूरिपट्टप्रभावकश्रीविजयदानसूरि तत्पट्टे भ० हीरविजयसूरिपट्टे सद..... विजयसेनसूरिपट्टे भ० श्रीविजयदेवसूरिपट्टप्रभावकसकलभ० पुरंदरभ० श्रीविजयप्रभसूरिपट्टे संविज्ञपक्षे भट्टारकप्रभुश्रीज्ञानविमलसूरीश्वरचरणपादुका: शुभं भवतु।।

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग २, लेखांक ९११.

ज्ञानविमलसूरि के पट्टधर सौभाग्यसागरसूरि हुए। इनके बारे में इस शाखा की पट्टावली तथा प्रशस्तियों में नामोल्लेख के अलावा अन्य कोई जानकारी नहीं मिलती। खरतरगच्छीय बड़ा जिनालय, तुलापट्टी, कलकत्ता में संरक्षित धातु की एक जिनप्रतिमा पर वि०सं० १७८४ फाल्गुन सुदि ५ का एक लेख उत्कीर्ण है। मुनि कांतिसागर जी ने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

संवत् १७८४ वर्षे फाल्गुन सुदि ५ रवौ स्तम्भतीर्थवास्तव्य: अकेशवंछो (उपकेशवंशीय) संघवी जवराजीसुतासंघवी मंगल जी भा संघ बहुतयो श्री स्वयंप्रभ जिनबिम्बं कारितम् मोक्षमानाय तपागच्छ.....भ.....सौभाग्यसागरसूरिभि:।।

जैनधातुप्रतिमालेख, भाग १, लेखांक ३२६.

उक्त प्रतिमालेख में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में उल्लिखित तपागच्छीय सौभाग्यसागरसूरि को संविग्नपक्षीय ज्ञानविमलसूरि के पट्टधर सौभाग्यसागरसूरि से समसामयिकता, नामसाम्य और गच्छसाम्य आदि बातों को देखते हुए अभिन्न माना जा सकता है।

सौभाग्यसागरसूरि के पश्चात् सुमतिसागरसूरि ने विमलशाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया। इनके समय में ऋषिविमल के शिष्य लक्ष्मीविमल (बाद में विबुधविमलसूरि) ने वि०सं० १७८० में **वीसी**[१३] की रचना की। यह बात इस कृति की प्रशस्ति से ज्ञात होती है:

आकाश (वसु) सागर विधुवर्षे, विजयदशमी जाण रे,
गुरु वासर अति मनोहर, वीसी चढी परमाण रे।

ऊपर हम देख चुके हैं कि वि०सं० १७८२ में शाखा प्रवर्तक ज्ञानविमलसूरि का निधन हुआ था। वि०सं० १७८४ में उनके पट्टधर सौभाग्यसागरसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमा प्राप्त हुई है अत: सौभाग्यसागरसूरि के पश्चात् ही सुमतिसागरसूरि ने विमलशाखा का नायकत्त्व ग्रहण किया होगा। यदि पूर्वोक्त **वीसी** की सूचना को प्रामाणिक मानें तो ऐसी स्थिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में यह स्वीकार करना होगा कि वि०सं० १७८० में ज्ञानविमलसूरि की विद्यमानता में ही उनके पट्टधर सौभाग्यसागरसूरि ने भी अपना पट्टधर नियुक्त कर दिया होगा और ऐसा होना नितान्त अस्वाभाविक नहीं लगता।

सौभाग्यसागरसूरि और उनके पट्टधर सुमतिसागरसूरि के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था? वे परस्पर गुरुभ्राता थे अथवा गुरु-शिष्य, प्रमाणों के अभाव में इस बात का निर्णय कर पाना कठिन है। **पट्टावली** की सूचना के अनुसार वि०सं० १७८८/ई०स० १७३२ में सुमतिसागरसूरि का निधन हो चुका था।[१४] इस प्रकार मात्र ६ वर्षों के भीतर ही इस शाखा के तीन पट्टधर आचार्य ज्ञानविमलसूरि-सौभाग्यसागरसूरि-सुमतिसागरसूरि दिवंगत हो गये।

सुमतिसागरसूरि के पट्टधर लक्ष्मीविमल अपरनाम विबुधविमलसूरि हुए। वि०सं० १८२० में रचे गये **विबुधविमलसूरिरास**[१५] से इनके बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। प्राप्त विवरणानुसार विबुधविमलसूरि का आचार्य पद प्राप्ति से पूर्व नाम लक्ष्मीविमल था और वे आनन्दविमलसूरि के शिष्य हर्षविमल की परम्परा में हुए ऋद्धिविमल के प्रशिष्य और कीर्तिविमल के शिष्य थे। उक्त रास के अनुसार सीतपुर नामक स्थान में इनका जन्म हुआ था, वि०सं० १७८८ में सुमतिसागरसूरि से इन्होंने शंखेश्वर महातीर्थ में आचार्य पद प्राप्त किया। इनका निधन वि०सं० १८१४ में औरंगाबाद नामक स्थान पर हुआ।[१६] इनके द्वारा रचित **वीसी**[१७] (रचनाकाल वि०सं०-१७८०) का ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। वि०सं० १८१३ में रचित **सम्यकत्त्वबालावबोधरास**[१८] भी इन्हीं की कृति मानी जाती है। इसकी प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि वि०सं० १८१३ में इन्होंने अपने शिष्य महिमाविमल को औरंगाबाद में सूरि पद प्रदान कर दिया था।

महिमाविमलसूरि के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती। वि०सं० १८२०/ई०स०१७६४ में रचित **विबुधविमलसूरिरास** जिसका ऊपर उल्लेख आ चुका है, इन्हीं के काल में रचा गया था।[१९] चिन्तामणिपार्श्वनाथ जिनालय, शकोपुरा, खंभात में इनकी चरणपादुका स्थापित है, जिस पर वि०सं० १८४८ माघ सुदि १० गुरुवार का लेख उत्कीर्ण है। बुद्धिसागरसूरि[२०] ने इस लेख की वाचना निम्नानुसार दी है :

संवत् १८४८ वर्षे माहसुदि १० गुरौ भट्टारकश्री १०८ श्रीज्ञानविमलसूरि तत्पट्टे श्रीलक्ष्मीविमलसूरि तत्पट्टे श्रीमहिमाविमलसूरिचरणपादुका कारापिता खंभायतनगरे।।

उक्त लेख से यह स्पष्ट हो जाता है कि वि०सं० १८४८ के पूर्व महिमाविमलसूरि का निधन हो चुका था। इनके पश्चात् विमलशाखा के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं मिलती, इससे यही प्रतीत होता है कि महिमाविमलसूरि के निधन के साथ ही इस शाखा का अस्तित्त्व भी समाप्त हो गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदर्भ

१. पंन्यास मुक्तिविमलगणि, संग्राहक-संशोधक, **प्राचीनस्तवनरत्नसंग्रह**, भाग १, श्रीदयाविमल जैनग्रन्थमाला, अंक ५, प्रकाशक-श्रीश्रेष्ठी जमनाभाई भृगुभाई, मनसुखभाई की पोल, अहमदाबाद १९१७ ई०स०. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, भाग ४, द्वितीय संशोधित संस्करण पृष्ठ ३८२-४१८.

२. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ५, पृष्ठ ३०९-१०.

३. पंन्यास मुक्तिविमलगणि, पूर्वोक्त, भाग १, प्रस्तावना, पृष्ठ १७-२१.

४. मुनि जिनविजय, संपा०- **जैनऐतिहासिकगूर्जरकाव्यसंचय**, प्रवर्तक श्री कांतिविजयजी जैन ऐतिहासिक ग्रन्थमाला, पुष्प ६, भावनगर १९२६ ई०स०, पृष्ठ २२-३६, राससार, पृष्ठ १०-१४.

५-६. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ४, पृष्ठ ३८३-८५, भाग ९, पृष्ठ ८३-८४.

७. पंन्यास मुक्तिविमलगणि, पूर्वोक्त, भाग १, प्रस्तावना, पृष्ठ ११-१२.

८. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ४, पृष्ठ ३८३-८५.

९. वही, पृष्ठ ३९७-९८.

१०. पंन्यास मुक्तिविमलगणि, पूर्वोक्त, भाग १, प्रस्तावना, पृष्ठ ११-१२.

११-१२. वही, प्रस्तावना, पृष्ठ ५-६.
देसाई, पूर्वोक्त, भाग ९, पृष्ठ ९७.

१३. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ५, पृष्ठ ३०९-१०.

१४. वही, भाग ९, पृष्ठ ९७.

१५-१६. मुनि जिनविजय, संपा०- **जैनऐतिहासिकगूर्जरकाव्यसंचय**, पृष्ठ २२-२६.

१७-१८. देसाई, पूर्वोक्त, भाग ५, पृष्ठ ३०९-१०.

१९. मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, पृष्ठ २२-२६, राससार, पृष्ठ १०-१४.

२०. बुद्धिसागर, संपा०- **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ९१२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सहायक ग्रन्थ - सूची

अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह, संपा० - मुनि जयन्तविजय, प्रका०- श्रीदीपचंद बांठिया, मंत्री, श्री विजयधर्मसूरि ग्रन्थमाला, उज्जैन वि०सं० १९९४.

अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह, संपा०- मुनि जयन्तविजय, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं० २००५.

आनन्दकाव्यमहोदधि - भाग ६, संपा०- जीवनचन्द साकरचन्द झवेरी, प्रका०- श्री देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धारे, मुम्बई १९१९ई०.

आपणाकविओ, लेखक - केशवराम काशीराम शास्त्री, प्रका०- गुजरात विद्या सभा, अहमदाबाद १९७८ ई०.

आरासणातीर्थ अपरनाम **कुम्भारियाजीतीर्थ**, लेखक-मुनिश्री विशालविजयजी, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९६१ ई०.

उत्तर भारत में जैनधर्म (ई०पू० ८०० से ५२६ ई० तक), अंग्रेजी में लेखक - चिमनलाल जैसिंह शाह, हिन्दी अनुवादक, कस्तूरमल बांठिया, प्रका०- सेवा मंदिर, रावटी, जोधपुर १९९० ई०.

ऐतिहासिकरासंग्रह, भाग १-४, संपा०- विजयधर्मसूरि, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं० १९७२-७८.

ऐतिहासिकलेखसंग्रह, लेखक - पं० लालचन्द भगवानदास गांधी, प्रका०- सयाजीराव साहित्यमाला, बड़ोदरा १९६२ ई०.

कृपारसकोश, रचनाकार- शांतिचन्द्र उपा०, प्रका०- श्रीकांतिविजय इतिहासमाला, भावनगर वि०सं० १९७३.

गुरुगुणरत्नाकरकाव्य, संपा०- मुनि इन्द्रविजय, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, वाराणसी वीर सम्वत् २४३७.

गुजरातना सारस्वतो, लेखक- पं० केशवराम काशीराम शास्त्री, प्रका०- गुजरात साहित्य सभा, अहमदाबाद १९७७ ई०.

गुजरातनो राजकीय अने सांस्कृतिक इतिहास, भाग ४,५,६ संपा०-रसिकलाल छोटालाल परीख एवं हरिप्रसाद ग० शास्त्री, प्रका०- सेठ भोगीलाल जयसिंह भाई अध्ययन संशोधन विद्या भवन, अहमदाबाद १९७६-१९७९ ई०.

गुजरातीसाहित्यकोश, भाग-१, संपादक- जयंत कोठरी तथा जयंत गाडीत, प्रका०- गुजराती साहित्य परिषद, अहमदाबाद १९८९ ई०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुरुदेवश्रीमद्विजयराजेन्द्रसूरीश्वरजी: जीवन यात्रा, लेखक- श्री भगवान् सहाय वशिष्ठ, प्रका०- श्री राजेन्द्र प्रवचन कार्यालय, श्री मोहनखेड़ा तीर्थ, राजगढ़ (धार) मध्य प्रदेश १९९० ई०.

गुर्वावली, रचनाकार-मुनिसुन्दरसूरि; प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, वाराणसी वीर सम्वत् २४३७.

जगद्गुरुकाव्य, रचनाकार-पद्मसागर, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर.

जिनदत्तसूरिज्ञानभंडार, जैसलमेर के हस्तलिखित ग्रन्थों का सूचीपत्र, द्वितीय खण्ड, संकलनकर्ता - श्री जौहरीमल पारेख एवं अन्य, प्रका०- सेवा मंदिर, रावटी, जोधपुर १९८८ ई०.

जिनशासनश्रमणीरत्नो, संपा०- नन्दलाल देवलुक, प्रका०- अरिहन्त प्रकाशन, भावनगर १९९४ ई०.

जैनऐतिहासिकगूर्जरकाव्यसंचय, संपा०- मुनि जिनविजय, प्रका०- प्रवर्तक श्री कांतिविजय जैनऐतिहासिक ग्रन्थमाला, भावनगर १९२६ ई०.

जैनगुर्जरकविओ, भाग१-९, लेखक-श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई, संपा०-डॉ० जयन्त कोठारी, द्वितीय संशोधित संस्करण, प्रका०-महावीर जैन विद्यालय, मुम्बई १९८६-९७ ई०.

जैनतीर्थसर्वसंग्रह, भाग १, खंड १-२, भाग २, लेखक- पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, प्रका०- आनन्दजी कल्याणजी की पेढ़ी, अहमदाबाद १९५३ ई०.

जैनधातुप्रतिमालेख, संपा०- मुनि कांतिसागर, प्रका०-श्री जिनदत्तसूरि ज्ञान भंडार, सूरत १९५० ई०.

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग १-२, संपा०- बुद्धिसागरसूरि, प्रका०-श्री अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मंडल, पादरा १९२४ ई०.

जैनपरम्परानो इतिहास, भाग १-४, लेखक - त्रिपुटी महाराज, प्रका०- श्री चारित्र स्मारक ग्रन्थमाला, अहमदाबाद - भावनगर १९५२-८३ ई०.

जैनपुस्तकप्रशस्तिसंग्रह, संपा०- मुनि जिनविजय, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई १९४३ ई०.

जैनप्रतिभादर्शन, संपा०-नन्दलाल देवलुक, प्रका०-श्री अरिहन्त प्रकाशन, भावनगर २००० ई०.

जैनलेखसंग्रह, भाग १-३, संग्राहक-संपा०-श्री पूरनचन्द नाहर, कलकत्ता १९१८-१९२९ ई०.

जैनसंस्कृतसाहित्यनो इतिहास, भाग १-३, लेखक-हीरालाल रसिकलाल कापड़िया,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रका०- श्री मुक्तिकमलजैन मोहनमाला, बड़ोदरा १९७० ई०.

जैनसाहित्य का बृहद्इतिहास, भाग ३, लेखक - मोहनलाल मेहता, प्रका०- पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी १९६७ ई०.

जैनसाहित्य का बृहद्इतिहास, भाग ४, लेखक- मोहनलाल मेहता एवं हीरालाल रसिकलाल कापड़िया, प्रका०-पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी १९६८ ई०.

जैनसाहित्य का बृहद्इतिहास, भाग ५, लेखक- पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, प्रका०-पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी १९६९ ई०.

जैनसाहित्य का बृहद्इतिहास, भाग ६, लेखक- गुलाब चन्द्र चौधरी, प्रका०- पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी १९७३ ई०.

जैनसाहित्यनो संक्षिप्तइतिहास, लेखक- मोहनलाल दलीचन्द देसाई, प्रका०- श्वेताम्बर जैन कान्फ्रेन्स, मुम्बई १९३३ ई०.

जैनस्तोत्रसन्दोह, भाग १, संपा०- मुनि अमरविजय के शिष्य मुनि चतुरविजय, प्रका०-श्री साराभाई मणिलाल नवाब, प्राचीन (जैन) साहित्योद्धार ग्रन्थमाला, अहमदाबाद १९३२ ई०.

ज्ञानांजलि (मुनि पुण्यविजयजी अभिवादन ग्रन्थ), संपा०- भोगीलाल सांडेसरा तथा अन्य, प्रका०- श्री सागर गच्छ जैन उपाश्रय, बड़ोदरा १९६२ ई०.

तपागच्छवंशवृक्ष, लेखक- जयन्तीलाल छोटालाल शाह, प्रका०- जयन्तीलाल छोटालाल शाह, सातभाईनी हवेली, झवेरीवाड़, अहमदाबाद वीर सम्वत् २४६२.

त्रण प्राचीनगुजराती कृतिओ, संपादिका- शार्लोटे क्राउझे (कु० सुभद्रा देवी), प्रका०- गुजरात विद्या सभा, अहमदाबाद १९५१ ई०.

दिग्विजयमहाकाव्य, रचनाकार- मेघविजय गणि, संपा०- पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई १९४५ ई०.

देवानन्दाभ्युदयमहाकाव्य, रचनाकार- मेघविजय गणि, संपा०- पं० बेचरदास दोशी, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, अहमदाबाद- कलकत्ता १९३७ ई०.

नव्यपंचकर्मग्रन्थ: देवेन्द्रसूरि, संपा०- प्रवर्तक चतुरविजय, प्रका०- श्री आत्मानन्द जैन ग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं० १९९६/ ई०स० १९४०.

पट्टावलीपराग संग्रह, संपा०- मुनि कल्याणविजय गणि, प्रका०- श्रीकल्याणविजय शास्त्र संग्रह समिति, जालोर १९६६ ई०.

पट्टावलीसमुच्चय, प्रथम भाग, संपा०- मुनि दर्शनविजय, प्रका०- श्री चारित्र स्मारक ग्रन्थमाला, वीरमगाम १९३३ ई०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पट्टावलीसमुच्चय, द्वितीय भाग, संपा०- मुनि ज्ञानविजय (त्रिपुटी), प्रका०- श्री चारित्र स्मारक ग्रन्थमाला, अहमदाबाद १९५० ई०.

प्रतिष्ठालेखसंग्रह, संपा०- विनय सागर, प्रका०- सुमति सदन, कोटा १९५३ ई०.

प्राचीनजैनलेखसंग्रह, भाग २, संपा०- मुनि जिनविजय, प्रका०- श्री जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर १९२१ ई०.

प्राचीनतीर्थमालासंग्रह, संशोधक- विजयधर्मसूरि, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं० १९७८.

प्राचीनलेखसंग्रह: संपा०- मुनि विद्याविजय, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९२९ ई०.

प्राचीनस्तवनरत्नसंग्रह, भाग १-२, संशोधक- पंन्यास मुक्ति विमलगणि, प्रका०- श्रेष्ठिवर्य जमनाभाई भगुभाई, अहमदाबाद १९१७-२४ ई०.

बीकानेरजैनलेखसंग्रह, संग्रा०- संपा०- अगरचन्द भँवरलाल नाहटा, प्रका०- नाहटा ब्रदर्स, कलकत्ता १९५५ ई०.

भानुचन्द्रगणिचरित, रचनाकार- सिद्धिचन्द्रगणि, संपा०- मोहनलाल दलीचंद देसाई, सिंधी जैन ग्रन्थमाला, अहमदाबाद-कलकत्ता १९४१ ई०.

महामात्य वस्तुपाल का साहित्यमंडल और संस्कृत साहित्य में उसकी देन, लेखक- भोगीलाल ज० सांडेसरा, प्रका०- जैन संस्कृति संशोधन मंडल, वाराणसी १९५९ ई०.

महावीरजैनविद्यालय रौप्यमहोत्सव अंक, संपा०- मोतीचंद गिरधरदास कापड़िया तथा अन्य, प्रका०- महावीर जैन विद्यालय, मुम्बई १९५१ ई०.

महावीरजैनविद्यालय सुवर्णमहोत्सव अंक, भाग १-२, संपा०- आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये तथा अन्य, प्रका०- महावीर जैन विद्यालय, मुम्बई १९६८ ई०.

मालवांचल के जैन लेख, संग्रा०- श्री नन्दलाल लोढ़ा, प्रका०- कावेरी शोध संस्थान, उज्जैन १९९५ ई०.

मन्त्राधिराजचिन्तामणि- अनेक जैनचार्यविरचित **जैनस्तोत्रसन्दोह**, भाग २, प्रका०- श्रीसाराभाई मणिलाल नवाब, अहमदाबाद १९३६ ई०.

मुगल सम्राटों की धार्मिक नीति पर जैन सन्तों का प्रभाव, लेखिका - कु० नीना जैन, प्रका०-श्री काशीनाथ सराक, श्री विजय धर्म सूरि समाधि मंदिर, शिवपुरी १९९१ ई०

यतीन्द्रसूरिअभिनन्दनग्रन्थ, संपा०- पं० लालचन्द भगवानदास गांधी तथा अन्य, प्रका०- श्री सौधर्मबृहत्तपागच्छीय संघ, फालना १९५८ ई०.

राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह, संपा०- मुनि विशालविजय, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९६० ई०.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लींबडीजैनज्ञानभंडारनी हस्तलिखितप्रतिओनुं सूचीपत्र, संपा०- प्रवर्तक कांतिविजय के शिष्य चतुरविजय, प्रका०- आगमोदय समिति, मुम्बई १९२८ ई०.

विजयप्रशस्तिकाव्य, रचनाकार- हेमविजयगणि, संशोधक- पं० हरगोविन्ददास बेचरदास, प्रका०- यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, वाराणसी वि०सं० २४३७.

विजयवल्लभसूरिस्मारकग्रन्थ, संपा०- भोगीलाल सांडेसरा तथा अन्य, प्रका०- महावीर जैन विद्यालय, मुम्बई १९५६ ई०.

विज्ञप्तिलेखसंग्रह, संपा०- मुनि जिनविजय, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई १९६० ई०.

विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह, संपा०- मुनि जिनविजय, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई १९६१ ई०.

श्रीप्रतिमालेखसंग्रह, संपा०- दौलतसिंह लोढ़ा, प्रका०- यतीन्द्र साहित्य सदन, धामणिया १९५५ ई०.

श्रीप्रशस्तिसंग्रह, संपा०- अमृतलाल मगनलाल शाह, प्रका०- श्री देशविरति धर्माराजक समाज, अहमदाबाद वि०सं० १९९३.

श्रीस्वर्णगिरिजालोर, लेखक- श्री भँवरलाल नाहटा, प्रका०- प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर एवं बी० जे० फाउण्डेशन, कलकत्ता १९९५ ई०.

शत्रुंजयगिरिराजदर्शन, मुनि कंचनसागर, प्रका०- श्री आगमोद्धारक ग्रन्थमाला, कपडवज १९८२ ई०.

शत्रुंजयवैभव, संपा०-मुनि कान्तिसागर, प्रका०- कुशल संस्थान, जयपुर १९९० ई०.

शत्रुंजयोद्धारप्रबन्ध, रचनाकार- विवेकधीर गणि, संपा०- मुनि जिनविजय, प्रका०- जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर वि०सं० १९७३.

शासनप्रभावकश्रमणभगवंतो, भाग १-२, सम्पादक- श्री नन्दलाल देवलुक, प्रका०- श्री अरिहन्त प्रकाशन, भावनगर १९९२ ई०.

समग्रजैनचातुर्मासिसूची, वर्ष १९९७-२०००, संपा०- श्री बाबूलाल जैन 'उज्जवल', मुम्बई १९९७-२०००.

सूरीश्वर अने सम्राट, लेखक- मुनि विद्याविजय, हिन्दी अनुवाद-कृष्ण लाल वर्मा, प्रका०- विजयधर्म लक्ष्मी ज्ञान मंदिर, आगरा वि०सं० १९८०.

हिन्दीजैनसाहित्य का बृहद्इतिहास, लेखक-शितिकंठ मिश्र, भाग १-४, प्रका०- पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी १९८७- ९८ ई०.

हीरसौभाग्यकाव्य, रचनाकार-देवविमलगणि, प्रका०- काव्यमाला सिरीज, निर्णयसागर प्रेस, मुम्बई वि०सं० १९००. पुनर्मुद्रण, कालन्द्री (राजस्थान) वि०सं० २०४१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Aspects of Early Jainism, by Jai Prakash Singh, Banaras Hindu University, Varanasi- 1972 A.D.

Aspects of Jainology, Vol. II, *Pt. BecharDas Dosi Commemoration Volume*, Editors. Prof. M.A. Dhaky & S.M. Jain, P.V. Research Institute, Varanasi 1989 A.D.

Aspects of Jainology, Vol. III, *Pt. Dalsukha Bhai Malvania Felicitation Volume*, Editors : Prof. M.A. Dhaky & S.M. Jain, P.V. Research Institute, Varanasi 1991 A.D.

Aspects of Jainology,Vol. V, *Shri Svetambar Sthanakavasi Jaina Heraka Jayanti Seminar Volume*, Editors. Prof. S.M.Jain and Dr. Ashok Kumar Singh, Varanasi 1994 A.D.

Aspects of Jainology, Vol. 7, Bhupendra Natha Jain, Felicitation Volume, Ed. Prof. S.M.Jain & Others, Parshwanatha Vidyapitha, Varanasi 1998 A.D.

A Descripts Catalogue of Manuscripts in the Jaina Bhandaras at Pattan, Vol. 1, Ed. C.D. Dalal, G.O.S. No. LXXVI, Baroda 1937 A.D.

Ancient Jains Hymns, Ed. Charlote Krause, Scindia Oriental Series, No. 2, Ujjain 1952 A.D.

Cátalogue of Gujarati Mss : Muni Shree PunyaVijayJi's Collection, Ed. Vidhatri Vora, L.D. Series No. 71, Ahmedabad 1978 A.D.

Catalogue of Palm-Leaf Mss in the Shanti Natha Jaina Bhandar Cambay, Part I, II, Ed. Muni Shree Punya VijayaJi, G.O.S. No. 139, 149, Baroda 1962-66 A.D.

Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss : Muni Shree Punya VijayaJi's Collection, Part I-III; *Acarya Vijayadeva Suris and Acarya KhantiSurie's Collection*, Part IV, Ed. - A.P. Shah, Ahmedabad 1963-68 A.D.

Descriptive Catalogue of Government Collections of Manuscripts deposited at the Bhandarkar Oriental Research Institute, Vol. XVII

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

- XIX, Ed. H.R. Kapadia, Poona 1935-1977 A.D.
Detailed (First) report of Operations in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle, April 1882 to March 1883, Ed. P.Peterson, Bombay, 1883.
Second report of Operations in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle , April 1883 to March 1884, Ed. P.Peterson, Bombay, 1884.
Third report of Operations in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle, April 1884 to March 1886, Ed. P.Peterson, London, 1886.
Fourth report of Operations in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle, April 1886 to March 1892, Ed. P.Peterson, London, 1894.
Fifth report of Operations in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle, April 1892 to March 1895, Ed. P.Peterson, Bombay, 1896.
Sixth report of Operations in search of Sanskrit Mss in Bombay Circle, April 1895 to March 1898, Ed. P.Peterson, Bombay, 1899.
History of Jaina Monachism, By S.B.Deo. Published by Decan College Postgraduate and Research Institute, Poona 1956 A.D.
Political History of Northern India from Jaina Sources (C. 650 A.D. to 1300 A.D.) by G.C. Chaudhari, Sohan Lal Jaina Dharma Prasarak Samiti, Amritsar, 1963 A.D.
New Catalogue of Prakrit & Sanskrit, Mss: Jesalmer Collection, Ed. Muni Punya Vijaya, L.D. Series No. 36, Ahmedabad,1972 A.D.
The Jain Inscriptions of Ahmedabad, Ed., Praveenchandra, C. Parikh and Bharti Shelat, Publisher - B.J. Institute of Learning and Research, Ahmedabad, 1997 A.D.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पत्र-पत्रिकायें

जैनसत्यप्रकाश	-	अहमदाबाद,
जैनसाहित्यसंशोधक	-	पूना
तुलसीप्रज्ञा	-	लाडनूं
निर्ग्रन्थ	-	अहमदाबाद,
पांचाल	-	कानपुर
श्रमण	-	वाराणसी
संस्कृतिसन्धान	-	वाराणसी,
शोधादर्श	-	लखनऊ
सम्बोधि	-	अहमदाबाद
सामीप्य	-	अहमदाबाद
स्वाध्याय	-	बड़ोदरा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेखक-परिचय



डॉ. शिवप्रसाद

जन्म : 6 मार्च 1957

जन्मस्थान : वाराणसी

शिक्षा : एम.ए. (प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व), पी-एच्.डी. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय.

पद : पूर्व रिसर्च एसोसिएट, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय.
प्रवक्ता,
पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी.

सम्पादक : श्रमण

लेखन :
जैन तीर्थों का ऐतिहासिक अध्ययन (शोधप्रबन्ध), प्रकाशित.
अचलगच्छ का इतिहास, प्रकाशित.

प्रकाशित शोध-निबन्ध : 60

प्रो. सागरमल जैन, प्रो. एम.ए. ढांकी, साहित्य महारथी श्री भंवरलालजी नाहटा, महोपाध्याय विनयसागर आदि के सान्निध्य में विभिन्न श्वेताम्बर गच्छों के इतिहास का लेखन कार्य.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Our Important Publications

1.	Studies in Jaina Philosophy	Dr. Nathamal Tatia	100.00
2.	Jaina Temples of Western India	Dr. Harihar Singh	200.00
3.	Jaina Epistemology	Dr. I.C. Shastri	150.00
4.	Concept of Pañcaśīla in Indian Thought	Dr. Kamla Jain	50.00
5.	Concept of Matter in Jaina Philosophy	Dr. J.C. Sikdar	150.00
6.	Jaina Theory of Reality	Dr. J.C. Sikdar	150.00
7.	Jaina Perspective in Philosophy & Religion	Dr. Ramji Singh	100.00
8.	Aspects of Jainology (Complete Set : Vols. 1 to 7)		2200.00
9.	An Introduction to Jaina Sādhanā	Prof. Sagarmal Jain	40.00
10.	Pearls of Jiana Wisdom	Dulichand Jain	120.00
11.	Scientific Contents in Prakrit Canons	Dr. N.L. Jain	300.00
12.	The Heritage of the Last Arhat : Mahāvīra	Dr. C. Krause	20.00
13.	The Path of Arhat	T.U. Mehta	100.00
14.	Multi-Dimensional Application of Anekāntavāda	Ed. Prof. S.M. Jain & Dr. S.P. Pandey	500.00
15.	The World of Non-living	Dr. N.L. Jain	400.00
16.	अष्टकप्रकरण	अनु.-डॉ.अशोक कुमार सिंह	200.00
17.	जैन साहित्य का बृहद् इतिहास (सम्पूर्ण सेट सात खण्ड)		630.00
18.	हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास (सम्पूर्ण सेट चार खण्ड)		760.00
19.	जैन प्रतिमा विज्ञान	डॉ. मारुतिनन्दन तिवारी	150.00
20.	महावीर और उनके दशधर्म	प्रो. भागचन्द्र जैन	80.00
21.	वज्जालग्गं (हिन्दी अनुवाद सहित)	पं. विश्वनाथ पाठक	80.00
22.	प्राकृत हिन्दी कोश	सम्पा.-डॉ. के.आर. चन्द्र	400.00
23.	जैन धर्म और तान्त्रिक साधना	प्रो. सागरमल जैन	350.00
24.	गाथा सप्तशती (हिन्दी अनुवाद सहित)	पं. विश्वनाथ पाठक	60.00
25.	सागर जैन-विद्या भारती (तीन खण्ड)	प्रो. सागरमल जैन	300.00
26.	गुणस्थान सिद्धान्त : एक विश्लेषण	प्रो. सागरमल जैन	60.00
27.	भारतीय जीवन मूल्य	प्रो. सुरेन्द्र वर्मा	75.00
28.	नलविलासनाटकम्	सम्पा.- डॉ. सुरेशचन्द्र पाण्डे	60.00
29.	अनेकान्तवाद और पाश्चात्य व्यावहारिकतावाद	डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह	150.00
30.	दशाश्रुतस्कन्धनिर्युक्ति : एक अध्ययन	डॉ. अशोक कुमार सिंह	125.00
31.	पञ्चाशक-प्रकरणम् (हिन्दी अनुवाद सहित)	अनु.- डॉ. दीनानाथ शर्मा	250.00
32.	सिद्धसेन दिवाकर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व	डॉ. श्रीप्रकाश पाण्डेय	100.00
33.	जैनधर्म की प्रमुख साध्वियाँ एवं महिलाएँ	हीराबाई बोरदिया	50.00
34.	मध्यकालीन राजस्थान में जैन धर्म	डॉ. (श्रीमती) राजेश जैन	160.00
35.	भारत की जैन गुफाएँ	डॉ. हरिहर सिंह	150.00
36.	महावीर की निर्वाणभूमि पावा : एक विमर्श	भगवतीप्रसाद खेतान	65.00
37.	मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन	डॉ. फूलचन्द जैन	80.00
38.	जैन तीर्थों का ऐतिहासिक अध्ययन	डॉ. शिवप्रसाद	100.00
39.	बौद्ध प्रमाण-मीमांसा की जैन दृष्टि से समीक्षा	डॉ. धर्मचन्द्र जैन	200.00
40.	अचलगच्छ का इतिहास	डॉ. शिवप्रसाद	300.00

Pārśwanātha Vidyāpiṭha, Varanasi-221005 INDIA